सूर्योदय : 6:22
सूर्यास्त : 6:11
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-260 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026
22 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज



■ मतदान के दौरान सदन में मौजूद नहीं थे लोकसभा अध्यक्ष
■ विपक्ष ने की शाह के खिलाफ नारेबाजी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाया गया विपक्ष का प्रस्ताव चर्चा के बाद ध्वनिमत से खारिज हो गया। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद द्वारा पेश किये गए संकल्प पर 12 घंटे से अधिक समय की चर्चा हुई। सरकार की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद, पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इसे मतदान के लिए सदन के समक्ष रखा। सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, ध्वनिमत से संकल्प को अस्वीकृत कर दिया।

संकल्प पर चर्चा और मतदान के दौरान ओम बिरला सदन में उपस्थित नहीं थे। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ संकल्प लाने को लेकर विपक्ष पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की निष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं, जो बहुत अफसोसजनक है। उन्होंने सदन में विपक्ष के संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि किसी को भी नियम के विपरीत बोलने का अधिकार नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के एक शब्द को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया और उनसे माफी की मांग की।

## शाह ने संसदीय मर्यादाओं का दिया हवाला

इससे पहले विपक्ष के संकल्प प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि इस सदन के स्थापित इतिहास के अनुसार, इसकी कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर संचालित होती है। अध्यक्ष एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, जो सत्ताधारी दल और विपक्ष, दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्ष सत्रों का संचालन किस प्रकार करें, इस संबंध में मार्गदर्शन के लिए इसी लोकसभा द्वारा विशिष्ट नियम बनाए गए हैं। यह सदन कोई बाजार नहीं है। सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इसके नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप ही अपनी बात रखें और चर्चा में भाग लें। इस दौरान शाह ने जब राहुल गांधी की सदन में अहम मौके पर गैरमौजूदगी का सवाल उठाया तो विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्यों ने 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे भी लगाए।

## अमित शाह ने संसद में राहुल गांधी की अटेंडेंस पर उठाया सवाल



■ जब बोलने का मौका होता है तब विदेश चले जाते हैं

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में राहुल गांधी की गैरमौजूदगी पर निशाना साधा। अमित शाह ने राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी का बड़ा नेता बताते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान वो जर्मनी यात्रा पर थे। जब जब संसद सत्र चलता है, विदेश यात्रा लग जाती है और फिर कहते हैं कि बोलने नहीं देते। जो व्यक्ति विदेश में है, कैसे बोलेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा नहीं है।

उन्होंने कहा कि 17वीं लोकसभा में गांधी की अटेंडेंस लगभग 51 परसेंट थी, जबकि नेशनल एवरेज लगभग 66-67 परसेंट है। शाह ने कहा कि 16वीं लोकसभा में गांधी की अटेंडेंस 52 परसेंट थी, जबकि हाउस का एवरेज लगभग 80 परसेंट था, और 15वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस लगभग 43 परसेंट थी, जबकि नेशनल एवरेज 76 परसेंट था। शाह ने इस दौरान राहुल के सदन में आंख मारने का भी जिक्र किया। लोकसभा में हंगामे के दौरान, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अमित शाह के भाषण को बीच में ही टोक दिया।

# पीएम मोदी का केरल को बड़ा तोहफा

■ दस हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल की अपनी यात्रा के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का बुधवार को उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस तटीय शहर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और रेल मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की परियोजनाओं की शुरुआत की।

पीएम मोदी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की एक पॉलीप्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला रखी, दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया (जिनमें से प्रत्येक की लागत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है) और रेल क्षेत्र में की गई 142 करोड़ रुपये की पहल राष्ट्र को समर्पित की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में संपर्क सुविधा बेहतर बनाने और टिकाऊ परिवहन को मजबूत करने के उद्देश्य से एक नयी रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

पीएम मोदी ने कहा कि यह इकाई लगभग चार लाख टन पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन करेगी और पैकेजिंग, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरण और कई अन्य उद्योगों के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारत आज एक विशाल विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति कर रहा है।

## अमृत भारत योजना के तहत तीन रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित तीन रेलवे स्टेशन - षोरणूर जंक्शन, कुट्टिपुरम रेलवे स्टेशन और चंगनाशेरी रेलवे स्टेशन - का भी उद्घाटन किया। करीब 52 करोड़ रुपये की कुल लागत से इन स्टेशनों को विकसित करते हुए इनका आधुनिकीकरण किया गया है। अपने भाषण की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र का विस्तार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोच्चि रिफाइनरी में पॉलीप्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला रखने के पीछे यही सोच है।




# गैस, पेट्रोल-डीजल पर अफवाह को लेकर सीएम योगी सख्त

■ कालाबाजारी को लेकर निर्देश, पूरे प्रदेश में छापेमारी

**लखनऊ।** गैस, पेट्रोल और डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों और संभावित कालाबाजारी को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीमें प्रदेश भर में सक्रिय हो गई हैं। नोएडा से लेकर गोरखपुर तक जिलों में पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है।

कई स्थानों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की जमाखोरी या कालाबाजारी को रोका जा सके। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की सप्लाई सुचारु रूप से जारी रहे और कहीं भी कृत्रिम संकट पैदा न होने पाए। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है।

सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या कारोबारी जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी गई है और लगातार निरीक्षण अभियान जारी है।

## मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव



■ यूपी को इंजीनियरिंग का हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा

**लखनऊ।** नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी ने नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस केंद्र के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

# भाजपा के अच्छे दिनों का सिलिंडर खाली : अखिलेश

■ गैस संकट से निपटने में विफल रही सरकार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा के अच्छे दिनों का सिलिंडर खाली हो गया है। उन्होंने कालाबाजारी और पुरानी पासबुक के बहाने सिलिंडर न देने को अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने परिवारों को भुखमरी के कगार पर छोड़ दिया है। सरकार गैस संकट से निपटने में विफल रही है। साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और अन्य अवैध कारोबार का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और संसाधनों की लूट चरम पर है। उन्होंने दिल्ली और लखनऊ की सरकारों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध खनन को कोई नहीं देख पा रहा। भाजपा सरकार प्रदेश के संसाधनों को खुलेआम लूट रही है। अवैध खनन, दवाओं का अवैध व्यापार और वनों की कटाई जारी है।

उन्होंने जारी बयान में कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। भाजपा की दोहरे इंजन वाली सरकार के इंजन फेल हो गए हैं। आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलिंडर के लिए लंबी लाइनें हैं। कालाबाजारी चरम पर है और भाजपा सरकार झूठे वादे कर रही है।

# राणा की इच्छामृत्यु को सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

■ 13 साल से कोमा में है हरीश राणा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गाजियाबाद के एक युवक को जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर 'पैसिव यूथेनेशिया' (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जो न्यायालय के 2018 के 'कॉमन कॉज' निर्णय (जिसे 2023 में संशोधित किया गया था) पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई थी।

बता दें कि हरीश राणा (31 वर्षीय) एक इमारत से गिरने के बाद से पिछले 13 वर्षों से चेतना-शून्य अवस्था में हैं। मस्तिष्क की चोट के कारण सभी अंग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गए थे और वह 'परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट' की स्थिति में चले गए थे। मेडिकल रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 13 वर्षों में उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। वह केवल सर्जरी के माध्यम से लगाए गए पीईजी ट्यूबों द्वारा दिए जाने वाले चिकित्सकीय पोषण के सहारे जीवित हैं। पीठ ने पिता की ओर से दायर उन आवेदनों पर यह आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने अपने बेटे को लगाए गए सभी जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने की मांग की थी। इस मामले का सीएम योगी ने संज्ञान लिया था। इसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन को परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए।

## ट्रंप के पास मोदी का कोई 'राज', इसलिए अमरीका के दबाव में भारत : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास प्रधानमंत्री के बारे में कोई 'गुप्त जानकारी' है, जिसके कारण भारत कथित रूप से अमरीका के दबाव में काम कर रहा है। केजरीवाल ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति है तो प्रधानमंत्री को देश के हित में पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि उनके पास प्रधानमंत्री से जुड़ा कोई 'राज़' है। केजरीवाल ने कहा कि अगर यह सच है तो प्रधानमंत्री को पद की चिंता करने के बजाय देश को बचाने के लिए इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि देश में एलपीजी की कमी की स्थिति पैदा हो गई है और इसका कारण यह है कि भारत ने अमरीका और इज़रायल के पक्ष में ईरान के खिलाफ रुख अपनाया।

# भारत में इंटरनेट दूसरे देशों से सस्ता

■ लोकसभा में बोले अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि देश में किफायती दामों पर लोगों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और वर्तमान में 103 करोड़ लोगों तक इंटरनेट की कनेक्टीविटी है, जबकि 2014 में यह मात्र 25 करोड़ लोगों थी।

केंद्रीय इलेक्ट्रोनिकस एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में सरकार ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से डिजिटल इनक्लूजन के लिए तीन फ्रंट पर काम किया है। सबसे पहले इंटरनेट को सब तक पहुंच को बढाना, उसके दाम को कम करना और तीसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि जहां 2014 में मात्र 25 करोड लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे वहीं आज 103 करोड़ लोगों तक इसकी पहुंच है। आज भारत में इंटरनेट सबसे किफायती माना जाता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के लिए वैश्विक स्तर पर जो औसत टैरिफ लगता है उससे 25 गुना भारत में कम है। वैष्णव ने कहा कि एआई सम्मेलन के दौरान रोबोट को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ उस पर तुरंत कार्रवाई की गयी और उस विश्वविद्यालय के स्टाल को सम्मेलन स्थल से हटा दिया गया। केन्द्रीय मंत्री ने रेल मंत्रालय से संबंधित एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मुंबई में रेल आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

## गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया और आईबीएम जैसी कंपनियां निशाने पर

# ईरान ने दी अमरीका-इजरायल के बैंकों पर हमले की चेतावनी




**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमरीका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमरीकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है। ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध 'खतम अल-अंबिया' मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं।

ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें। इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमरीकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं।

ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के 'वैध सैन्य लक्ष्य' हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं। ईरान ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। खाड़ी देशों में पहले ही अमेज़न के डेटा सेंटरों और रिफाइनरियों पर छिटपुट हमलों की खबरें आ चुकी हैं।

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर सुरक्षित, राष्ट्रपति के बेटे ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

■ अंतरराष्ट्रीय मीडिया कर रहा था मोजतबा के घायल होने का दावा



**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ' हैं। पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रों, जिनके 'उच्च स्तर पर संपर्क' हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं।

इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में श्री मोजतबा घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था। हालांकि, राष्ट्रपति के परिवार की ओर से आए इस बयान के बाद अब उनके स्वास्थ्य को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त होने की उम्मीद है।

# 50 साल बाद अमरीका में बनेगी तेल रिफाइनरी ट्रंप बोले- रिलायंस इंडस्ट्रीज देगी साथ

■ रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अभी इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी




**वॉशिंगटन।** अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज़ समूह साझेदार होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, 'इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद।'

ट्रंप ने कहा, 'अमरीका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमरीका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील है – अमरीकी इतिहास की सबसे बड़ी, अमरीकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत।'

उन्होंने आगे कहा 'यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, जिसकी वजह से हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं।' उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी, इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाएगी और अरबों डॉलर की अर्थव्यवस्था पर असर डालेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रिफाइनरी दुनिया की सबसे साफ-सुथरी होगी। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अभी इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# सीडीओ ने बालिकाओं संग दिखाई हरीझंडी, 4,150 बच्चों तक पहुंचेगी 'ज्ञान का पिटारा' किट



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर बुनियादी शिक्षा को नया रंग और बच्चों की रचनात्मकता को पंख देने की पहल शुरू हो गई है। मंगलवार को विकास खंड नकहा के कंपोजिट विद्यालय धोबाहा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विंटर आर्ट किट वितरण एवं 'फ्लेग-ऑफ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर उत्साह और रंगों से भरे भविष्य की झलक साफ दिखाई दी। सीडीओ ने परिषदीय स्कूलों की बालिकाओं के साथ वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की और बच्चों को किट सौंपते हुए कहा कि शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर कला और पर्यावरण से जोड़ना समय की मांग है।उन्होंने बताया कि एजुकेट गर्ल्स संस्था इस अभियान के तहत जिले के 83 परिषदीय विद्यालयों के 4150 छात्र-छात्राओं को लर्निंग किट उपलब्ध कराई जाएंगी। पहले चरण में कंपोजिट विद्यालय धोबाहा के 60 बच्चों को किट वितरित की गई सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संस्था का GKP++ (ज्ञान का पिटारा) मॉडल बच्चों के सीखने के तरीके को रोचक और प्रभावी बनाएगा। इससे न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी बल्कि विद्यालय से उनका जुड़ाव भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें शासन के निपुण भारत जैसे लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाती हैं कार्यक्रम में सीडीओ ने बच्चों से जीवन कौशल पर संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं बीईओ शत्रुघ्न सरोज, प्रधानाध्यापक जगदीश कुमार और शिक्षकों बृजेंद्र वर्मा, कुसुमलता व ज्योति ने इस पहल को विद्यालय के लिए नई ऊर्जा बताया सीडीओ ने छात्रा सृष्टि और लक्ष्मी के साथ विंटर कैंप वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत किया। इस मौके पर एजुकेट गर्ल्स टीम से इंद्रदेव तिवारी, अंकित दीक्षित, प्रमोद कुमार, हरदीप सिंह, अमित कुमार सिंह और विपिन कुमार मौजूद रहे। सीडीओ ने पूरी टीम को ग्रामीण शिक्षा के लिए उनके समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।

## डीजल पेट्रोल के साथ साथ एलपीजी की किल्लत होनी शुरू

### होटल, ढाबा और रेस्तरां संचालकों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित

**लखीमपुर-खीरी।** ईरान-इजाराइल अमेरिका के बीच चल रहे भीषण युद्ध का प्रभाव अब भारत देश पर भी पड़ना शुरू हो गया है, धीरे धीरे सभी शहरों में डीजल पेट्रोल के साथ साथ एलपीजी की किल्लत होनी शुरू हो गई है, जहां पेट्रोल पम्पों पर डीजल पेट्रोल भरवाने के लिए ग्राहकों की भीड़ है। वहीं उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए सरकार द्वारा जारी किये गए नए नियमों के कारण समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू सिलेंडर के लिए भी मामार है। हालात यह हैं कि क्षेत्र में बिना बुकिंग के किसी भी कीमत पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों के सामने खाना बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है घरेलू गैस के साथ साथ व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत बाजार में देखने को मिल रही है। सरकार ने अभी हाल में ही जारी किये गए नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया है कि सरकार पहले घरेलू सिलेंडर कि आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उसके बाद व्यवसायिक आपूर्ति पर विचार करेंगी। ऐसे में व्यवसायिक सिलेंडरों की सप्लाई भी डिपो से बंद हो गई है। इसके चलते होटल, ढाबा और रेस्तरां संचालकों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। होटल और रेस्तरां संचालकों का कहना है कि गैस न मिलने के कारण उन्हें सीमित मात्रा में ही भोजन बनाना पड़ रहा है, जिससे ग्राहकों को भी दिक्कत हो रही है। कई स्थानों पर होटल संचालक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में लकड़ी या अन्य ईंधन का सहारा लेने को मजबूर हैं।गैस वाहन आते ही लग रहीं लंबी कतारें-बताया जा रहा है कि स्थानीय गैस एजेंसियों के पास घरेलू सिलेंडरों का स्टॉक तो है, लेकिन डिपो से पहले के अनुरूप अब युद्ध के कारण सिर्फ उतनी ही सप्लाई मिल पा रही है जितने उपभोक्ताओं की पासबुक अपडेट हैं। आपको बतादें कि अभी तक रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग होने के बाद एलपीजी सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जाते थे लेकिन अब सरकार द्वारा गैस की बुकिंग दस दिन की बजाय 25 दिन पर कर दी गई। साथ ही बिना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मिलने वाली ओटीपी के सिलेंडर की डिलीवरी पर रोंक लगा दी गई है, ऐसे में अधिकतर उपभोक्ताओं की केवाइसी या रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर सक्रिय न होने के कारण गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है।

# 14 और 15 मार्च को दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 16 परीक्षा केंद्रों पर 14 और 15 मार्च को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा दो-दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली 10 बजे से मध्यान्ह 12 तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 03 से शाम 05 बजे तक होगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 4800 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं,उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी तथा नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का परीक्षा डियूटी में नामित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा अक्षरशः अनुपालन करेंगे। एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। एएसपी पवन गौतम ने परीक्षा के संबंध में जरूरी जानकारी देकर उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विस्तार से कार्य दायित्व समझाएं। उन्होंने परीक्षा के सभी कायदे कानून को रेखांकित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी पुलिस, जनपदीय कंट्रोल रूम प्रभारी एवं कार्यदाई संस्थाओ के जिला स्तरीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रसोई गैस को लेकर न रखें भ्रम, पर्याप्त स्टॉक उपलब्धः डीएसओ

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** वर्तमान में रसोई गैस को लेकर लोगों के मन में उत्पन्न हुई असमंजस की स्थिति को दूर करने के उद्देश्य से जिला अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में रसोई गैस सिलेंडरों को लेकर आमजनमानस में भ्रम की स्थिति देखी जा रही है।इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर डिजिटल माध्यम से गैस बुक कर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने गैस कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराई है, वे संबंधित तेल कंपनी के मोबाइल ऐप अथवा अपनी गैस एजेंसी पर संपर्क कर तत्काल ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सभी गैस एजेंसियों पर केवाईसी एवं ऑनलाइन बुकिंग हेतु हेल्प डेस्क भी खोले जा रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता एक रिफिल प्राप्त करने के 25 दिन बाद अगली रिफिल के लिए बुकिंग करा सकते हैं। घरेलू गैस बुकिंग अथवा रिफिल प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता विक्रय अधिकारी इंडेन गैस (9911612079), विक्रय अधिकारी भारत गैस (9818016444), विक्रय अधिकारी एचपी गैस (8655436282) तथा जिला पूर्ति कार्यालय (9026775250) पर संपर्क कर सकते हैं।

# कवायदगी और अदायगी के साथ मुकम्मल हुआ कुरान पाक

## नम आंखों से दुआ के लिए उठे सैकड़ो हाथ

*अवधनामा संवाददाता*





**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा रघु ग्रैंड मस्जिद में 20 दिन और 21वीं शब में कुरान पाक मुकम्मल किया गया। जिसको मुक्ति अरशद कासमी ने पढ़ा मस्जिद के मौज़्ज़नि मुफ्ती शारीक साहब ने सुना। मस्जिद में लगभग 200 नमाजियों ने कुरान पाक को तसल्लीबख्श सुना। कुरान पाक के मुकम्मल होने पर मुफ्ती अरशद साहब ने कुरान पाक की फजीलत और उसके आदाब बताए, उन्होंने कहा कि कुरान पाक इस मुबारक महीने में नाजिल हुआ था इसलिए हमें चाहिए इसको कवायदगी के साथ पढ़े और इस पर अमल कर इसके मुताबिक जिंदगी जिए। खाली पढ़ने ही कुरान को हमारा मकसद नहीं बल्कि इसको समझना और समझ कर इसके मुताबिक जिंदगी जीना ही असल हमारी जिंदगी का मकसद होनाचाहिए। कुरान पाक पढ़ और सुनने वालों ने इसको सुन सुनने में हजारों गलती को तैयार हुई होगी जैसे इसके आदाब थे आदर नहीं कर सके हम अल्लाह हम सबको माफ करें और इसको अपने बारगाह इलाही में कुबूल फरमाए। मुबारक मौके पर मस्जिद की कमेटी और दीगर हजरत की जानिब से नमाजियों के लिए मीठे का इंतजाम किया गया। वही इस मौके पर मुफ्ती साहब के साथ-साथ सभी नमाजियों ने आंखों को नमकर मुल्क की चैन, सुकून अमनो वा अमान और तरक्की के लिए दुआएं की।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुने महिलाओं से संबंधित मामले

(अवधनामा संवाददाता)

**बदायूं।** राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं से संबंधित मामलों को सुना गया।इस दौरान उनके द्वारा संबंधितों को,प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा आदि से संबंधित मामलों सहित कुल 14 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सदस्या अवनी सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को सहन न करें।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित कर महिलाओं से जुड़े प्रकरणों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाई। इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह तथा अन्य प्रकार के महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 नए मामलों की विस्तार से सुनवाई की गई। साथ ही पूर्व से आयोग के समक्ष विचाराधीन लंबित प्रकरणों पर भी प्रगति की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी व्यथा खुलकर रखी। उन्होंने पुलिस, पारिवारिक और सामाजिक उत्पीड़न संबंधी मामलों को विस्तार से बताया। श्रीमती सुजीता कुमारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

## निः शुल्क नेत्र शिविर का किया जा रहा है आयोजन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दिनांक 12/03/2026 को निःशुल्क नेत्र शिविर स्थान* श्रीमती ज्योति सर्वेश वर्मा सभासद ईदगाह की घर के पास पी के इंटर कॉलेज के पीछे लखीमपुर में सीतापुर आँख अस्पताल द्वारा निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन संदीप वर्मा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष /सदस्य जिला पंचायत खीरी द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखीमपुर द्वारा किया जाएगा व अतिथि के रूप में आकाश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सपा, अशोक वर्मा विधानसभा अध्यक्ष रियाजुला खान नगर अध्यक्ष सपा उपस्थिति रहेंगे।आप सभी नगरवासियों से अनुरोध है जिनको आँखो की दिक्कत है वह अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ में लेकर आए । निःशुल्क नेत्र शिविर का संयोजन यूथ डेवलपमेंट सोसाइटी लखीमपुर खीरी ने किया है।

## 15 मार्च तक समाप्त हो सकता है चीनी मिलों का पेराई सत्र

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले की तीन चीनी मिलों में गन्ना आपूर्ति कम हो रही है इससे इन चीनी मिलों का पेराई सत्र 15 मार्च तक समाप्त हो सकता है। बताया जाता है कि बाघ व तेंदुओं के डर से वन क्षेत्र के आसपास का गन्ना किसानों ने जल्दी काटा और आपूर्ति कर दी, इससे चीनी मिलों की अब गन्ना आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। अप्रैल महीने तक चलने वाली चीनी मिलें अब मार्च में ही बंद हो सकती है। इसमें भी तीन चीनी मिलें 15 मार्च तक पेराई सत्र समाप्त कर सकती हैं। चीनी मिलों ने बंदी का नोटिस जारी कर दिया हैजिले की तीन चीनी मिलों पलिया, गोला व खंभारखेड़ा मिल ने बंदी की नोटिसें जारी कर दी हैं। इनमें से दो चीनी मिलें 15 मार्च तक ही चलने की उम्मीद है। वहीं अन्य चीनी मिलें 31 मार्च तक चल सकती हैं। इसमें पलिया व खंभारखेड़ा की गन्ना आपूर्ति पिछले साल की अपेक्षा बढ़ी है जबकि गोला की घटी है। उधर अगर बाघ व तेंदुओं के असर की बात की जाए तो दुधवा बफर जोन की पलिया चीनी मिल, दक्षिण खीरी की गोला और शारदानगर रेंज में सबसे ज्यादा असर रहता है। बताया जाता है कि बाघ व तेंदुओं को लेकर जंगल से सटे खेतों का गन्ना किसानों ने जल्दी काट लिया जिससे खेत खाली होने के बाद दूसरी फसलें उगा सकें। इसका असर चीनी मिलों की नियमित आपूर्ति पर है। चीनी मिलों को क्षमता के अनुसार गन्ना की आपूर्ति चाहिए जबकि आपूर्ति लड़खड़ा रही है। इसको देखते हुए दो चीनी मिलों ने बंदी की नोटिस जारी कर दी है। उधर जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह का कहना है कि दो चीनी मिलों ने बंदी की नोटिस जारी की है। किसानों का पूरा गन्ना खरीदने के बाद ही चीनी मिलें बंद होंगी।

# जनगणना की तैयारियों में जुटा प्रशासन ,दिया गया प्रशिक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जनगणना को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को एक बैठक का आयोजन डीएम की अध्यक्षता में किया गया।इस दौरान एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन पर लखनऊ निदेशालय से आए जनगणना प्रभारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य की रूपरेखा, उनके दायित्वों तथा समन्वय प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों को सीएमएमएस पोर्टल तथा एचएलबीसी पोर्टल का तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

डीएम ने बताया कि आगामी जनगणना डिजिटल मोड में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि पहला चरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा,जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि इस बार पहली बार स्वजनगणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को जनगणना कार्य को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा तकनीकी प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## 15.50 लाख की विस्फोटक सामग्री को किया विनिष्ट

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत विभिन्न मुकदमों से सम्बन्धित माल पटाखे व विस्फोटक सामग्री आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार थाना गंगोह पुलिस ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के आदेशानुसार थाना गंगोह पर विभिन्न मुकदमों से संबंधित माल पटाखे 27 कार्टून गत्ता पेटी मे चटर-पटर बने व अध बने पटाखे मय उपकरण, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से सम्बन्धित 25 कट्टो मे बने व अध बने सुतली बम, 42 पैकेट विस्फोटक कैमिकल, 27 किलो एलुमिनियम पाउडर, 07 किलो सफेद विस्फोटक पदार्थ व अधबना सुतली बम के विनिष्टीकरण की कार्रवाई की।

# योजनाबद्ध तरीके से की गई थी राजेश की हत्या

## मामले में पुलिस ने तीन को भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना दातागंज क्षेत्र में विगत दिनों ट्रैक्टर से कुचलने के बाद गई,एक व्यक्ति की जान के मामले में पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

गौरतलब है कि विगत 8 मार्च को थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम छछऊ निवासी राजेश शर्मा 35 पुत्र सुरेश शर्मा की एक ट्रैक्टर की चपेट में आने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी।घटना के बाद मृतक की माता गंगा देवी की ओर से इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस घटना की विवेचना में जुटी हुई थी।पुलिस के अनुसार, विवेचना के दौरान बुधवार को थाना दातागंज पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि गिरफ्तार अभियुक्तों मोनू, शादाब तथा गोविंद सिंह द्वारा योजना के तहत हत्या करने के इरादे से मुकदमे की वादिनी के पुत्र राजेश कुमार शर्मा के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया था,जिसके बाद दौराने इलाज उसकी मृत्यु हो गई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस को घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद हुआ है।

# सपा सांसद ने संसद में उठाया जातीय जनगणना का मुद्दा



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय सांसद आदित्य यादव के भाई आजमगढ़ से वर्तमान(सपा)सांसद धर्मेंद्र यादव द्वारा संसद में जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया गया है।संसद में उनके द्वारा उठाए गए इस मुद्दे के बाद स्थानीय सपा समर्थकों द्वारा इसकी काफी सराहना की जा रही है।

संसद में बोलते हुए धर्मेंद्र यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना का निर्णय सामाजिक,वास्तविक तथा आर्थिक आंकड़ों के संकलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,किंतु अत्यंत आश्चर्य और चिंता का विषय है कि इसके पश्चात जारी अधिसूचना में पिछड़ा वर्ग से संबंधित कोई भी पृथक कॉलम शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जातिगत जनगणना में ही पिछड़ी जाति का स्पष्ट वर्गीकरण नहीं होगा तो इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही संदिग्ध हो जाता है,पिछड़ा वर्ग देश की सबसे बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और इनके सटीक आंकड़ों के बिना,न तो नीतियों का वैज्ञानिक निर्णय संभव है और न ही सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि यह स्थिति सामाजिक न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है।उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि तत्काल स्पष्टीकरण दें कि गजट सूचना में ओबीसी कॉलम को क्यों शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने इसे अविलंब संशोधित कर पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट कॉलम जोड़े जाने की मांग की है।

# उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक संपन्न

## परीक्षा को शान्ति एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराएं सम्पन्नः जिला मजिस्ट्रेट

## परीक्षा केंद्रों पर हो पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धताः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग-अलग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर उपस्थित सभी कार्मिक अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र जरूर प्रदर्शित करें। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 14 एवं 15 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित कराई जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने रेलवे, रोडवेज एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। साथ ही होटलो एवं धर्मशालाओं में भी ठहरने पर किसी को दिक्कत न हो। होटल, धर्मशाला सहित ई-रिक्शा की दरें भी निर्धारित की जाएं। उप निरीक्षक नागरिक सुरक्षा एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा जनपद में 25 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 से 05 बजे तक चार सत्रों में होगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें।

परीक्षा के दौरान सभी अधिकारी भ्रमणशील रहें। कोषागार से परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र को गाडी में पुलिस अभिरक्षा सहित प्रोटोकाल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ले जाया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्र के अंदर मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, वाच, चाबियां, ब्लूटूथ, डिजिटल पैन, हैल्थ बैण्ड आदि इलैक्ट्रानिक गैजेट्स पूर्ण प्रतिबंध होंगे। केवल पेन, प्रवेश पत्र एवं आईडी कार्ड के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट संतोष बहादुर सिंह, एसपी यातायात शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को आज न्यायिक अधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय देवेन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अम्बर रावत, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल त्यागी एवं बार एसोसिएशन के सचिव पालम राणा ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को रवाना किया। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाना है, जिसमें दोनो पक्षों की जीत होती है। निस्तारित वाद की कोई अपील नही होती तथा अदा की गयी कोर्टफीस वापिस हो जाती है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बने और अधिक से अधिक वाद निस्तारित करायें। पूर्ण कालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रचार वैन सहारनपुर के सभी गांवों तहसीलों, पंचायतों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में 11 से 12 मार्च तक आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में एवं विभिन्न कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करेगी। इस जागरूकता व प्रचार प्रसार के कार्य में पीएलवी को नामित किया गया है।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता एवं डीएम की उपस्थिति में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**कमिश्नर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त नें जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन समय से वितरित कराएं एवं वितरण में तौल सही हो इसकी मॉनिटरिंग की जाये और गैस की कालाबाजारी को रोका जाये।

बैठक में मंडलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मिठाई, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर नियमित जांच कराये और मिलावटी खाद्य पदार्थ न विक्रय होने दें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं शहरी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण इलाके में समय पर पानी की सप्लाई की जाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि जर्जर तारों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और लोगों के घरों के ऊपर से जो बिजली के तार निकले हैं, उनको तत्काल हटवाया टाकर ज्यादा बिल आने की समस्या का तत्काल निस्तारण किया जाए साथ ही किसी भी हालत में विद्युत चोरी भी रोका जाए। मंडलायुक्त ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि सभी विद्यालयों का निरंतर निरीक्षण करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं उनको जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। नवीन कारागार का शेष कार्य जल्द पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य से संबंधित जितने प्रोजेक्ट पूरे होने वाले हैं उनको हर हालत में बरसात के पहले पूरा कराया जाए और बड़े प्रोजेक्ट में काम तेजी लाए साथ ही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की जाए।

बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायतों में जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी किए जाएं। त्योहारों को देखते हुए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सफाई कर्मियों की निगरानी की जाए इसके अतिरिक्त आउटसोर्स कर्मियों की तनख्वाह समय से दे और उनका शोषण न किया जाए। ग्रामीणों की छोटी छोटी समस्याओं का समय पर निस्तारण किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को समय पर पहुंचाएं। वरासत के मामले पेंडिंग न रहे साथ ही सभी उपजिलाधिकारी तहसील में बैठकर कार्य करें। बैठक में अवगत कराया गया कि 85 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी बन रही है। फार्मर रजिस्ट्री में 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंडलायुक्त महोदय नें कहा कि आईजीआरएस में लापरवाही न बरती जाए एवं जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

## युवक की हत्या को लेकर व्यापारियों में रोष, थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर।** विगत मंगलवार को सायंकाल थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्र अंतर्गत नादेपार में एक व्यापारी युवक की हत्या को लेकर जिले के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में बुधवार को उप्र उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष अजय कसौधन के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों व ग्रामीणों द्वारा जोगिया थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

बताते चलें कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे एक युवक द्वारा नादेपार चौराहे निवासी 23 वर्षीय शिवम कसौधन पुत्र सब्लू की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वह अपने घर से दुकान का सामान लेने आया था। इसी दौरान पड़ोस में आए प्रिंस वर्मा निवासी सोनबरसा थाना मिश्रौलिया ने उसके घर के सामने ही अचानक चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने सीधे उसके गले पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद आसपास के लोगों ने घायल शिवम को तुरंत चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचाया।

# चौकी प्रभारी मनोज चौहान ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों को जागरूक किया

**ओटीपी के माध्यम से बैंकिंग जानकारी चुराकर ठगी कर रहे हैं अपराधी**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस के नेतृत्व में साइबर ठगी से होने वाले लोगों के नुकसान के बारे में भेलूपुर थाना के अंतर्गत खोजवाँ चौकी में जन-जागरूकता का एक कार्यक्रम आज बुधवार को आयोजित हुआ। चौकी प्रभारी मनोज कुमार चौहान के नेतृत्व में इस आयोजन मे क्षेत्रीय महिलाएं एवं पुरुषों भारी संख्या में उपस्थित होकर जानकारी ली।

सभी को सरल भाषा में आज के डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बारे में जानकारी देते हुए इस गंभीर विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में साइबर ठगी से कैसे बचे इस विषय पर जोड़ देते हुए साइबर हेल्प डेस्क (भेलूपुर) के विवेकानन्द शर्मा ने सबको इसकी बारीकियां के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि,अक्सर जानकारी के अभाव में लोग साइबर ठगी का शिकार होकर अपनी जमा-पूंजी गंवा देते हैं। उन्होंने अपराधियों के काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी जानकारी देते हुए सभी को समझाया कि,कोई भी ऐसी जानकारी को छुपा कर ना रखें और नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर इसकी सूचना जरूर दें। बता दे की पिछले दिनों वाराणसी में साइबर ठगों द्वारा 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर धोखाधड़ी के कई गंभीर मामले सामने आए हैं। हालिया मामलों (2024-2026) में ठगों ने पूर्व कुलपतियों, रिटायर्ड नेवी अधिकारियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपये की ठगी की है।

पिछले दिनो वाराणसी पुलिस ने ऐसे गिरोहों का पर्दाफाश किया है जो शेयर बाजार, फर्जी केस और बैंक जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर कराते हैं। पुलिस ने 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही जानकारी के मुताबिक ठग अब (एपीके) फाइलें भेजकर मोबाइल फोन हैक कर रहे हैं और ओटीपी के माध्यम से बैंकिंग जानकारी चुराकर ठगी कर रहे हैं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से कुटीर उद्यमियों को मिला नव जीवन : राजेश कुमार सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** औद्योगिक संस्थान चांदपुर में एमएसएमई डीएफओ, वाराणसी द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कुटीर उद्यमियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। इस प्रदर्शनी में स्थानीय शिल्पकारों और उद्यमियों ने अपने पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत को प्राचीन समय में सोने की चिड़िया इसलिए कहा जाता था क्योंकि देश के गांवों में ही जीवनोपयोगी लगभग सभी वस्तुओं का निर्माण हो जाता था और विदेशी वस्तुओं की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। लोहार, बढ़ई, दर्जी, कुम्हार और बुनकर जैसे पारंपरिक कारीगरों द्वारा बनाए गए स्वदेशी उत्पादों से समाज की आवश्यकताएं पूरी होती थीं।

उन्होंने बताया कि लघु उद्योग भारती संगठन काशी प्रांत द्वारा काशी और पूर्वांचल क्षेत्र में ग्राम शिल्पी प्रकोष्ठ के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कुटीर उद्यमियों को प्रशिक्षित कर उन्हें नौकरी तलाशने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इस पहल के तहत गुलाबी मीनाकारी और लकड़ी के खिलौने जैसे पारंपरिक शिल्प से जुड़े कारीगरों को विशेष लाभ मिल रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से छोटे शिल्पियों को सहायता मिल रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हंसराज विश्वकर्मा (एमएलसी), एल.वी.एस. यादव (निदेशक एमएसएमई, प्रयागराज), अभिषेक प्रियदर्शी (उपायुक्त उद्योग), राजेश चौधरी (इंचार्ज एमएसएमई), वी.के. राणा, रितेश बरनवाल,बृजेश गुप्ता,राजेश भाटिया, पीयूष अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इंडिगो समेत कई एयरलाइंस से संपर्क, अलीगढ़ से जल्द शुरू हो सकती हैं उड़ानें

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ विमानपत्तन से उड़ान सेवा पुनः शुरू कराने के लिए प्रशासन स्तर पर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। विमानपत्तन प्रशासन द्वारा इंडिगो, फ्लाई-91, एलायंस एयर और स्टार एयर समेत विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों को यहां से फ्लाइट संचालन के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं। कंपनियों से सकारात्मक प्रतिउत्तर मिलने के बाद उड़ान सेवा शुरू कराने के लिए अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कार्यवाहक निदेशक विमानपत्तन प्रशासन अलीगढ़ सत्यव्रत सारस्वत के अनुसार अलीगढ़ विमानपत्तन से 11 मार्च 2024 से 19 दिसंबर 2024 तक फ्लाईबिंग एयरलाइंस द्वारा नियमित रूप से अनुसूचित उड़ान सेवा संचालित की गई थी। कंपनी द्वारा 24 अक्टूबर 2025 तक के लिए स्लॉट भी बुक कराया गया था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों के चलते उड़ान संचालन प्रभावित हो गया। इसके बावजूद अलीगढ़ विमानपत्तन पर विमानन गतिविधियां लगातार जारी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां दो फ्लाइंग क्लब संचालित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन 110 से अधिक विमान मूवमेंट किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि विमानपत्तन का उपयोग विमानन प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के लिए लगातार हो रहा है।

विमानपत्तन प्रशासन का कहना है कि अलीगढ़ से नियमित उड़ान सेवा बहाल कराने के लिए विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों से संपर्क बनाए रखते हुए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में यहां से उड़ान संचालन शुरू होने की संभावना है।

# पुलिस लाइन में बाल किशोर पुलिस इकाई की मासिक गोष्ठी सम्पन्न

**एएसपी ने गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, बाल विवाह की रोकथाम एवं पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही के दिए निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** बुधवार को जनपद महोबा की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह (नोडल अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान गुमशुदा/अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम तथा पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के अंतर्गत प्रकरणों में नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गुमशुदा बालक,बालिकाओं से संबंधित मामलों में धारा 137/87 बीएनएस के अंतर्गत त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। बाल श्रम विशेषकर पटाखा निर्माण फैक्ट्रियों एवं भंडारण गोदामों में बाल श्रम की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियानों को सतत जारी रखा जाए। पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस के अंतर्गत विधिवत एवं अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मिशन शक्ति अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जाए।

## भाजपा नेता विकास राजपूत ने होली मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** होली के पावन पर्व के अवसर पर भाजपा नेता विकास राजपूत द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में जिले के कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से जनपद में राजनीतिक हलचल भी तेज होती नजर आई। इन दिनों जिले में अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के कारण राजनीतिक माहौल भी गर्म बना हुआ है। इस अवसर पर भाजपा नेता विकास राजपूत ने कहा कि होली मिलन समारोह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी वर्गों तथा सभी राजनीतिक दलों के लोगों को आमंत्रित किया गया है, क्योंकि होली का त्योहार प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है।

# युद्ध का असर अब महोबा में आने लगा नज़र

**कॉमर्शियल सिलेंडर पर रोक के बाद गैस एजेंसियों में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध का असर अब उत्तर प्रदेश के साथ साथ जिले में भी दिखना शुरू हो गया है। इस बीच जिल के एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के सामने बड़ी संख्या में लोगों की लाइन लगी हुई है, लेकिन लोगों की गैस की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कुछ यही हाल गैस बुकिंग काउंटरों का है, जहां पर उपभोक्ता अपनी गैस की कापी लिए नंबर लगाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

एलपीजी गैस के लिए घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा व्यापार करने वाले लोग भी लाइनों में लग रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि तेल कंपनियों ने 7 मार्च को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपए की बढ़ोतरी की गई, इसके बाद से ही गैस को लेकर मारामारी मचने लगी है। अजय, संतोष, सुहेल, रमीश आदि उपभोक्ताओं का कहना है कि एक सप्ताह पहले उन्होंने गैस बुक कराई थी, लेकिन आज तक गैस सिलेंडर नहीं मिला। सरकारी कर्मचारी अरुण कुमार ने बताया कि वे छुट्टी लेकर गैस बुक कराने आए थे, लेकिन भीड़ के कारण उन्हें कोई मदद नहीं मिली। अशोक कुमार सोनी ने बताया कि ईरान-इजरायल युद्ध के कारण पेट्रोलियम आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। त्योहारों के दौरान सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी भी हुई है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

संदीप कुमार राजपूत जैसे कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि एजेंसी कर्मचारी सर्वर डाउन होने का हवाला देकर बुकिंग नहीं कर रहे हैं। इससे एक सिलेंडर के लिए लोगों का पूरा दिन बर्बाद हो रहा है, जिससे दिहाड़ी मजदूर और किसान विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उधर इंडेन एजेंसी कर्मचारी ने बताया कि स्टॉक की कोई कमी नहीं है। गोदाम और गाड़ियों में लगभग 857 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इंडियन ऑयल कंपनी का सर्वर ठप होने के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग कर्मचारी रामभक्त राठौर ने पुष्टि की कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मैसेज नहीं आ रहे हैं।

## रमज़ान में 'जीएनआरएफ' कर रहा जरुरतमंदों की मदद



**वाराणसी।** दावतें इस्लामी इंडिया रमज़ान के मुक़द्दस महीने में जरुरतमंदों की मदद को 'गुपचुप' तरीके से आगे आया है। दावतें इस्लामी इंडिया के मानव सेवा विभाग गरीब नवाज रिलीफ़ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) द्वारा गरीब, जरुरतमंदों की पहचान करके उन्हें उनके घर पर रमज़ान किट पहुंचाई जा रही है। संस्था के प्रवक्ता डाक्टर मोहम्मद साजिद अत्तारी ने बताया कि हम लोगों के यहां बांटने वालों की सामने से फोटो तक लेना मना है। कहा जाता है कि मदद में किसी की इज्जत उछालना ठीक नहीं है। इसलिए रमज़ान किट बांटी जा रही है साथ ही जो बीमार हैं उन्हें दवा और इलाज के लिए भी मदद किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि छोटी छोटी मदद बड़ा काम करती है इसलिए जिससे जितना भी हो सके अपने से कमजोर लोगों की मदद करें।

## लापरवाही करने पर 2 पुलिसकर्मी निलम्बित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ एसएसपी नीरज जादौन ने जनपद की कमान संभालते ही सख्ती दिखाई जिसका नतीजा है कि लापरवाह पुलिस कर्मियों को बक्शा नहीं जा रहा है। निरीक्षक अमरेश कुमार त्यागी (पीएनओ- 902140545) व उ0नि0 सामून अली (892210697) तैनाती थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ द्वारा विवेचना का समयबद्ध निस्तारण न करने व कर्तव्यपालन में लापरवाही बरतने पर एसएसपी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया। एसएसपी द्वारा सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है कि पूर्ण मनोयोग से जनहित में कार्य करें, यदि अनुशासनहीनता, लापरवाही व अवैध क्रिया-कलापों के आरोप संज्ञान में आते हैं तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## संदीप द्विवेदी के चयनित होने पर परिजनों एवं रिश्तेदारों एवं मित्रों में खुशी की लहर



**फर्रुखाबाद।** लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिलाई नौकरी - उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित विषयों की सीधी भर्ती में 13 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिलाई नौकरी। कायमगंज नगर के प्रतिष्ठित एपी पब्लिक स्कूल के शिक्षक संदीप द्विवेदी का जारी सूची में चयनित होने पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों एवं मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीमा शुक्ला, गौरी पाठक, शालिनी, अंजू तिवारी, लीना, सीमा द्विवेदी , युक्ता शुक्ला,मुकेश दुबे, गोपाल कृष्ण पाठक ने उनके आवास पहुंच कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फर्रुखाबाद के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि संदीप द्विवेदी उनके साले हैं और 13 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उन्हें शिक्षक पद पर नौकरी मिली।

## आयकर विभाग की बड़ी छापेमारी : पत्थर उद्योग मंडी कबरई में लगी स्टोन क्रशरों पर कार्रवाई



**महोबा।** आयकर विभाग ने बुधवार को पत्थर उद्योग मंडी कबरई में लगी स्टोन क्रशरों पर छापामार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से स्टोन क्रशर संचालकों और कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा, वहीं आयकर विभाग की टीम का पता लगते ही कई कारोबारी मौके पर यहां वहां खिसक लिए। कानपुर, बांदा और मध्य प्रदेश से आए आयकर अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ करीब एक दर्जन क्रशर पर छापामारी करते हुए वहां के कर्मचारियो के मोबाइलों के जब्त किया और इसके बाद कार्यालयों में रखे दस्तावेजों की जांच की

आयकर टीम ने बुधवार की सुबह बुंदेलखंड कबरई थाना क्षेत्र स्थित स्टोन क्रेशर मंडी से छापामार अभियान की शुरूआत की। आयकर विभाग की दर्जनों गाड़ियों में पहुंची टीमों ने एक साथ कई प्लांटों पर दबिश दी। मुख्य रूप से पूर्व बसपा प्रत्याशी दिलीप सिंह के जगदंबा ग्रेनाइट और सोमेश भारद्वाज के श्रिया ग्रेनाइट प्लांटों को निशाना बनाया गया। कानपुर, बांदा और मध्य प्रदेश से आए आयकर अधिकारियों की संयुक्त टीम ने क्रशर पहुंचकर सबसे पहले कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त किए और किसी के भी अंदर-बाहर आने जाने पर रोक लगा दी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात की गई। यह कार्रवाई अवैध कमाई और मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायतों के आधार पर की जा रही है। आयकर विभाग की टीम न केवल कबरई बल्कि जिले की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के पुरा दिदवारा स्थित क्रेशर प्लांटों और उनसे जुड़े अन्य ठिकानों पर छापा मारा और दस्तावेजों को चेक किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में गैस एवं पेट्रोल संचालकों की बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विक्रय प्रबंधक एल0पी0जी0/पेट्रोलियम पदार्थ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा कहीं भी किसी स्तर पर इनकी आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है।

जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे अपनी एजेंसियां प्रातः निर्धारित समय पर खोलना सुनिश्चित करें तथा बुकिंग के उपरांत एक से दो दिन के भीतर उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस की डिलीवरी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस उपभोक्ता द्वारा बुकिंग की गई है, उसी को गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी जाए। सी0एस0सी0 केंद्रों पर गैस केवल उसी स्थिति में दी जाए जब संबंधित उपभोक्ता की बुकिंग हो तथा किसी भी दशा में वहां 100 किलोग्राम से अधिक स्टॉक न रखा जाए। साथ ही स्टॉक की स्थिति एवं के0वाई0सी0 प्रक्रिया का प्रदर्शन गैस एजेंसी के शोरूम के साथ-साथ गोदाम पर भी किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प स्वामी अपने स्टॉक की स्थिति को देखते हुए अग्रिम रूप से धनराशि जमा कराकर गैस, डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति समय से मंगाना सुनिश्चित करें। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी दशा में बोतल, केन अथवा खुले पात्र में पेट्रोल की बिक्री न की जाए तथा पेट्रोल की बिक्री केवल वाहनों की टंकियों में ही की जाए। इस संबंध में सूचना सभी पेट्रोल पम्पों पर प्रदर्शित की जाए। डीजल की बिक्री के संबंध में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कृषि कार्य हेतु अनुमन्य मात्रा से अधिक डीजल एक बार में न दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में गैस सिलेंडर, डीजल अथवा पेट्रोल खरीदकर जमाखोरी करने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित मूल्य एवं निर्धारित मात्रा के अनुसार ही ईंधन की आपूर्ति की जाए।

## पॉक्सो एवं दुष्कर्म मामले में आरोपी को 7 साल की सज़ा आपरेशन कनविक्शन में मिली सफलता

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत जनपद अम्बेडकरनगर में एक महत्वपूर्ण मामले में आरोपी को सजा दिलाने में सफलता मिली है। लगातार प्रभावी पैरवी और मॉनिटरिंग सेल की सक्रियता के चलते न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

मामला थाना सम्मनपुर क्षेत्र से जुड़ा है। वर्ष 2018 में दर्ज मुकदमा में अभियुक्त अमित कुमार पुत्र राम अशीष निवासी ग्राम भदोही पहाड़पुर थाना मालीपुर पर धारा 376, 504, 506 आईपीसी तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप दर्ज किए गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से की गई पैरवी व साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने आरोपी अभियुक्त अमित को 07 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 24,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

# पीस कमेटी की बैठक में भाईचारे व शांति के साथ त्यौहार मनाने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** आगामी ईद और रामनवमी के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पंचायत सेवरही कार्यालय परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लेकर अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया जायसवाल ने कहा कि सेवरही नगर में हमेशा से हिंदू और मुस्लिम समुदाय के त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाते रहे हैं। दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और परस्पर सम्मान व सहयोग की भावना बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि नगर में आज तक किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ है, जो यहां के लोगों की आपसी एकता और समझदारी का प्रमाण है। थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है तथा जनसहयोग से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व त्योहारों के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं, ऐसे में आमजन से अपील है कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस बल की गश्त बढ़ाई जाएगी। साथ ही व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं और उन्हें हमेशा चालू अवस्था में रखें। इससे अपराधियों में भय बना रहेगा और किसी घटना की स्थिति में जांच में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर एसआई मिथिलेश प्रजापति ने भी आमजन और प्रबुद्ध नागरिकों से पुलिस प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।

# गैस एजेंसी संचालकों और अधिकारियों के साथ विधायक ने किया बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई सुचारु रखने को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय में मुख्यमंत्री से वार्ता कर अयोध्या में कमर्शियल सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। सर्किट हाउस में विधायक ने गैस एजेंसी संचालकों, इंडियन ऑयल के अधिकारियों एडीएम सिटी योगानंद पाण्डेय तथा जिला पूर्ति अधिकारी बजेश मिश्र के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने और घरेलू सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी के कारण लग रही अनावश्यक भीड़ पर चर्चा की गई। साथ ही कमर्शियल सिलेंडरों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर मंथन



किया गया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही स्पष्ट कर चुके हैं कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में प्रतिदिन लगभग 11 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। विधायक ने कहा कि अयोध्या एक महत्वपूर्ण धार्मिक नगरी है और आने वाले दिनों में रामनवमी का पर्व भी निकट है। ऐसे में शहर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या वासियों और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई।उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में संतों और महंतों के यहां नियमित रूप से भंडारे आयोजित होते हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट संचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले समय में शहर में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है, विशेषकर 19 मार्च को बड़ी संख्या में लोगों के आगमन की उम्मीद है।

विधायक ने स्पष्ट किया कि घरेलू सिलेंडरों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है, लेकिन जागरूकता के अभाव में लोग घबराकर गैस एजेंसियों पर लाइन लगा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ गैस डीलरों को भी अनावश्यक परेशानी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। मौके पर डीलर रामू प्रियदर्शी, रतन सिंह, सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

## बिजली बिल राहत योजना से 68 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 1 दिसंबर 2025 से शुरू की गई बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत जिले में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लाभ मिला है। अधिशाषी अभियंता वैभव आनन्द ने बताया कि योजना के अंतर्गत तीन चरणों में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई, जबकि मूल धन पर क्रमशः 25, 20 और 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान था। योजना में बिजली चोरी के मामलों में भी जुर्माना जमा करने पर राहत दी गई। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए ग्राम स्तर तक कैंप लगाए गए। इसका परिणाम रहा कि अयोध्या जिले में कुल 68,418 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेते हुए 60.72 करोड़ रुपये जमा किए, जबकि विभाग द्वारा 53.79 करोड़ रुपये की राशि माफ की गई। बिजली बिल जमा करने वालों में 14,654 उपभोक्ता ऐसे थे जिन्होंने पहले कभी बिल जमा नहीं किया था, जबकि 53,764 उपभोक्ताओं ने मार्च 2025 के बाद से बिल का भुगतान नहीं किया था।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आयोजित जनता दर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं।जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं



से जुड़े मामले सामने आए।डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## बच्चे के जूते की डोरी बांधकर रुश्दी मियां ने जीता लोगों का दिल

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के मटौली का पुरवा गांव में पूर्व मंत्री और विधायक अब्बास अली 'रुश्दी मियां' ने छोटे बच्चे ऋषभ यादव के जूते की डोरी बांधकर गांववासियों का दिल जीत लिया। ग्रामीणों ने बच्चों के प्रति इस अपनापन को बेहद सराहा और इसे नेताओं में कम दिखाई देने वाला गुण बताया।

## जामा मस्जिद सण्डवा में तरावीह में मुकम्मल हुआ कुरआन, अमन-चैन की दुआ

**रुदौली, अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मौजा सण्डवा की जामा मस्जिद में नमाज़-ए-तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हुआ। कारी अदनान की इमामत में बड़ी संख्या में अहले ईमान ने कुरआन सुना और खत्म-ए-तरावीह के बाद अमन-चैन की दुआ की। कारी अजीमुद्दीन ने बताया कि कुरआन पढ़ना और सुनना दोनों ही इबादत हैं।

## रोजा रखने से गरीबों की भूख-प्यास का होता है एहसासः मौलाना कामिल

**मवई। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम नेवरा में आयोजित रोजा इफ्तार में मौलाना कामिल खां ने कहा कि रोजा इंसान को गरीबों की कठिनाइयों का एहसास कराता है और बुरे कामों से बचाता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख निशात अली खां ने भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## मारपीट मामले में अदालत ने पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम महमूदमऊ में 3 जनवरी को हुई मारपीट के मामले में अदालत ने मोहम्मद वैस, शादाब, अनस, हंजला और बिलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पीड़ित शाहिद नसीम ने थाना कार्रवाई न होने पर अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था।

## छेड़छाड़, लूट व जानलेवा हमले में चार नामजद

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** दर्शननगर मेडिकल कॉलेज जाते समय महिला और उसके पति पर लाठी-डंडों से हमला करने, छेड़छाड़ और सोने की चेन लूटने के मामले में थाना कैंट में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों में शांतनु यादव, सिद्धार्थ यादव, कृष्णमणि यादव और यादवेन्द्र यादव शामिल हैं।

## जालसाजी कर भूमि बंधक रख लिया 2.93 लाख का ऋण, बैंक प्रबंधक समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रायपुर कोटसराय निवासी मो. अहमद की भूमि को इंडियन बैंक मानस नगर शाखा में बंधक दिखाकर 2.93 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कराने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शाखा प्रबंधक समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया

## रुदौली में पुलिस का पैदल मार्च, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रुदौली पुलिस ने बाजार और मुख्य चौराहों में पैदल गश्त की। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि लगातार गश्त और चेकिंग अभियान से अपराध पर नियंत्रण रखा जा रहा है।

## साइबर ठगी के 79,779 रुपये मवई पुलिस ने वापस कराए

**रूदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** मवई क्षेत्र के एक युवक के खाते से साइबर ठगों द्वारा निकाले गए 79,779 रुपये मवई पुलिस की सक्रियता से वापस कराए गए। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल ने लोगों से साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की।

## फैजाबाद बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह संपन्न

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** फैजाबाद बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अध्यक्ष कालिक मिश्रा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

## वृद्ध आश्रम में फल वितरित कर स्वतंत्र पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव ( आशु लाला) ने मनाया अपना जन्मदिन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद के तेज-तर्रार पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव (आशु) ने अपना जन्मदिन सेवा और संवेदना के साथ मनाते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। जन्मदिन के अवसर पर वह विद्याकुण्ड स्थित एक वृद्ध आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वृद्ध महिलाओं और पुरुषों को फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि वह हर वर्ष अपना जन्मदिन वृद्ध महिलाओं और बच्चों की सेवा कर मनाते रहेंगे। उनका मानना है कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर माता-पिता के साथ-साथ वृद्धजनों की सेवा भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजन हमारे माता-पिता के समान होते हैं और उनका सम्मान व सेवा करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है।वृद्ध आश्रम में मौजूद बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों ने आशुतोष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आशुतोष ने अपने माता-पिता और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।उन्होंने अपने मित्रों और शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर अभिषेक पांडेय, क्षितिज साधवानी, अंकुर श्रीवास्तव, अभिषेक उपाध्याय, सजंय यादव मित्रगण मौजूद रहे, जिन्होंने जन्मदिन के अवसर पर उन्हें ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं दीं।

# समाज सेवा के साथ गोसाईगंज में सक्रिय भाजपा नेता सर्वेश वर्मा, बोले-पार्टी टिकट देगी तो लड़ेंगे चुनाव



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के भावी प्रत्याशी के रूप में सक्रिय भाजपा नेता सर्वेश वर्मा लगातार समाज सेवा और जनसंपर्क के माध्यम से क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले लगभग 15 वर्षों से गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच रहकर काम कर रहे हैं और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते रहे हैं। सर्वेश वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की जनता का उन्हें लगातार स्नेह और विश्वास मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने हमेशा पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े रहने का काम किया है। राजनीति में सक्रिय हुए उन्हें करीब 10 वर्ष हो चुके हैं और इस दौरान वह पूरी सक्रियता के साथ क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में गोसाईगंज में आयोजित युवा सम्मेलन और छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम को जनता का भरपूर समर्थन मिला। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र की जनता उनके साथ है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए गोसाईगंज की जनता के साथ-साथ पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

भाजपा नेता ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को दूसरों की मदद करने से पहले खुद सक्षम बनना पड़ता है। जब व्यक्ति खुद मजबूत होता है, तभी वह समाज के लोगों की बेहतर तरीके से सहायता कर सकता है। उन्होंने शिक्षा को जीवन में आगे बढ़ने का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि यदि व्यक्ति शिक्षित है तो उसे कहीं भी काम और अवसर मिल सकता है।सर्वेश वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के साथ-साथ सुशासन की नई मिसाल स्थापित हुई है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। वह स्वयं भी लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं।सर्वेश वर्मा ने कहा कि यदि पार्टी उन पर विश्वास जताती है और उन्हें टिकट देती है तो वह गोसाईगंज विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। साथ ही एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में वह अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी संगठन के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

## शंकराचार्य के धर्म युद्ध ऐलान से सनातन विरोधियों में भय

**अयोध्या।** अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने गौ प्रतिष्ठा और सनातन धर्म की रक्षा के लिए धर्म युद्ध का शंखनाद किया। पूरे देश से समर्थकों की भारी भीड़ कार्यक्रम में उमड़ी।अयोध्या से पंडित कृपा निधान तिवारी, कानपुर से शेषनारायण त्रिवेदी और दद्दन मिश्रा, रायबरेली से डॉ. मंजू शुक्ला, देश दीपक शुक्ला, दुर्गेश पांडे, लखनऊ से प्रभाकर नारायण राव पेशवा और चित्रकूट से प्रदीप पाठक सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

शंकराचार्य ने कुंभ में पुलिस द्वारा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार और शाही स्नान के लिए पैदल जाने को मजबूर किए जाने पर नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने मेले की व्यवस्था पर सवाल उठाए, जिससे प्रदेश और देश की भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया।कार्यक्रम में पुरी, प्रयागराज, काशी, हरिद्वार, अयोध्या और देश के अन्य प्रमुख स्थानों के धर्माचार्य, संत और समर्थक शामिल हुए।

# सीएम योगी को रामकथा महोत्सव का निमंत्रण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सरायरासी स्थित आवास पर आयोजित होने वाले श्रीरामकथा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यह आयोजन 19 से 27 मार्च तक होगा, जिसमें श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि जी महाराज कथा वाचन करेंगे।मुलाकात के दौरान रोली सिंह ने मुख्यमंत्री को जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी दी। वहीं आलोक सिंह रोहित ने बताया कि नौ दिवसीय रामकथा में अयोध्या सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## अयोध्या में इको होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का नया होटल, आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** इको होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड ने अयोध्या में अपने नए होटल के शुभारंभ की घोषणा की है। कंपनी का यह कदम तेजी से बढ़ रहे धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। नए होटल में 33 सुसज्जित कमरे, टॉप फ्लोर रेस्टोरेंट, लैंडस्केप्ड लॉन और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां मेहमानों के लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था भी की गई है। होटल में स्थित सहर–बैक टू द रूट्स रेस्टोरेंट में बिना प्याज और लहसुन का भोजन परोसा जाएगा। यह होटल श्री राम जन्मभूमि मंदिर से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और सीधे हाईवे से जुड़ा है, जिससे तीर्थयात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।कंपनी के चेयरमैन विनोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या आज देश के सबसे तेजी से उभरते आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल हो गया है और यहां होटल की शुरुआत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## योगी सरकार की योजनाओं से अयोध्या में गोपालन को नया संबल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार की योजनाओं से अयोध्या जनपद में गोपालन को नया प्रोत्साहन मिल रहा है। नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत चार लाभार्थियों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं मिनी नंदिनी योजना से चार किसानों की आय में वृद्धि हुई है।मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अंतर्गत 28 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इन योजनाओं से देसी गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और किसानों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्र देव ने बताया कि सरकार का उद्देश्य गोपालन को स्थायी आय का साधन बनाना और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। गोबर और गौ मूत्र के प्रयोग से प्राकृतिक खेती को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, 12 केंद्रों पर 18,240 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में 14 व 15 मार्च को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, केंद्र पुलिस प्रभारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को परीक्षा से पूर्व सभी 12 परीक्षा केंद्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की गहन जांच कर किसी भी कमी को तत्काल दूर करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के सामान सुरक्षित रखने के लिए प्रवेश द्वार के पास क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन के लिए यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक डॉ. दिवाकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें कुल 18,240 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## गोसाईगंज सीएचसी में जन औषधि केंद्र पर धड़ल्ले से बिक रहीं बाहरी दवाएं

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज, अयोध्या।** गोसाईगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर नियमों की अनदेखी कर बाहर की जेनेरिक दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से किए जाने का मामला सामने आया है। सरकार की मंशा गरीब मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की है, लेकिन यहां जन औषधि की दवाओं के बजाय बाजार की महंगी जेनेरिक दवाएं बेची जा रही हैं और मरीजों से अधिक कीमत वसूली जा रही है।

मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि केंद्र का मूल संचालक अनुपस्थित था और उसकी जगह एक महिला दवा बेचते हुए मिली। पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि वह जैनम का कोर्स कर रही है और संचालक की अनुपस्थिति में दवा बेच रही है। वहीं केंद्र के अंदर दो अन्य पुरुष भी मौजूद थे, जिन्हें महिला ने अपना सहयोगी बताया, जबकि उनका केंद्र से कोई आधिकारिक संबंध नहीं बताया गया।

महिला से जब बाहर की जेनेरिक दवाएं बेचने के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि केंद्र के कमरे का किराया लगभग 10,000 है और खर्च निकालने के लिए बाहर की दवाएं बेचनी पड़ती हैं। साथ ही उसने यह भी कहा कि ऊपर के लोगों को भी देना पड़ता है÷, इसलिए बाजार की दवाओं की बिक्री की जा रही है।

इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को सस्ती दवाएं देने की व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां नियमों की खुलेआम अनदेखी कर योजना की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है।

# 8 माह से मानदेय न मिलने पर ग्राम रोजगार सेवकों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले आठ महीनों से मानदेय न मिलने से उनमें गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ, जनपद इकाई महराजगंज के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मानदेय भुगतान की मांग की।

संघ के जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि अगस्त 2025 से अब तक ग्राम रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं मिला है। जबकि वे मनरेगा के साथ-साथ एसआईआर 2025-26, बीएलओ कार्य, फार्मर रजिस्ट्रेशन, एग्री स्टैक सर्वे सहित सरकार की कई योजनाओं का कार्य



ग्राम स्तर पर कर रहे हैं। लंबे समय से मानदेय न मिलने के कारण रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है और परिवार का भरण-पोषण करना भी कठिन हो रहा है। संघ ने चार प्रमुख मांगें रखीं–पहली, आठ माह का बकाया मानदेय जल्द भुगतान किया जाए। दूसरी, कार्यभार और महंगाई को देखते हुए मानदेय बढ़ाकर 35 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। तीसरी, समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अलग से वित्तीय बजट की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपते समय धर्मेंद्र पासवान, राजेश, रामकेश्वर रैना, बाबूराम, धनराज, विनोद कुमार वर्मा, सर्वेश मद्धेशिया, सुशील कुमार, मनोज कुमार गौतम, जोखन, विशाल गुप्ता, मोहनलाल, ओमप्रकाश आर्य, रामआशिष, शैलैश कुमार, मुराली, चंद्रिका, अम्बिका, प्रवीण मणि त्रिपाठी, अनिल यादव सहित सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**एसआई भर्ती परीक्षा**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 एवं 15 मार्च को आयोजित उ0नि0 नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुद्ध विद्या पीठ डिग्री कॉलेज, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, प्रवेश एवं निकास द्वार, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। अतः परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रखें जाएं तथा उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्र के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री परीक्षा कक्ष में न ले जाई जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दिन केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं मर्यादा बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कर लिया जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, शिकायत कर्ता ने जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कादीपुर में सार्वजनिक तालाब व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव निवासी एक युवक ने उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा हटाने और अपने परिवार की जानमाल की सुरक्षा की मांग की है।

ग्राम कादीपुर निवासी आशीष सिंह पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ सिंह ने उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि ग्राम कादीपुर स्थित गाटा संख्या 59 व 63, जो कि सार्वजनिक तालाब व ग्राम समाज की भूमि है, उस पर कई लोगों ने पक्का मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। प्रार्थी के अनुसार इस मामले में हाईकोर्ट का निर्देश भी हो चुका है तथा पूर्व में तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी गोण्डा व उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को भी अवगत कराया जा चुका है।

# ईरान पर हमले के विरोध में गोंडा में वामपंथी दलों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**देवी अवस्थी संवाददाता**



**गोण्डा।** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले और विश्व स्तर पर बढ़ते युद्ध के माहौल के विरोध में जनपद के वामपंथी दलों ने प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - सीपीआईएम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल के साम्राज्यवादी गठजोड़ द्वारा ईरान पर किया गया हमला निंदनीय है और इससे विश्व शांति को खतरा पैदा हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण की तरह किए जा रहे व्यापार समझौते को रद्द किया जाए। साथ ही बीज बिल विधेयक 2025, चार लेबर कोड और इलेक्ट्रिसिटी विधेयक 2025 को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई गई।

वामपंथी नेताओं ने कहा कि ईरान पर हमले में निर्दोष नागरिकों और बच्चों की मौत हो रही है। उन्होंने मांग की कि इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही मध्य पूर्व एशिया सहित विदेशों में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जरूरत पड़ने पर उन्हें सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने घरेलू और कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि वापस लेने, गरीबों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने तथा भूमिहीनों को आवास के लिए जमीन आवंटित करने की भी मांग उठाई। इस मौके पर ईश्वर शरण शुक्ला (जिला मंत्री, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी), कौशलेंद्र पांडेय (जिला मंत्री, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी गोंडा-बलरामपुर), जमाल (जिला मंत्री, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले), कामरेड सत्यनारायण त्रिपाठी, मुन्ना राम गौतम, रविशंकर विश्वकर्मा, अमित शुक्ला, आनन्द प्रकाश त्रिपाठी, सुरेश सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षेत्र में बढ़ा गैस का संकट एजेन्सी मालिक कर रहे कालाबाजारी प्रशासन मौन, उपभोक्ताओं में रोष

**दानिश मेहदी**



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** क्षेत्र में बढ़ा गैस का संकट एजेन्सी मालिक जमकर कर रहे कालाबाजारी प्रशासन मौन उपभोक्ताओं में रोष जनपद के दरगाह क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी गैस की किल्लत से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार खुलेआम ब्लैक मार्केटिंग कर रहे हैं, जिससे आम जनता के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले जायरीन भी खासे परेशान हैं।

बताया जा रहा है कि अशरफपुर किछौछा दरगाह क्षेत्र में गैस की उपलब्धता बेहद कम हो गई है। वहीं कुछ स्थानों पर गैस 300 रुपये प्रति किलो तक ब्लैक में बेची जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। गैस न मिलने के कारण स्थानीय लोगों और दरगाह पर आने वाले जायरीनों को भोजन बनाने तक में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ दुकानदार जानबूझकर गैस की कृत्रिम किल्लत दिखाकर मनमाने दामों पर गैस बेच रहे हैं और मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। हालत यह है कि जहां सरकारी दरों पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है, वहीं ब्लैक में आसानी से मिल जा रही है।

क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग से मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराने तथा कालाबाजारी में लिप्त दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता और जायरीनों को राहत मिल सके और गैस उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सके।

# शेरे खुदा ने सजदे में तलवार खाई है...

**पहला आतंकवादी हमला कूफा शहर में नमाज पढने के दौरान 19 रमज़ान 40 हिजरी को शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अ0स0 पर हुआ था : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुसलमानों के चौथे खलीफा व शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम के यौमे शहादत के मौके पर शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर में मर्सिया मजलिस का आयोजन किया गया। इस दौरान अलम ताबूत का विशाल जुलूस निकालकर पूरे जोश खरोश से नौहा मातम किया। शहादत दिवस को लेकर मर्सिया मजलिस नौहा मातम होने का सिलसिला मंगलवार की रात से ही शुरू हो गया था जो बुधवार की देर शाम तक चलता रहा। पूरा कस्बा शोक और गम में डूबा रहा। हजरत अली के यौमे शहादत 21 रमजान की सुबह 5 बजे हल्लौर की जामा मस्जिद में नमाज ए फज्र के बाद मर्सिया मजलिस आयोजित हुई। जिसमें सबसे पहले मर्सियाख्वानी हैदरे कर्रार व उनके हमनवा ने की। बाद में मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि दुनिया में पहला आतंकवादी हमला कूफा शहर में नमाज पढने के दौरान आज से 1400 साल पहले 19 रमजान 40 हिजरी (27 जनवरी सन् 661) को हुआ था। जिस पर आतंकवादी द्वारा हमला किया गया वह कोई आम आदमी नहीं बल्कि मुसलमानों के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा स0अ0 के दामाद व शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अ0स0 थे। वह हमला उस वक्त के आतंकवादियों के सरगना अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम नामक व्यक्ति से करवाया था जो 19 रमजान की सुबह नमाज के दौरान जहर से बुझी हुई तलवार लेकर आया और जैसे ही हजरत अली अ0स0 सजदे में झुके तो उसने मौला अली की गर्दन पर जोरदार तरीके से हमलाकर उन्हे बुरी तरह जख्मी कर दिया। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि मौला अली की दो दिन बाद यानी 21 रमजान की सुबह शहादत हो गई। गरीबो और मजलूमों का मसीहा व इसलाम धर्म का रक्षक दुनिया से रूखसत हो गये। उन्होने कहा कि हजरत अली की याद में हर साल रमजान की 19, 20, व 21 को उनकी शहादत मनाई जाती है। मौला अली को मानने वाले दुनिया के कोने कोने में बसे करोड़ों हक पसन्द नौहा मातम कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश करते है। हजरत अली अ0स0 की शहादत का जिक्र सुनकर मजलिस में मौजूद अकीदतमंद दहाड़े मारकर रोने लगे। मजलिस के बाद अलम ताबूत का जुलूस निकाला गया। जो इमामबाड़ा हुसैनिया बाबुल, छोटी मस्जिद, सेठ बाबा के इमामबाड़ा, इमामबाड़ा जन्नतुल वकी, दरगाह हजरत अब्बास, फहम बाबा के इमाम बारगाह से होता हुआ जुलूस हल्लौर मुख्यमार्ग पर पहुँचा जहाँ तक़रीरी कॉन्फ्रेंस में मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि हम उस कौम से ताल्लुक रखते हैं जो मज़लूम है इस मज़लूम का जनाज़ा हम उठाकर लाये हैं। कल भी हमारी तारीख मज़लूमियत की थी और आज भी मज़लूमियत की है। हमारे ऊपर जुल्म हो रहा है हमें ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखना ही हमारी पहचान है सुतून इंतेसार वक़ार के साथ चलना ही हमारी अलामत है। आज हज़रत अली की पर्सनाल्टी पूरी दुनियां के लिए आर्डियल है।

हज़रत अली ने कभी सफल ज़िन्दगी अच्छी ग़िज़ा रेशमी लिबास या अच्छे महल को नहीं बनाया बल्कि बताया कि अगर सलाहियत है तो बोसीदा चादर व सूखी रोटी में भी ज़िन्दगी नुमाया रहती है। इनके अलावा मौलाना मुबारक, जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, जाकिरे अहलेबैत अजीम हैदर ने हज़रत अली के शहादत पर विस्तार से रोशनी डाली। नफीस, कामयाब व लकी, मोहम्मद हैदर शब्लू आबिद कामयाब मास्टर ने कहा कि शेरे खुदा ने सजदे में तलवार खाई है, जख्मी ज़बी है खूँ से मुसल्ला रंगा हुआ' नौहा पेश किया। इनके अलावा नौशाद हैदर, सज्जाद, शारिब, कामयाब, हैदर खुलूस, आले रज़ा आदि ने भी हजरत अली की शहादत से मंसूब नौहे पढे।

## आउट ऑफ स्कूल बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय 'आउट ऑफ स्कूल' प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बांसी नीरज सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शारदा कार्यक्रम के तहत 'आउट ऑफ स्कूल' बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें आयु-संगत कक्षा में नामांकित करना और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना हम सबकी नैतिक व विभागीय जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षकों को संवेदनशीलता के साथ धरातल पर कार्य करना होगा।

लर्निंग गैप को भरना: संदर्भदाताओं ने बताया कि लंबे समय से स्कूल से बाहर रहे बच्चों के लर्निंग गैप को पाटने के लिए विशेष ब्रिज कोर्स और गतिविधि आधारित शिक्षण अनिवार्य है।शारदा पोर्टल पर सटीक डेटा फीडिंग और बच्चों के बेसलाइन मूल्यांकन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों को स्कूल के वातावरण में ढालने के लिए उनके मनोवैज्ञानिक संवेदीकरण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कार्यशाला में जुटे ग्राम प्रधान, स्थानीय पदाधिकारी व प्रधानाध्यापक**

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रांगण में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधान, स्थानीय पदाधिकारी व विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कायाकल्प योजना से परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से बदल गई। आज सुंदर वातावरण में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में सभी ग्राम प्रधान व विद्यालय के प्रधानाध्यापक आपसी सामंजस बैठाकर कार्य करें जिससे विद्यालय की व्यवस्था और बेहतर हो सके। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत 19 बिंदुओं पर कार्य किया गया है। तमाम ग्राम प्रधानो द्वारा विद्यालयों में पूर्ण रूप से योजना के तहत कार्य कर विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में जोड़ने का कार्य किया गया है। कुछ विद्यालय ऐसे हैं जो अभी योजना के तहत प्रक्रिया में है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा । उन्होंने यह भी कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए नवीन नामांकन व उपस्थित पर सभी लोग सहयोग करें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में पैसा जा रहा है जिसका उपयोग करते हुए बच्चों को ड्रेस जूता मोजा व बैग उपलब्ध कराने का कार्य करें। इस कार्य में ग्राम प्रधानों की भूमिका भी काफी अहम होगी। कार्यशाला में शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, राकेश पांडे, अखिलेश चौधरी, पवन श्रीवास्तव, रामदयाल, दीपक, शेषराम यादव, इश्तियाक अहमद, प्रेम प्रकाश चौबे, अमित मिश्रा, नसीम अहमद, धर्मराज दुबे, मोहम्मद तालिब, राम विलास यादव, काज़िम रज़ा आदि उपस्थित रहे।

## विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**गोण्डा ।** जनपद न्यायालय गोण्डा में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के एक पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में प्रारंभ की गई है। आदेश के अनुसार ऐसे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं जो बी.एन.एस.एस. की धारा-11 में निर्धारित योग्यता रखते हों। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति पात्र होंगे जो शासन के अधीन कोई पद धारण करते हों अथवा पूर्व में कर चुके हों तथा विधि स्नातक हों। इसके अलावा विधिक मामलों में अनुभव रखने वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा पिछले पांच वर्षों की चारित्रिक प्रविष्टियां संलग्न करनी होंगी। आवेदन का निर्धारित प्रारूप न्यायालय गोण्डा के प्रशासनिक कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन पत्र मय संलग्नकों सहित 13 अप्रैल तक जनपद न्यायालय के प्रशासनिक कार्यालय में जमा करना होगा।

## पुलिस और स्थानीय नाविक प्रदीप मांझी के साहस की तत्परता से बची अधेड़ की जान



**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत राप्ती नदी पुल पर आज बांसी पुलिस और स्थानीय नागरिकों के सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। पारिवारिक कलह से तंग आकर नदी में छलांग लगाने वाले एक अधेड़ व्यक्ति को समय रहते सुरक्षित बचा लिया गया।जानकारी के अनुसार, उपेंद्रनाथ पांडे (पुत्र स्वर्गीय कालेश्वर नाथ पांडे), निवासी ग्राम सेमरा खुर्द, थाना उसका, जनपद सिद्धार्थनगर ने पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में आकर राप्ती नदी के पुल से छलांग लगा दी। घटना के वक्त मौके पर मौजूद कोतवाली प्रभारी मृत्युंजय पाठक के निर्देशन में तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल सक्रियता दिखाई। इस बचाव अभियान में स्थानीय नाविक प्रदीप मांझी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगाई और डूबते हुए व्यक्ति को किनारे तक पहुँचाया। पुलिस टीम से हेड कांस्टेबल सुनील कुमार दुबे ने जनता के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को रेस्क्यू किया। समय रहते मिली मदद के कारण व्यक्ति की जान बच सकी। पुलिस प्रशासन ने नाविक प्रदीप मांझी और मददगार नागरिकों के इस साहसिक कार्य की सराहना की है।

## महिलाओं के दुश्मन पर बसखारी पुलिस का वार वांछित अपराधी गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर,(बसखारी)।** यूपी पुलिस की मिशन शक्ति मुहिम एक बार फिर कामयाब रही। थाना बसखारी की पुलिस ने आज सुबह प्रयागराज जिले के सोराव थाना क्षेत्र के मोहम्मद सलमान उर्फ चांद उर्फ हारून राइन (27) को चूंगी दरगाह के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थाना बसखारी में महिला के खिलाफ दर्ज गंभीर मामले (धारा 323, 506, 313, 376, 420 भादवि) का मुख्य अभियुक्त था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में कांस्टेबल कमलेश सिंह, महिला कांस्टेबल सुशीला, अमित चौरसिया, सौरभ यादव और चंदा की पांच सदस्यीय टीम ने मात्र कुछ घंटों में आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया। अपराधी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर दिया गया है। अम्बेडकरनगर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की पूरे जनपद में सराहना हो रही है।

## जानलेवा हमला करने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कय्यूम अहमद पुत्र बकरीदी निवासी ग्राम जमलापुर विरहमतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को जमलापुर से सोहना जाने वाली नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस व निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू बरामद किया गया। 10.03.2026 को वादी यार मोहम्मद पुत्र इस्लाम अली निवासी ग्राम जमलापुर विरहमतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि शाम 06.00 बजे करीब रोजा इफ्तार पार्टी में पानी लाने के विवाद को लेकर विपक्षी कय्यूम अहमद ने वादी के लड़के मो0 सिराज उर्फ छोटू को गाली गलौज करते हुए पहले तमन्चा से फायर किया जिससे सिराज बाल बाल बच गया तो कय्यूम ने हाथ में लिए चाकू से सिराज पर हमला कर दिया। चाकू लगने से सिराज गम्भीर रूप से घायल होकर गिर गया । वादी की तहरीर पर थाना वजीरगंज में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा साक्ष्य संकलन के आधार पर आज थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त कय्यूम अहमद पुत्र बकरीदी निवासी ग्राम जमलापुर विरहमतपुर थाना वजीरगंज गोण्डा को जमलापुर से सोहना जाने वाली नहर पटरी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस व निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया।

# अंजुमन जाफ़रिया के बैनर तले जलालपुर में बरामद हुआ शहादत ए मौला ए कायनात की याद में उठा शोकाकुल जुलूस

**दानिश मेहदी/इब्ने अली जाफरी**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हज़रत मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी व शिया समुदाय के पहले इमाम हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत दिवस 21वीं रमजान पर विगत तीन दिनों से जारी शोकाकुल कार्यक्रमों में बीती रात छोटे इमामबाड़ा में अंजुमन जाफरिया के बैनर तले मजलिस के बाद हज़रत अली के ताबूत बरामद किए गए। जहां नौहा ख्वानी व सीनाजनी का दौर जारी रहा।

जाफराबाद बड़े इमाम बाड़ा पर देर रात तक जारी मजलिस में मर्सिया ख्वानी के बीच हदीस ख्वान शमीम हैदर ने मौला अली की शहादत को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। अंजुमन अब्बासिया की नौहा ख्वानी से माहौल गमगीन हुआ। बुधवार को दोपहर बाद नगर के जाफराबाद स्थित बड़े इमामबाड़ा पर अलविदाई मजलिस को मौलाना जाफर रज़ा जौहरी ने खिताब करते हुए हज़रत अली की शहादत का वर्णन किया तो अजादार अश्क बार हो गए। जुलूस देर शाम उस्मानपुर के रास्ते या अली मौला - हैदर मौला की गमगीन सदाओं के बीच चिलवनिया स्थित कर्बला बड़ी दरगाह पहुंचकर समाप्त हुआ। हुसैनपुर, भीखपुर, उफरौली, सोनगांव, नगपुर, कोरझा समेत समूचे क्षेत्र में 21रमजान के मौके पर पूरी रात्रि मजलिसों का दौर जारी रहा।

जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम राहुल गुप्ता, सी ओ अनूप कुमार सिंह भ्रमण शील रहे। कोतवाल अजय प्रताप यादव के अतिरिक्त थानाध्यक्ष कटका, जैतपुर, थानाध्यक्ष मालीपुर, देढ़ सेक्सन पीएसी, सर्किल के थानों से पांच अतिरिक्त उपनिरीक्षक समेत पुलिस बल के जवान तैनात रहे। जुलूस में इब्ने अली जाफरी, कल्बे हसन, अली हैदर, इनाम जाफरी, मोहम्मद अब्बास राजा, मीसम रज़ा, नन्हे प्रधान , मोहम्मद शारिब, शाहिद लल्ला आदि का सहयोग रहा।

## भ्रष्टाचार का महा कुंड बना ताल कुंडा का पंचायत भवन, रखा जा रहा कबाड़

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के कई गांवों में 'ग्राम स्वराज' का सपना फिलहाल पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्राम स्वराज के लिए जरूरी ग्राम सचिवालयों की स्थिति काफी खराब है। ज्यादातर गांवों में पंचायत भवनों का उपयोग पंचायतों के लिए नहीं हो रहा है। कहीं ग्रामीण अवैध कब्जा कर रह रहे हैं तो कहीं कंडा पाथा जा रहा है तो कहीं पशुओं का तबेला बने हैं। ग्राम स्वराज का सपना देखे भले ही कई दशक बीत गया हो, लेकिन यह सपना अभी तक पूरा नहीं हो सका है। मौजूदा समय में हालत यह है कि न तो हर गांवों में पंचायत सचिव हैं और न ही सचिवालय। पंचायतों की बैठक कागजों में हो जाती है ,जो भवन बने भी हैं वह जर्जर हो गए हैं तो कई पर अवैध कब्जा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ताल कुंडा की बात करें तो यहां के पंचायत भवन पर कुछ बाहरी लोग मेहनत मजदूरी करने वाले अपना गैस सिलेंडर चूल्हा बर्तन रखकर आवास के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

# सदर विधायक श्यामधनी राही ने मौके पर पहुंचकर व्यक्त किया शोक



**ग्राम्यवार्ता संवाददाता**

**8 वर्षीय बालक की नदी में डूबने से मृत्यु, विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस**

**सिद्धार्थनगर।** सदर विधायक श्यामधनी राही ने विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत ग्राम सभा अमरिया टोला संगलदीप में शैलेश के 8 वर्षीय पुत्र ऋषिकेश की नदी में डूबने से मृत्यु होने की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए नदी में तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर सघन खोज अभियान चलाने का निर्देश दिया।

विधायक श्री राही ने इस दुःखद घड़ी में शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान अंबिका यादव, सर्वजीत, गोविंद, अखिलेश पाण्डेय, मंटू विश्वकर्मा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तेल संकट का सच

राजधानी दिल्ली, उप्र, बिहार, मप्र राज्यों के कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भीड़ दिखाई दे रही है। लोग पेट्रोल-डीजल को लेकर आशंकित हैं, लिहाजा हड़बड़ी में हैं कि जितना भी तेल मिल जाए, उतना तो जमा कर लिया जाए। ग्रामीण और किसान अलग किस्म की दहशत में हैं, क्योंकि तेल का संकट गहराएगा, तो उनकी खेती प्रभावित होगी। हालांकि भारत में पाकिस्तान जैसे 'लॉकडाउन' हालात नहीं हैं। वहां एक लीटर पेट्रोल 336 रुपए और डीजल 321 रुपए में बेचा जा रहा है। आशंका है कि पाकिस्तान में कभी भी 'लॉकडाउन' घोषित किया जा सकता है। कुछ जगहों पर तो गोलियां भी चल चुकी हैं। बांग्लादेश और श्रीलंका में भी तेल-गैस का संकट गंभीर रूप ले चुका है। बहरहाल भारत काफी हद तक आश्वस्त है, लेकिन विरोधाभासी बयान डरा रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि भारत में तेल-गैस, ईंधन की कोई कमी नहीं है। घबराने की जरूरत नहीं है। तेल के दाम भी नहीं बढ़ेंगे। भारत के पास कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, गैस का 25 दिनों का भंडार है। मंत्री जी के बयान के अगले दिन ही तेल कंपनियां घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) के दाम 60 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ा देती हैं और कमर्शियल सिलेंडर 114.50 रुपए महंगा कर दिया जाता है। अब औसत घर को रसोई गैस का सिलेंडर 900-1000 रुपए से भी ज्यादा महंगा मिलेगा। यह कौनसा सच है, मंत्री जी? बेशक 'उज्ज्वला' योजना के करीब 10.5 करोड़ लाभार्थियों को बढ़े दामों से अलग रखा गया है। उन्हें तो प्रति सिलेंडर 300 रुपए की सबसिडी भी मिलती है। इस तरह देश में 23 करोड़ उपभोक्ता इस महंगाई के शिकार होंगे। कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और गैस के भंडारण पर अलग-अलग बयान आ रहे हैं।

कतर एलएनजी की 'महाशक्ति' है। वह 40 फीसदी से अधिक एलएनजी भारत को सप्लाई करता रहा है, लेकिन ईरान के लगातार हमलों के बाद कतर ने तेल-गैस का उत्पादन ही बंद कर दिया है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने आगाह किया है कि कच्चे तेल की कीमतें 150 डॉलर तक उछल सकती हैं। युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम 95 डॉलर प्रति बैरल तक तो पहुंच चुके हैं। भारत करीब 85 फीसदी एलपीजी मध्य-पूर्व के देशों से ही आयात करता है और वह सप्लाई होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से ही होती रही है। ईरान के लड़ाकों ने यह मार्ग बंद कर रखा है, जाहिर है कि हमारा 50 फीसदी तेल-गैस बाधित है। एक बयान आया है कि देश में 25 करोड़ बैरल से अधिक कच्चे तेल का भंडार है, गैस भी पर्याप्त है, कुल मिला कर 7-8 सप्ताह का भंडार है, लेकिन विशेषज्ञों के भी बयान आ रहे हैं कि भारत में कुल 10 करोड़ बैरल ही कच्चा तेल है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार बयानबाजी कर रहे हैं कि तेल और गैस का संकट बढ़ रहा है। कीमतें बढ़ने लगी हैं और सरकार ने देश की संप्रभुता और विदेश नीति अमरीका को बंधक रख दी है। ऐसे बयान देश-विरोधी, भ्रमित और अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान दिया था कि ईरान युद्ध के मद्देनजर अमरीका भारत को रूसी तेल खरीदने की, 30 दिन की, 'अस्थायी छूट' देता है। ऐसे बयानों पर विरोधियों और पूर्वाग्रही विशेषज्ञों को तब बिलबिलाना चाहिए, जब भारत सरकार ने ऐसी 'छूट' की मांग की हो अथवा हमने रूस से कच्चा तेल लेना बंद कर दिया हो। फरवरी, 2026 में भी भारत ने 10 लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल रूस से आयात किया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'बड़बोले' बयानों के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदता रहा है और अब गैस का आयात भी बढ़ाएगा। जनवरी, 2026 में भारत ने रूस से 1.98 अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल आयात किया था। रूस आगामी 30 दिनों में करीब 95 लाख बैरल तेल भारत को भेज सकता है। यह प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। यह भी वैश्विक संकट का दौर है, जैसा कि कोरोना महामारी के दौरान था।

## अमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इज़रायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इज़रायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है।



संजीव ठाकुर

ईरान और इज़रायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इज़रायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इज़रायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। इज़रायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया। कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इज़रायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है।

वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था।

लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा ख़ामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा। मिसाइल हमले, ड्रोन अभियान और क्षेत्रीय सहयोगियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई तेज कर दी गई।

इस संघर्ष की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैलता दिखाई दे रहा है। खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे लगातार खतरे में हैं। ईरान ने अपने समर्थक संगठनों और मित्र देशों के माध्यम से कई अमेरिकी और पश्चिमी ठिकानों पर हमले किए हैं।मध्य-पूर्व के कई देश इस युद्ध से सीधे या परोक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। तेल के समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ गया है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी जा रही है। यदि यह युद्ध लंबा चला तो विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है।**

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है।



ललित गर्ग

विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है।



आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है। आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा।

भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है।

इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है। अब समय आ गया है कि इस पहल को और व्यापक बनाया जाए। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक स्तर पर युद्धविराम, संवाद और कूटनीतिक समाधान के लिए पहल करे। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की त्रासदी-इन सबके समाधान के लिए संवाद की नई पहल आवश्यक है। भारत यदि मध्यस्थता और शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाए तो वह विश्व राजनीति में एक संतुलनकारी शक्ति बन सकता है। इसके साथ ही परमाणु हथियारों और शस्त्रों की होड़ पर भी गंभीर चिंतन आवश्यक है। आज दुनिया में जिस गति से आधुनिक हथियारों का भंडार बढ़ रहा है, वह मानवता के लिए गंभीर खतरा है। किसी भी क्षण किसी राष्ट्र की नासमझी या राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी दुनिया को विनाश के कगार पर ला सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण और हथियार नियंत्रण की दिशा में नए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की आवश्यकता है। यदि विश्व समुदाय मिलकर युद्ध के स्थान पर संवाद और सहयोग को अपनाए तो न केवल वैश्विक स्थिरता कायम होगी बल्कि मानवता विकास और समृद्धि के नए मानक भी स्थापित कर सकेगी। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आशा भी। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और शक्ति-प्रतिस्पर्धा के तनाव से जूझ रहा है, तब दुनिया की निगाहें स्वाभाविक रूप से भारत की ओर उठती हैं।

# मौसम का बदलता मिजाज खतरे का संकेत

**भारत की पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतु-चक्र से रही है, लेकिन अब यह चक्र पूरी तरह से टूट चुका है। सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) एवं डाउन टू अर्थ की नई रिपोर्ट इंडिया क्लाइमेट 2025 ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां चरम मौसम कोई अपवाद नहीं बल्कि रोजमर्रा की हकीकत बन गया है।**

भारत में ग्लोबल वार्मिंग का असर अब साफ नजर आने लगा है। अभी मार्च माह की शुरूआत ही हुई है और गर्मी ने अभी से ही अपने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च के महीने में ही पसीने छूटने की मुख्य वजह तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी है। मौसम के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान लगभग 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह तापमान इस समय के लिए सामान्य से अधिक माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी तेज गर्मी मार्च के शुरुआती दिनों में कम ही देखने को मिलती है। ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि पिछले कई दशकों में मार्च के दौरान इतनी गर्मी कम ही दर्ज की गई है। कई लोग इसे पिछले करीब 50 वर्षों में सबसे ज्यादा गर्म मार्च की शुरुआत में से एक मान रहे हैं।



रोहित माहेश्वरी

हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसी वजह से मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है और गर्मी पहले की तुलना में जल्दी शुरू हो रही है। इसका असर यह है कि अब तापमान तेजी से बढ़ रहा है और गर्म दिनों की संख्या भी बढ़ रही है। कभी-कभी लू की अवधि भी पहले से अधिक लंबी हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों में, देश के कई शहरों ने गर्मी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुछ स्थानों पर तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो आने वाले वर्षों में गर्मी और भी तीव्र हो सकती है। भारत की पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतु-चक्र से रही है, लेकिन अब यह चक्र पूरी तरह से टूट चुका है। सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) एवं डाउन टू अर्थ की नई रिपोर्ट इंडिया क्लाइमेट 2025 ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां चरम मौसम कोई अपवाद नहीं बल्कि रोजमर्रा की हकीकत बन गया है।



सीएसई ने मौसम विभाग, गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग एवं विभिन्न राज्यों की एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर विश्लेषण किया है। साथ ही साल 2022 से सितंबर 2025 तक लगभग 1500 दिनों की भारत की मौसम संबंधी आपदाओं का एक नया नक्शा तैयार किया है। अध्ययन का सबसे चौंकाने वाला निष्कर्ष यह है कि भारत में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और वर्षा के बीच की स्पष्ट रेखाएं अब धुंधली पड़ चुकी हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 के पहले नौ महीनों (जनवरी से सितंबर) के दौरान देश ने लगभग 99 प्रतिशत दिन चरम मौसम की मार झेली है। इसका मतलब है कि इन 273 दिनों में से शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब भारत के किसी न किसी हिस्से में भारी वर्षा, लू, ओलावृष्टि या चक्रवात जैसी आपदा न आई हो। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। तीन साल बाद मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस महीने तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। 2025 में, मार्च के पहले सप्ताह के दौरान, उत्तर प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन का तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान लगभग 14 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन वर्षों में मार्च की शुरुआत का उच्चतम तापमान है। इससे पहले 2023 में, 1 मार्च को दर्ज किया गया अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च की शुरुआत में इतना अधिक तापमान इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ सकती है।

जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। विशेषकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। वास्तव में, मौसमी बदलाव फलों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मार्च का महीना किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। तापमान में वृद्धि से रबी की फसलों, विशेषकर गेहूं पर असर पड़ेगा। गर्मी के कारण अनाज का पूर्ण विकास नहीं हो पाएगा, जिससे पैदावार कम होगी। गर्म हवाओं से सरसों, चना और मटर जैसी फसलों को नुकसान हो सकता है।

बढ़ते तापमान के कारण खेतों की मिट्टी जल्दी सूख जाती है। इससे सिंचाई की लागत बढ़ जाती है और फसलों पर दबाव पड़ता है। चिंता की बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के सेब के बागों में, कम होती ठंडक से उत्पादकता में गिरावट देखी जा रही है। इससे बचने के लिए अनुकूलन उपायों में जलवायु अनुरूप बागवानी पद्धतियों को अपनाने और दीर्घकाल में सेब पट्टी को ऊंचे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। आवश्यकता होगी कि हम सूखा-सहिष्णु फसलों को अपनाएं। कम जल के बेहतर उपयोग के प्रयास हों। मौसम के बदलने के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर पड़ता है, जिससे उन्हें श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा अधिक हो जाता है। सुबह-शाम की ठंडी हवा, धूल-मिट्टी और प्रदूषण भी बच्चों में एलर्जी और अस्थमा की समस्या को बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों को लेकर इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक देने से परहेज करें, उन्हें धूल और धुएं से बचाकर रखें। इसके साथ ही बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाना भी जरूरी है।

कई स्टडी के द्वारा यह साफ हुआ है कि भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले लू के दिनों की संख्या 1980 के बाद से दोगुनी से भी अधिक हो गई है। हमारे देश में तीव्र शहरीकरण, सघन निर्माण और हरित क्षेत्रों के लगातार जारी क्षरण के चलते भी तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ते तापमान से उत्पन्न जल व ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तत्काल कारगर योजनाओं की जरूरत है। इसके साथ ही शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में तेजी से होने वाले परिवर्तन के इस नये असामान्य परिदृश्य के लिए नागरिकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए भी एक नया चार्टर बनाने की आवश्यकता होगी। सरकारों की तैयारियों को लेकर भी स्पष्ट रीति-नीति का निर्धारण जरूरी है। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के निस्तारण के लिए रणनीतियों को लेकर सहभागी दृष्टिकोण प्रभावकारी हो सकता है।

# महाविनाशक अर्थव्यवस्था का दौर

**अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है। उधर अमरीका में ही यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि अमेरिकी सेना कुशल है, लेकिन युद्ध का अंतिम लक्ष्य अस्पष्ट है। यह सैनिकों के लिए खतरा है और प्रशासन की रणनीति लगातार बदल रही है। ट्रंप की सैन्य नीतियाँ तो और भी शानदार हैं। अमेरिकी सेना को फिर से महान बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए। ड्रोन हमले बढ़ाए। सीरिया में बम गिराए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति का रातोंरात अपहरण कर लिया। युद्धजीवी पाकिस्तान को गोदी में बिठा लिया। ईरान को तबाह कर दिया।**

अति महात्वकांक्षा एवं सुपर पावर शाक्ति प्राप्त करने के लिए अमरीका ऐसा पहली बार नही कर रहा बल्कि सौ साल पहले भी अमरीका ने हजारों कराड़ों रूपये की होली खेली है। यह युद्ध केवल ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के लिए घातक नही है बल्कि इसका प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देने लगा है। लाखों जीवन तबाह होने के साथ जिस तरह से आर्थिक रूप से यह युद्ध तबाही की ओर बढ़ रहा है इसके परिणाम विश्व के अन्य देशों के साथ स्वंय अमरीका और इजराइल को भी भोगनें होगें। युद्ध के दो सप्ताह के अन्दर ही महंगाई की शुरूआत होना इस बॉत का संकेत है कि जितने अधिक दिनों तक यह युद्ध चलेगा इसका असर ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के साथ दुनिया भर में बढ़ता जाएगा। हम केवल आर्थिक दृष्टि से नजर डाले तो ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष में अमेरिका हर दिन करीब 891 मिलियन से 1.43 बिलियन डॉलर तक खर्च कर रहा है। यानी भारतीय मुद्रा में यह रोजाना लगभग 7,000 करोड़ से 12,000 करोड़ रुपये के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष लंबा चला तो इसकी लागत सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इसका सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था जुड चुका है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। इसके बाद से ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए थे। इस तरह से मंगलवार इस युद्ध का 11 वां दिन था। अब ईरान उन देशों को भी निशाना बना रहा है, जिनमें अमेरिकी सेना के अड्डे हैं। इस वजह से यह युद्ध कई देशों में फैल गया है। इस युद्ध की वजह से तेल-गैस के बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। इस युद्ध में ईरान, इजरायल और अमेरिका के अलावा साइप्रस, लेबनान, ईराक, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमिरात, सीरिया, कतर, ओमान भी शामिल हैं। यानि अप्रत्यक्ष रूप से इसका असर विश्व के अंतिम छोर तक के देशों में दिखाई पड़ेगा। यानि कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाला। 2020 के दौरान, विश्व का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.4 प्रतिशत गिरा था। अब इस युद्ध ने विश्व को महाविनाशक अर्थव्यवस्था की ओर धकेल दिया है।



प्रेम शर्मा



ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका की भूमिका व्यापक है। अमेरिका ने ना सिर्फ इजरायल के साथ इस जंग में हिस्सा लिया है बल्कि उसकी सहायता ने जमीन पर समीकरण बदले हैं। अमेरिका ने ही इस युद्ध की दिशा को बदल दिया है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी सुपरपावर है, उसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं। यही वजह है कि पिछले कई दशकों में जब दुनिया ने भीषण युद्ध देखे, अमेरिका ने उनमें अपनी अहम भूमिका अदा करते हुए अरबों-खरबों डॉलर खर्च किए। पहले विश्व युद्ध में अमेरिका का खुल खर्च 32 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है।

उधर अमरीका में ही यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि अमेरिकी सेना कुशल है, लेकिन युद्ध का अंतिम लक्ष्य अस्पष्ट है। यह सैनिकों के लिए खतरा है और प्रशासन की रणनीति लगातार बदल रही है। ट्रंप की सैन्य नीतियाँ तो और भी शानदार हैं। अमेरिकी सेना को फिर से महान बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए। ड्रोन हमले बढ़ाए। सीरिया में बम गिराए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति का रातोंरात अपहरण कर लिया। युद्धजीवी पाकिस्तान को गोदी में बिठा लिया। ईरान को तबाह कर दिया। क्या यह शांति है?

इस युद्ध ने वेस्ट और मिडिल ईस्ट के देशों के लिए नई जियोपॉलिटिक्स की परिभाषा लिख दी है। वो ट्रंप के साथ भी नहीं रह सकते और उनके बिना भी नहीं रह सकते। युद्ध का अंत अमेरिकी सहयोगियों के लिए भी एक बारूदी सुरंग जैसा होगा। वहीं, खाड़ी में अमेरिका के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा, लेकिन ईरान के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ेगा। ईरान युद्ध के नतीजे गंभीर और लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे दुनिया को बदलने की ओर इशारा कर रहे हैं। ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

# 14-15 मार्च को दो पालियों में होगी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने की, जिसमें केंद्र प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन का भली-भांति अध्ययन करते हुए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें और परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

**■ नकलविहीन व पारदर्शी व्यवस्था के दिए गए निर्देश**

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के रूट का पूर्व निर्धारण कर लें तथा कार्यदायी संस्था द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उनकी क्रियाशीलता की जांच सुनिश्चित कराई जाए साथ ही पुलिस भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा से पूर्व निर्धारित तिथि पर परीक्षा का रिहर्सल भी कराया जाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिया कि रोडवेज, रेलवे, टैक्सी संचालकों और होटल संचालकों के साथ बैठक कर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि भर्ती बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा परीक्षा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों के पहचान पत्र तैयार कराए जाएं। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश निर्धारित नियमों के अनुसार कराया जाएगा तथा सघन तलाशी भी ली जाएगी।

# संजीव सिंह आर्चरी इंस्टिट्यूट व एमअएम फाउंडेशन की साझेदारी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट और एम3एम फाउंडेशन के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाशाली खेल प्रतिभाओं को छात्रवृत्ति और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवा खिलाड़ियों को पहचानना, उन्हें सशक्त बनाना और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। विशेषकर ओलंपिक 2036, जिसकी मेजबानी के लिए भारत गुजरात में बोली लगा रहा है।

इस पहल के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निम्नलिखित सहायता प्रदान की जाएगी, शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति, अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्चरी उपकरण, संजीव सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट के विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं में पेशेवर



कोचिंग। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित भारत 2047 के विज़न तथा 2036 ओलंपिक तक भारत को शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में शामिल करने के लक्ष्य के अनुरूप है।

इस ऐतिहासिक साझेदारी के उपलक्ष्य में संजीव सिंह आर्चरी इंस्टिट्यूट में छात्रवृत्ति वितरण समारोह14 मार्च 2026 आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले 20 प्रतिभाशाली ग्रामीण तीरंदाजों (10 बालक और 10 बालिकाएँ, आयु 6-15 वर्ष) को खेल छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# लाल जी यादव को नई जिम्मेदारी के लिए चौधरी राजेश ने दी बधाई

**फतेहपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में जनपद जौनपुर के लाल जी यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी बनाए जाने पर चौधरी राजेश यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

चौधरी राजेश यादव ने कहा कि लाल जी यादव लंबे समय से समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा समाज के हित में बेहतर कार्य होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि लाल जी यादव अपने दायित्व का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को सशक्त बनाने तथा समाज के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना भी की। इस दौरान ने चौधरी राजेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ बैठक कर नव नियुक्त पदाधिकारी लाल जी यादव के आदेशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश देते हुए जरिए दूरभाष अपने टीम के साथ बधाई प्रेषित की है।

# साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को स्कूल, कॉलेज, पुस्तकालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी अपराध प्रगति यादव के नेतृत्व में बुधवार को सागर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहपुर में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर थाना फतेहपुर के उप निरीक्षक प्रभांशु शुक्ल, हेड कांस्टेबल अखिलेश उपाध्याय तथा राधानगर थाना की टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट www.cybercrime.gov.in के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो तुरंत इस नंबर पर कॉल कर या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अपराध को रोका जा सकता है।

# मठिया महावल में रुद्र महायज्ञ आयोजन निकली कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**तरकुलवा देवरिया।** तरकुलवा विकासखंड के ग्राम सभा मठिया महाबल में रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हो गया है। यज्ञ के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

यह कलश यात्रा मठिया महापुरुष शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा भरौटा, महुआपाटन, अमवा और सोहनरिया से होते हुए त्रिमुहानी घाट पहुंची, जहाँ जल भरा गया। यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सोनू सिंह, डॉ. प्रदीप राव, दिवाकर राव, गणेश राव, जयंत राव, हीरालाल गुप्ता और ग्राम प्रधान सतेंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया।

गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर यज्ञ के आचार्य पंडित सूरज मिश्र, कौशल उपाध्याय, सुब्रत पांडेय, अभिषेक पांडेय, अंशु मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी और मणि भईया उपस्थित रहे। मुख्य यजमानों में बांका गुप्ता, फेकू प्रजापति, सुनील मिश्र, रामहृदया शर्मा, दुर्गेश तिवारी, सुधीर पांडेय, टिंकू, संदीप और लालबहादुर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

# मनबढ़ ने युवक को मारी गोली

**ग़ाज़ीपुर।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में चल रहे सात दिवसीय 'जग' कार्यक्रम के हौसला बुलंद हमलावरों ने एक युवक को उस समय गोली मार दी जब वह कार्यक्रम में मौजूद लोगों के साथ जमीन पर बैठ कर प्रसाद ग्रहण कर रहा था। हमलावरों द्वारा दिनदहाड़े चलाई गई गोली से वहां अफरा तफरी मच गई। गोली से घायल विशाल यादव (23 वर्ष) पुत्र रामाश्रय यादव को गम्भीर स्थिति में गाजीपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, परन्तु स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए चिकित्सक ने उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि विशाल यादव जब प्रसाद ग्रहण कर रहा था तभी गोल्डेश यादव पुत्र शिवधर यादव अपने साथियों संग वहां पहुंचा और तमंचे से लक्ष्य कर विशाल के सीने में गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके फरार हो गये। विशाल के पिता रामाश्रय यादव का कहना है कि घटना के दौरान वह घर से बाहर निकल रहे थे।

# बकंधा की मदीना मस्जिद में खत्म हुई तरावीह, रमज़ान की बरकतों पर हुई तकरीर

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर ग्राम बकंधा स्थित मदीना मस्जिद में 20 रमज़ान को तरावीह की नमाज़ का समापन (ख़त्म तरावीह) बड़े अदब और अकीदत के साथ किया गया। इस दौरान मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत की और अल्लाह की बारगाह में दुआएँ मांगीं।

मदीना मस्जिद में तरावीह की नमाज़ हाफ़िज़ इरशाद सिद्दीकी क़ादरी साहब ने सुनाई। पूरे रमज़ान माह के दौरान उन्होंने कुरआन पाक की तिलावत के साथ तरावीह की नमाज़ अदा कराई, जिसका समापन 20 रमज़ान को हुआ। इस मौके पर मौजूद नमाज़ियों ने अल्लाह से अमन-चैन, खुशहाली और देश-दुनिया की सलामती के लिए दुआ की। कार्यक्रम में मौजूद क़ारी मौलाना बिलाल नूरी ने



**■ क़ारी बिलाल नूरी ने रमज़ान के हवाले से लोगों को किया जागरूक**

रमज़ान की फज़ीलत पर बयान देते हुए कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, मग़फिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। उन्होंने कहा कि यह महीना इंसान को सब्र, परहेज़गारी और इंसानियत की राह पर चलने की तालीम देता है। रोज़ा रखने और तरावीह की नमाज़ अदा करने से इंसान के गुनाह माफ होते हैं और अल्लाह की खास रहमत नसीब होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमज़ान के इस पाक महीने में इबादत के साथ-साथ गरीबों और जरूरतमंदों की मदद भी करें, क्योंकि यही इस महीने का असली पैगाम है। इस अवसर पर मस्जिद के मुतवल्ली इम्तियाज, बदरुद्दीन, आफताब, चांद हाफिज जी, शमशुल, सद्दाम, इरशाद, हबीब, जुल्फिकार प्रधान, अनीस उर्फ राजू भाई तथा शाहिद भाई (स्टार बॉडी मेकर) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को जुलाई 2025 से अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसको लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीडीओ अरुण कुमार को सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मनरेगा कर्मचारी प्रकाश बाबू, महावीर शरण, हिम्मत सिंह, इंद्रपाल सिंह, महेंद्र पाल, कमल किशोर, पवन आदि शामिल रहे। कर्मचारियों ने बताया कि बीते नौ महीनों से उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जबकि इस दौरान दशहरा, दीपावली, होली, नवरात्रि जैसे प्रमुख पर्व और कई वैवाहिक तिथियां भी निकल गईं। इन अवसरों पर परिवार में खर्च अधिक होता है, लेकिन मानदेय न मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### हज़रत अली की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत किया बरामद



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** हज़रत अली की यौमे शहादत 21 वी रमजान के शोक में शिया समुदाय के लोगों ने शबीहे ताबूत बरामद किया। शहर के मौहल्ला नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह सगीर हसन से मंगलवार की रात में मजलिस बरपा की गयी जिसमें वक्ताओं ने पैगम्बर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के चचा जात भाई और दामाद हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत का जिक्र किया बाद मजलिस के शबीहे ताबूत बरामद किया गया ताबूत की जियारत करने के लिए पुरुषों महिलाओं और बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी नम आंखों के साथ इमाम हज़रत अली के शबीहे ताबूत की जियारत करने के बाद मातम व नोहा ख्वानी की गयी मातमी जुलूस इमाम बारगाह सगीर हसन से बरामद हो कर हुसैनी चोक में रुका जहां अजादारो ने देर रात तक मातम किया इमाम बारगाह फरमान हुसैन साहब में पहुंचा कर मातमी जुलूस बाद ए मजलिस समाप्त हुआ।

### डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव



इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज आदि में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं उनकी कार्यशीलता का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष एवं परिसर की गतिविधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं प्रभावी रहनी चाहिए।

# लाला नगर टोल प्लाजा के पास हो फुट ओवर ब्रिज का निर्माण : डॉ. विनोद

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर सदैव तत्तपर भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने लाला नगर टोल प्लाजा के पास फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की रखी मांग है। सांसद ने बताया कि इस स्थान पर सड़क पार करते समय आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

सांसद ने इस संबंध में मंत्री गडकरी को एक पत्र भी सौंपा। पत्र में उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे 19 पर स्थित लाला नगर टोल प्लाजा के पास यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। आसपास की बड़ी आबादी को रोजाना हाईवे पार करना पड़ता है, जिसमें छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हैं। फुट ओवर ब्रिज न होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आए

**■ सांसद ने नितिन गडकरी से मुलाकात कर रखी निर्माण की मांग**

दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। सांसद ने जोर दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण से हजारों लोगों को आवागमन में आसानी होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

सांसद डॉ. विनोद बिंद ने बताया कि उन्होंने नितिन गडकरी से भेंट कर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की है, जिस पर मंत्री ने जल्द से जल्द इस कार्य को कराने का आश्वासन दिया है। सांसद ने यह भी जानकारी दी कि इस मुलाकात के दौरान लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न अन्य समस्याओं के संदर्भ में भी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से चर्चा की गई। मंत्री ने इन मामलों के निस्तारण को लेकर भी आश्वासन दिया है।

बताते चले कि अपने भदोही लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद अपने संसदीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, जैसे सड़कों का निर्माण, पुलों का विकास, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही, वे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाएं भी ला रहे हैं।

# जनगणना : प्रथम चरण के लिए प्रशिक्षण प्रारम्भ

**उरई (जालौन)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के संबंध में अधिशासी अधिकारियों, तहसीलदारों व तकनीकी स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन के लिए जनपद में दो दिवसीय एवं तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं प्रारम्भ की गई हैं। इन कार्यशालाओं में चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली तथा डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की यह 16वीं जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी।

# 'कुरान पढ़ना सुन्नत है तो उसे खामोशी से सुनना वाजिब'



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** शहर के करीब गांव सैफ खां सराय स्थित मदीना मस्जिद में रमजान-उल-मुबारक के मुकद्दस महीने के दौरान तरावीह की नमाज में कुरान-ए-पाक मुकम्मल होने पर एक नूरानी मजलिस और विशेष दुआओं का पुरखुलूस आयोजन किया गया। इस मुबारक मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय अकीदतमंदों ने शिरकत की और अल्लाह की बारगाह में मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए गिड़गिड़ाकर दुआएं मांगीं। कार्यक्रम के दौरान मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज गय्यूर सहाब ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कुरान की तालीम और उसके अदब पर खास जोर दिया। उन्होंने हालिया दिनों में तरावीह के दौरान होने वाली बातचीत और शोर-शराबे पर फिक्र जाहिर करते हुए नसीहत की कि कुरान पढ़ना सुन्नत है, लेकिन जब कुरान पढ़ा जा रहा हो तो उसे पूरी खामोशी और तवज्जो के साथ सुनना वाजिब है। उन्होंने साफ तौर पर समझाया कि वाजिब का दर्जा सुन्नत से भारी होता है, इसलिए तिलावत के दौरान खामोश रहकर उसका हक अदा करना हर मोमिन का फर्ज है ताकि इबादत की रूहानियत बरकरार रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 321 ग्रामीणों की हुई जांच



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** अनुरागिनी संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जनपद जालौन के विकास खंड कदौरा के ग्राम बाबीना स्थित विष्णु दत्त उपाध्याय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के आमजनमानस, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करना तथा सामान्य बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकीय टीम ने महिलाओं को स्वच्छता, पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम तथा संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

# तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड डकोर के ग्राम मोहम्मदाबाद में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब परिसर का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिससे तालाब को सुन्दर, सुरक्षित और उपयोगी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तालाब के चारों ओर साफ-सफाई कराई जाए ताकि क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहे। उन्होंने कहा कि तालाब केवल जल संचयन का स्रोत ही नहीं है, बल्कि यह गांव की सुंदरता और पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब के चारों ओर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# मरीजों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला पुरुष अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं, व्यवस्थाओं तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण काउंटर और साफ-सफाई की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से पूछा कि उन्हें समय पर दवाइयां मिल रही हैं या नहीं तथा डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ द्वारा उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं बरती जा रही है जिस पर मरीजों ने उपचार व्यवस्था को संतोषजनक बताया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को





**■ डीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए**

बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि संक्रमण और बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने दवा वितरण काउंटर का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर भी चेक किया। उन्होंने फार्मासिस्ट को निर्देश दिया कि आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। जिलाधिकारी ने वहां उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों और स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# भारतीय नव वर्ष हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी संतोष गुप्ता ने आज अपने जिला पदाधिकारियों के साथ आने बाली 19 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर को उत्सवमय बनाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने अनुरोध किया कि आगामी भारतीय नव वर्ष के अवसर पर शहर के मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भगवा झंडों के साथ आकर्षक सजावट एवं लाइटिंग की व्यवस्था कराई जाए, जिससे पूरे नगर में उत्सव और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण बन सके। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय नव वर्ष हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यदि नगर में विशेष सजावट की व्यवस्था की जाती है तो इससे नागरिकों में उत्साह बढ़ेगा और शहर का वातावरण भी उत्सवमय दिखाई देगा।

# नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब शिक्षा का नया सवेरा

■ दीक्षित नेत्र चिकित्सालय ने शुरू किए एलाइड हेल्थकेयर कोर्सेज

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी और अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पहचाने जाने वाले दीक्षित नेत्र चिकित्सालय ने अब युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। चिकित्सालय द्वारा नगर में एलाइड हेल्थकेयर कोर्सेज की शुरुआत की गई है। ये पाठ्यक्रम भारत सरकार के राष्ट्रीय स्किल एवं वोकेशनल एजुकेशन विभाग द्वारा संचालित हैं, जिससे क्षेत्र के युवाओं को न केवल उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

बताते चलें कि दीक्षित नेत्र चिकित्सालय द्वारा शुरू किए गए इन पाठ्यक्रमों में मुख्य रूप से डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, योगा, हॉस्पिटल मैनेजमेंट और नेत्र विभाग से संबंधित डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। वर्तमान समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल डॉक्टरों की ही नहीं, बल्कि कुशल पैरामेडिकल स्टाफ की भी भारी कमी है। इन कोर्सेज का उद्देश्य इसी कमी को पूरा करना और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। विशेष रूप से हॉस्पिटल मैनेजमेंट और नेत्र डिप्लोमा जैसे कोर्सेज के माध्यम से युवा आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का हिस्सा बन सकेंगे। इस पहल की जानकारी देते हुए दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुधीर दीक्षित ने शिक्षा और स्वास्थ्य के अंतर्संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल मरीजों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए युवाओं को सशक्त बनाना भी है। अक्सर देखा गया है कि डिग्री होने के बावजूद कौशल की कमी के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाता। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्किल एवं वोकेशनल एजुकेशन विभाग के



सहयोग से शुरू किए गए ये कोर्सेज पूरी तरह से प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर आधारित हैं। हमारे चिकित्सालय में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और अनुभवी फैकल्टी के माध्यम से विद्यार्थी सीधे कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त करेंगे। हमारा मानना है कि जब एक युवा कुशल होगा, तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। बताया कि सरकारी मान्यता प्राप्त सभी पाठ्यक्रम भारत सरकार के संबद्ध विभाग द्वारा प्रमाणित हैं, जिससे सर्टिफिकेट की मान्यता देशभर में रहेगी। प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दीक्षित नेत्र चिकित्सालय की उन्नत लैब और मशीनों पर छात्रों को सीधे सीखने का मौका मिलेगा। कम लागत, अधिक अवसर इन पाठ्यक्रमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे भी आसानी से प्रवेश ले सकें। बढ़ती मांगरू कोरोना काल के बाद से हेल्थकेयर सेक्टर में प्रशिक्षित मैनपावर की मांग में 40 प्रतिशत तक का उछाल आया है। बताया कि क्षेत्र के युवाओं के लिए यह एक बड़ी सौगात मानी जा रही है। अब विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए बड़े महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। हॉस्पिटल मैनेजमेंट और योगा जैसे कोर्सेज न केवल अस्पतालों बल्कि कॉर्पोरेट जगत और वेलनेस सेंटर्स में भी करियर के द्वार खोलते हैं। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी चिकित्सालय परिसर में संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल से न केवल चिकित्सालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि नगर को हेल्थ एजुकेशन हब के रूप में भी नई पहचान मिली है।

## मायके में रह रही महिला ने नए यमुना पुल से कूद कर दी जान

**प्रयागराज।** नैनी निवासी 42 वर्षीय महिला ज्योति शुक्ला ने नए यमुना पुल पर से यमुना नदी में कूद कर जान दे दी। मृतका पिछले चार साल से अपने मायके में रह रही थी। सूचना पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी के चकलाल मोहम्मद निवासी जगदीश चंद्र मिश्रा किसान हैं। उनकी बेटी ज्योति शुक्ला (42) पति प्रदीप शुक्ला की मौत के बाद अपने बेटे अंश के साथ पिता के घर चकलाल मोहम्मद में ही रह रही थी। पिता ने बताया कि पति की मौत होने के बाद उनकी बेटी की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी। बुधवार की सुबह वह अचानक घर से गायब हो गई थी। परिजन उसकी खोज कर ही रहे थे कि दोपहर में उसके नए यमुना पुल से कूदने की जानकारी मिली। दूसरी तरफ सुबह करीब दस बजे नए यमुना पुल से गुजर रहे राहगीरों ने पुल से एक महिला के कूदते हुए देखा तो सूचना घाट पर मौजूद रही।

# नव विवाहित जोड़ों को दी बधाई

■ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक दूसरे के जीवन साथी बनें 119 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में स्वामी गिरीशानन्द डिग्री कॉलेज, तिर्वा, कन्नौज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 119 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 02 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे।'

इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के मांगलिक क्षणों में पधारे हुये सभी वर-वधुओं को आर्शीवाद एवं शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि हम आभार व्यक्त करते हैं कि इस योजना को आप लोगो ने बहुत ही अच्छे भाव से स्वीकार किया, यही योजना की सफलता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आर्शीवाद देते हुए आये हुये अतिथियों को आभार व्यक्त किया। उन्होनें योजनान्तर्गत दिये जाने वाली उपहार सामग्री का अवलोकन भी किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत कुल रूपये 100000 की धनराशि व्यय की जाती है जिसमें रूपये 60000 कन्या के खाते में एवं रूपये 25000 की उपहार सामग्री (यथा वर-वधू हेतु वस्त्र, आभूषण-चांदी की पायल, बिछिया, स्टील डिनरसेट, प्रेशर कुकर, कढाई, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, सीलिंग फैन, कूलकेज, आयरन प्रेस, गददे इत्यादि) प्रदान किये जाते हैं। शेष धनराशि रूपये 15000 प्रति जोड़ा विवाह की व्यवस्था में व्यय किया जाता है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियों के साथ ही वर-वधू के पारिवारिक जन उपस्थित थे।

# इस महत्वपूर्ण विकास कार्य से रोजगार से अवसर मिलेंगे : जिलाधिकारी

■ औद्योगिक गलियारे के विकास को लेकर डीएम ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा के प्राथमिक विद्यालय अलियापुर में औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने के संबंध में ग्रामवासियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा संचालित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर योजना के अंतर्गत जनपद कन्नौज में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के तहत जनपद के चार गांवकृठठिया, अलीपुर अहाना, भुन्ना तथा चंदौली को प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि अलीपुर अहाना ग्राम में औद्योगिक गलियारे के विकास हेतु 142.6000 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि यह परियोजना जनपद के विकास, रोजगार सृजन तथा क्षेत्रीय आर्थिक प्रगति से जुड़ी हुई है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि इस महत्वपूर्ण विकास कार्य में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी जिज्ञासाएं एवं सुझाव साझा किए, जिनका जिलाधिकारी द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तिर्वा राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भक्ति मार्ग से भगवान की प्राप्ति होती है राम पुजन महराज

**जौनपुर।** बुधवार को मां जगत जननी धाम रामगढ़ प्रताप गढ़ के पीठाधीश्वर राम पुजन तिवारी महाराज मीडिया हब कार्यालय जौनपुर पहुंचे। भक्त व समर्थकों ने महाराज राम पुजन तिवारी फूलमालाओं से स्वागत सत्कार किया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। पत्रकार राजेश मिश्रा ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर महाराज जी स्वागत किया।महाराज जी ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्थान पर बल देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा की भक्ति मार्ग से भगवान की प्राप्ति होती है। मीडिया हब कार्यालय पर मौजूद लोगों से महाराज ने बातचीत भी की। नरेंद्र मिश्रा, सत्येन्द्र मिश्रा, राजेश मिश्रा अवधनामा ब्यूरो चीफ विकास मिश्रा शाखा प्रबंधक आईसीसीआई, अमित सिंह रघुवंशी, शिवानंद तिवारी, ,सुरज पांडेय समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब गोरखपुर की 24 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

■ अंकज अध्यक्ष,वहाब मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** प्रेस क्लब गोरखपुर के सत्र 2026 की 24 सदस्यीय कार्यकारिणी की आज घोषणा की गई, जिसमें श्री अंकज धर द्विवेदी अध्यक्ष और वहाब खान सर्व सम्मति से मंत्री चुने गए. यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रशासनिक संरक्षण श्री रत्नाकर सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शीलवर्धन सिंह और अजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति और कनक हरि अग्रवाल, संयुक्त मंत्री हरीश पांडे, संगठन मंत्री अजीत यादव और मौली शेखर सिंह, प्रचार मंत्री जयप्रकाश प्रजापति, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय नवल, सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती नूतन मिश्रा और श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, पुस्तकालय मंत्री नीरज सिंह, प्रचार सहायक शशांक श्रीवास्तव और कार्यकारिणी सदस्यों में अमन मिश्रा, उमेश मिश्रा, सत्येंद्र शर्मा, मोहम्मद अहमद अजीज फ्रेजर और अजय गुप्ता के साथ विधि सलाहकार समिति में श्री रविशंकर पाठक (प्रभारी ) दयाराम सोनकर श्वेता यादव और शशि भूषण ओझा का चयन किया गया है। मनोनयन पर श्री उदय प्रकाश पांडे, मनोज श्रीवास्तव गणेश, ओंकार सिंह, अरुण सिंह, विजय यादव,मृत्युंजय शंकर सिंहा, शैलेंद्र शैल, नीरज शर्मा, अरकान, रफत, प्रभात गुप्ता मोंटी, दबीर आलम,नीरज श्रीवास्तव,युसूफ वहाब, पंचानन पांडे,आनंद श्रीवास्तव, सूरज शर्मा, मो.युसूफ, प्रवीण और संजीव जायसवाल सहित भारी संख्या में पत्रकारों ने बधाई दी।

## बुलेरों में पिकअप ने मारी टक्कर आधा दर्जन घायल



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** लुधियाना से शादी कार्यक्रम करके वापस लौट रही पिकअप के चालक ने अचानक पीछे से टक्कर मार दी जिससे पिकअप सवार करीब आधा दर्जन सवारियां गंभीर रुप से घायल हो गई। जिन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा एंबूलेंस की सहायता से ईलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। बुधवार को रजलामऊ अंडरपास के निकट लुधियाना से हरदोई जा रही बुलेरो में पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे पिकअप सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बताया गया है कि हरदोई निवासी पिकअप सवार लुधियाना से शादी करके अपने घर वापस जा रहे थे। घायलों को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। मौके पर कुछ समय के लिये यातायात प्रभावित हुआ बोलेरो दुर्घटना के बाद पलट गई जिसके पहिया ऊपर हो गए। पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुस गई।

## ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के मोहल्ला बजरिया शालिग्राम निवासी आशु वर्मा पुत्र स्वर्गीय सतीश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 02 मार्च को शाम 08:30 बजे शराफत कोल्ड स्टोरेज के निकट अज्ञात ट्रैक्टर के चालक द्वारा उसकी स्विफ्ट कार में टक्कर मार दी जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया तथा कार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## मठिया महावल में रुद्र महायज्ञ आयोजन निकला भव्य कलश यात्रा



**तरकुलवा देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** तरकुलवा विकासखंड के ग्राम सभा मठिया महाबल में रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हो गया है। यज्ञ के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। यह कलश यात्रा मठिया महाबल शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा भरौटा, महुआपाटन, अमवा और सोहनरिया से होते हुए त्रिमुहानी घाट पहुंची, जहाँ जल भरा गया। यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र प्रताप राव, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सोनू सिंह, डॉ. प्रदीप राव, दिवाकर राव, गणेश राव, जयंत राव, हीरालाल गुप्ता और ग्राम प्रधान सतेंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर यज्ञ के आचार्य पंडित सूरज मिश्र, कौशल उपाध्याय, सुब्रत पांडेय, अभिषेक पांडेय, अंशु मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी और मणि भईया उपस्थित रहे। मुख्य यजमानों में बांका गुप्ता, फेकू प्रजापति, सुनील मिश्र, रामहृदया शर्मा, दुर्गेश तिवारी, सुधीर पांडेय, टिंकू, संदीप और लालबहादुर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

## 26 वां उर्स पार्क धूमधाम से मनाया गया

**आजमगढ़/प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** इनायत पट्टी सैदाबाद प्रयागराज में बड़े ही हर्षउल्लास के साथ रमजान के पवित्र महीने में हजरत सैयदना व मौलाना मुर्शिदना सैयद नजरे हसनैन कादरी चिश्ती मनाया गया द्य जिसमें बड़े दूर-दूर से लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और उर्स पाक में शामिल होकर अपनी जायज मुरादों को पूरी होने के लिए दुआ करते हैं द्य पीरो मुर्शीद सैयद नजर हसनैन के मुरीद काफी दूर-दूर तक फैले हैं द्य उनके मुराद्दीन मुंबई कोलकाता कर्नाटक जैसे शहरों से लोग इस खास मौके पर अकीदत के साथ यहां उपस्थित होते हैं द्य हमारे पीरो मुर्शिद का उर्स पाक है उसमें शामिल होना व दुआओं से फैजे हासिल कर सके द्य उर्स पाक में शामिल सज्जादा गद्दे नशीन सय्यद जैनुल आब्दीन साहब के साथ दरबार के खलीफा नईम उद्दीन कादरी सेक्रेटरी इम्तियाज मुजावर मोहम्मद रफीक शेख मुरीद शरफुद्दीन आज़मी मुरीद नसीम मंझनपुरी मुरीद मुख्तार मोहम्मद साहिर जफर सलीम मोहम्मद जुहेब के साथ सैकड़ों लोगों का हुजूम शामिल रहा द्य बाद नमाजे जोहर चादर व गुलपोसी की गई बाद नमाजे असर फातिहाखानी की गई।

## लोक अदालत के प्रति जागरूकता हेतु यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** निरीक्षक यातायात संजय कुमार पाल मय यातायात पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न चौराहों एवं तिराहों पर बैनर लगाकर, पम्पलेट्स का वितरण कर तथा ऑडियो प्रसारण के माध्यम से आम जनमानस, राहगीरों व वाहन चालकों को लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अपनी लंबित समस्याओं/प्रकरणों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। यातायात पुलिस द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई कि लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का सरल व त्वरित निस्तारण कराकर न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाने में सहयोग करे।

# चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण, जनप्रतिनिधियों ने विकास और जनसेवा का दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता



चार साल सेवा, विकास और जनविश्वास के जनप्रतिनिधियों ने जनता का जताया आभार

**देवरिया।** जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के चार वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, विकास कार्यों और जनसेवा को बताया प्राथमिकता उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधानसभा के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवरिया जनपद में जनप्रतिनिधियों और उनके समर्थकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बीते चार वर्षों के दौरान कराए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगे भी विकास की गति को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शलभ मणी त्रिपाठी के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समर्थकों ने कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक लगातार क्षेत्र की जनता के बीच रहकर समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री के चार वर्ष पूर्ण होने पर भी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिली है और किसानों को लाभ पहुंचा है।

सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मीगौतम चार वर्ष पूरे होने पर समर्थकों ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में ग्राम विकास, सड़क निर्माण और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मंत्री लगातार जनता से संवाद स्थापित कर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का प्रयास कर रही हैं। रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इसी प्रकार भाटपार रानी के विधायक सभा कुअर के चार वर्ष पूरे होने पर समर्थकों ने बैठक कर उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश निषाद के चार वर्ष पूर्ण होने पर भी कार्यक्रम आयोजित कर उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और जनसंपर्क की सराहना की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक मिश्रा शाका के चार वर्षो के सामाजिक और जनसेवा कार्यों को लेकर भी समर्थकों ने उनकी सक्रियता और जनसमर्पण की सराहना की।

कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि बीते चार वर्षों में विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया गया है। आने वाले समय में भी क्षेत्र के समग्र विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

# ब्लड प्रेशर और डायबिटीज हैं किडनी के सबसे बड़े दुश्मन : डॉ. सौम्या गुप्ता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सौम्या गुप्ता ने कहा कि उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और डायबिटीज किडनी के सबसे बड़े दुश्मन हैं। यदि इन बीमारियों को समय रहते नियंत्रित न किया जाए तो धीरे-धीरे किडनी की कार्यक्षमता कम होने लगती है और कई मामलों में मरीज को डायलिसिस की आवश्यकता तक पड़ सकती है।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि किडनी शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जो रक्त को शुद्ध करने, शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने तथा शरीर में तरल और खनिजों के संतुलन को बनाए रखने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में बड़ी संख्या में किडनी से संबंधित रोगियों का उपचार किया जाता है तथा जरूरतमंद मरीजों को डायलिसिस सहित आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि सामान्य व्यक्ति की दोनों किडनियों का कुल वजन लगभग 250ङ्300 ग्राम होता है। किडनी प्रतिदिन लगभग 180 लीटर रक्त को फिल्टर करती है।

भारत में अनुमानत हर 10 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी स्तर पर क्रॉनिक किडनी डिजीज से प्रभावित है। लगभग 60 प्रतिशत किडनी रोगों का कारण डायबिटीज और उच्च रक्तचाप होता है।

## चौकियां धाम: अष्टमी तिथि में माता रानी का भक्तों ने किया दर्शन-पूजन

**जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केंद्र शीतला चौकियां धाम में चैत्र माह की अष्टमी तिथि पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी जहां श्रद्धालुओं ने माता शीतला का दर्शन-पूजन करके आशीर्वाद लिया। प्रातःकाल मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात मन्दिर पुजारी मुक्तेश्वर पंडा ने माता रानी का भव्य श्रृंगार करके आरती–पूजन किया। सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतार माता रानी के दर्शन–पूजन करने के लिये देर शाम तक लगी रही। जनपद समेत दूर–दराज क्षेत्र से आये हुये दर्शनार्थियों ने बसिऔरा पूजन सामग्री एकत्रित करके माला, फूल, हलवा, पूरी, गुलगुला, रोट, हल्दी का लेपन करके माता रानी का दर्शन–पूजन किया।

# उद्योगपति पंकज मिश्र ने किया विश्व रिकॉर्ड धारक अर्पित का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी पंकज मिश्र ने आज अपने निजी आवास में विश्व रिकॉर्ड धारक और प्रसिद्ध साहित्यकार अर्पित शुक्ल उर्फ अर्पित सर्वेश को अंगवस्त्र एवं भगवान की छायाप्रति भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और साहित्य व समाजसेवा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पंकज मिश्र ने अर्पित सर्वेश के साहित्यिक योगदान और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के लिए उनका कार्य प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकार समाज में सकारात्मक सोच और जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मान समारोह के दौरान अधिवक्ता सूरज त्रिपाठी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अर्पित सर्वेश की उपलब्धियों और उनकी साहित्यिक यात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी छोटे नगर या कस्बे से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना आसान नहीं होता। सम्मान प्राप्त करने के बाद अर्पित शुक्ल उर्फ अर्पित सर्वेश ने पंकज मिश्र का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी साहित्यकार के लिए समाज से मिलने वाला सम्मान और प्रेम सबसे बड़ी पूंजी होता है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा लोक साहित्य और जीवन दर्शन के पथ प्रदर्शक

■ हिन्दुस्तानी एकेडेमी में आज `भारतीय ज्ञान परम्परा और लोक साहित्य' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0प्र0, प्रयागराज के तत्वावधान में आज 'भारतीय ज्ञान परम्परा और लोक साहित्य' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दो सत्रों में किया गया। सर्वप्रथम एकेडेमी परिसर में स्थापित पं. बालकृष्ण भट्ट, राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन एवं सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र के प्रारम्भ में एकेडेमी की कोषाध्यक्ष पायल सिंह ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए पायल सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा जो कि ऋषियों मुनियों के द्वारा वेदों उपनिषदों के माध्यम से लोक साहित्य, जीवन दर्शन और नैतिक शिक्षा के पथ प्रदर्शक हैं, जो कि भारतीय संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं के द्वारा लोक साहित्य को समृद्ध करते हैं। प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आर.पी. सिंह, पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उ.,प्र. ने कहा कि आदि काल से ऋषियों, मुनियों एवम् मनीषाण ने अपने ज्ञान, तपस्या एवम साधनाओं से अर्जित ज्ञान का वेदों, पुराणों और उपनिषदों के द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरण हेतु साहित्य एवं लोक कथाओं के द्वारा जन सामान्य के अनुकरण हेतु सुलभ कराया है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अजय प्रकाश खरे, प्राचार्य, सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और लोक साहित्य दोनों पृथक नहीं है। लोक साहित्य के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा जन जन तक पहुंचती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ0 सत्यप्रिय पाण्डेय, श्याम लाल महाविद्यालय, दिल्ली और विशिष्ट वक्ता डॉ0 कल्पना वर्मा, पूर्व आचार्य, आर्यकन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने किया। इस सत्र का संचालन डॉ0 सुजीत कुमार सिंह, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सुंगोष्ठी के द्वितीय सत्र के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान एकेडेमी के प्रशासनिक अधिकारी रतन पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों में प्रो. रामकिशोर शर्मा, रामनरेश तिवारी 'पिण्डीवासा', डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. सजंय कुमार सिंह, सहित शोधार्थी एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शकरकंद खाने से मिलते हैं ढेरों फायदे

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही कुछ चीजों की डिमांड तेजी से बढ़ती है। इन्हीं में से एक शकरकंद है। कुछ लोग इसको भूनकर खाते हैं, तो कुछ लोग उबालकर खाते हैं। इसकी गिनती फल और सब्जियों दोनों में की जाती है और यह ठंड में खूब बिकता है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। शकरकंद में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए अच्छे माने जाते हैं।



बता दें कि शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसकी वजह से लोग आलू की जगह शकरकंद खाने की सलाह देते हैं। शकरकंद में विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके अलावा शकरकंद में जिंक, कार्बोहाइड्रेट और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी तासीर गर्म होती है या ठंडी। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि शकरकंद की तासीर ठंडी होती है या गर्म।

***ठंडा या गर्म होता है शकरकंद***

बहुत से लोगों को शकरकंद खाना पसंद होता है। लेकिन लोग कंफ्यूज होते हैं कि इसकी तासीर ठंडी होती है या गर्म। तो बता दें कि शकरकंद की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में इसका अधिक सेवन किया जाता है। क्योंकि इसमें विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। साथ ही यह शरीर को सर्दी भी प्रदान करता है।

***इन समस्याओं में है फायदेमंद***

सर्दियों में शकरकंद का सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से काफी फायदेमंद माना जाता है। इसको खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शकरकंद में विटामिन सी की अच्छा मात्रा पाई जाती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। शकरकंद में फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और इसको खाने से पाचन में सुधार होता है। अगर आप खाना पचा नहीं पा रहे हैं, तो आपको इसको अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। सर्दियों के मौसम में लोग एक्सरसाइज करने में आलस करते हैं। जिसकी वजह से वजन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में अगर आप अपनी डाइट में शकरकंद को शामिल करते हैं, तो फाइबर से भरपूर होने की वजह से आपको जल्दी भूख नहीं लगेगी और आप ज्यादा खाने से बच जाएंगे।

***कब न खाएं शकरकंद***

हम में से बहुत से लोग कभी भी शकरकंद का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए रात के समय शकरकंद खाने से बचना चाहिए और यदि आप मधुमेह या फिर मोटापे से पीड़ित हैं, तो आपको दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शकरकंद खाना चाहिए। हालांकि आप शकरकंद को कई तरह से खा सकते हैं। आप इसको उबालकर, भाप में पकाकर या फिर बेक करके खा सकते हैं। आप सर्दियों में इसका सूप बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

# चाहिए गुलाब जैसा निखार! घर पर बनाएं टमाटर-चुकंदर का सूप, नोट करे रेसिपी

सर्दियों में स्किन देखभाल मांगती है। इस मौसम त्वचा की देखभाल करना भी काफी मुश्किल होता है। नमी की कमी के कारण त्वचा रुखी हो जाती है। ठंडी हवाओं के कारण त्वचा भी फटने लगती है। जिस कारण से रुखी त्वचा और भी बेजान हो जाती है। अगर आप अपनी टमाटर-चुकंदर का सूप को एड करते हैं, तो आपकी त्वचा काफी चमकेगी और आपका चेहरा भी गुलाबी दिखेगा। इस लेख में हम आपके लिए न्यूट्रिएंट से भरपूर ग्लो-एन्हांसिंग सूप की रेसिपी लेकर आए, इसे आप अपने दैनिक आहार में जरुर शामिल करें। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।



***टमाटर-चुकंदर का सूप कैसे बनाएं***

***सामग्री***

- 2 टमाटर
- 1 छोटा चुकंदर
- 2-3 लहसुन की कलियां
- 1 चुटकी काली मिर्च
- स्वादानुसार नमक
- 1 कप पानी

***टमाटर-चुकंदर का सूप बनाने का तरीका***

- टमाटर और चुकंदर को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब एक पैन में थोड़ा पानी डालें और उसमें कटे हुए टमाटर, चुकंदर और लहसुन डालकर उबालें।
- इस मिश्रण को धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकने दें, फिर ठंडा होने दें।
- फिर आप इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चिकना पेस्ट बना लें, फिर छान लें।
- अब आप सूप को दोबारा गर्म करें, नमक और काली मिर्च डालें और अच्छी तरह मिला लें।
- आपका गरमागरम सूप तैयार है। आप चाहें तो इसे छानने की जरूरत नहीं है और स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें एक चम्मच सफ़ेद मक्खन भी मिला सकते हैं।

बता दें कि, यह सूप टेस्टी तो है साथ ही सर्दियों के दौरान आपकी त्वचा को अंदर से चमकने भी मदद करता है। गौरतलब है कि टमाटर और चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को डिटॉक्सीफाई करते हैं। इतना ही नहीं, लहसुन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

# खुद को गर्म रखने के लिए हॉट चॉकलेट की इन रेसिपीज को घर में बनाएं, नोट करें विधि

ठंड के मौसम में कंबल में सोते रहना सभी को अच्छा लगता है इसके साथ ही हॉट चॉकलेट का मग मिल जाए तो और भी आनंद आ जाता है। हॉट चॉकलेट गाढ़ा और मीठा डेजर्ट बेवरेज है जो गर्माहट प्रदान करने के साथ-साथ चॉकलेटी स्वाद से मन को खुश कर सकते हैं। आप हॉट चॉकलेट के कई फ्लेवर ट्राई कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसी रेसिपीज बताएंगे जिनका आप आसानी से बना सकते हैं और स्वाद भी लाजवाब हो।



***क्लासिक क्रीमी हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप मिल्क
-2 चम्मच बिना चीनी वाला कोको पाउडर
-2 चम्मच चीनी
-1/4 चम्मच वनिला एक्सट्रैक्ट
-टॉपिंग के लिए व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो

***इसे बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप सॉस पैन में मीडियम आंच पर दूध गर्म करें। ध्यान रहे कि दूध को उबालना नहीं है।
- इसमें कोको पाउडर और चीनी डालें। इसके साथ ही चीजों को अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।
- सभी चीजें अच्छे से घुल जानी चाहिए।
- वनिला एक्सट्रैक्ट डालकर मिक्स करें। दूध को अच्छे से पकने दें।
- फिर आप मग में गर्मागर्म डेजर्ट बेवरेज डालें और ऊपर से व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो डालकर सर्व करें।

***पेपरमिंट हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट
-गार्निश के लिए क्रश की हुई कैंडी केन

***बनाने का तरीका***

- दूध को गर्म कर लें, ध्यान रहे उबालना नहीं है।
- दूध पकने पर उसमें कोको पाउडर और चीनी मिला लें।
- फिर आप पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट डालें। ध्यान रखें कि इसे पहले कम मात्रा में डालें। नहीं तो आपकी हॉट चॉकलेट कड़वी हो जाएगी।

***मैक्सिकन हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच दालचीनी
-एक चुटकी लाल मिर्च

***बनाने का तरीका***

- जैसे ऊपर बताया कि दूध को गर्म कर लें।
- अब इसमें कोको पाउडर, दालचीनी और लाल मिर्च डालकर फेंटें।

# सरसों ही नहीं, भारत के कोने-कोने में खाए जाते हैं ये साग

सर्दियों के दिनों में लोग हरी पत्तेदार सब्जियां प्रमुखता से खाते हैं। इनमें भी सरसों का साग काफी खाया जाता है। सरसों का साग पंजाब की सिग्नेचर डिश है और ठंड के दिनों में हर घर में बनती है। हालांकि, अगर आप यह सोचते हैं कि सर्दियों में सिर्फ सरसों का साग ही खाया जाता है तो आप गलत है। इस मौसम में भारत के अलग-अलग राज्यों में कई तरह के अलग-अलग पारंपरिक साग बनाए जाते हैं। इनका ना केवल स्वाद और टेक्सचर अलग होता है, बल्कि ये क्षेत्रीय रीति-रिवाजों और संस्कृति के बारे में भी काफी कुछ बताते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको भारत के अलग-अलग राज्यों में बनने वाले साग के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अक्सर लोग ठंड के दिनों में बनाते हैं-



***सरसों का साग (पंजाब)***

शायद ही कोई पंजाबी हो, जिसे सरसों का साग पसंद ना हो। इस डिश को सरसों के साग और कुछ मसालों का उपयोग करके बनाया जाता है। इसे बनाते समय पालक और बथुआ भी डाला जाता है। सरसों के साग का क्रीमी टेक्सचर होता है और अमूमन लोग इसे मक्की के आटे से बनी रोटी के साथ खाना काफी पसंद करते हैं। साथ ही, बहुत सारा सफेद मक्खन टेस्ट को कई गुना बेहतर बना देता है।

***गुंडी साग (ओडिशा)***

ओडिशा में लोग गुंडी साग बड़े चाव से खाते हैं। इस साग को गुंडी के पत्तों की मदद से बनाया जाता है। यह एक नई हरी किस्म है, जिसका उपयोग इसके विशेष स्वाद और औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। गुंडी के पत्तों को पारंपरिक ओडिशा के मसालों के साथ पकाया जाता है। इसे सूखी लाल मिर्च, जीरा और लहसुन से बनाया जाता है। साथ ही, इसमें ओडिशा के पांच मसालों का तड़का लगाया जाता है।

***साई भाजी (सिंधी)***

यह सिंधियों की स्पेशलिटी है। साई भाजी दाल, सब्जियों और पालक और अन्य साग का एक बैलेंस है। इसे बनाते समय मौसमी साग जैसे मेथी के पत्ते, डिल और ताजा पालक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। उबालने पर, चने की दाल प्रोटीन और क्रीमी टेक्सचर देती है। टमाटर, गाजर और आलू जैसी सब्जियां इस डिश के पोषक तत्वों को बढ़ाती है।

***लाल साग भाजा (पश्चिम बंगाल)***

लाल साग भाजा विशेष रूप में पश्चिम बंगाल में खाया जात है। इसे अमरनाथ के पत्ते यानी लाल साग की मदद से तैयार किया जाता है। ताज़े लाल अमरनाथ के पत्तों को हरी मिर्च, पंचफोरन (पांच मसालों का मिश्रण) और साग की हल्की कड़वाहट को दूर करने के लिए थोड़ी चीनी के साथ स्टर फ्राई किया जाता है। सरसों के तेल के साथ अंतिम तड़का इस डिश के टेस्ट को बढ़ाता है।

# इस तरह से बनाएं आंवले की स्वादिष्ट चटनी, बच्चों से लेकर बड़ों सबको आएगी पसंद, नोट करें रेसिपी

आंवला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, डॉक्टर भी आंवला खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। सर्दियों में आंवला खाना काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से कई समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आंवले का स्वाद खट्टा होते है, जिस वजह से बच्चों को इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। अगर आप घर पर आंवले की चटपटी चटनी बनाएंगे तो इसे सभी लोग खाना पसंद करेंगे। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने का तरीका।



***आंवले की चटनी बनाने के लिए***

***सामग्री***

- 1/2 किलो आंवला
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच पंचफोरन ( मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज का मिक्स)
- 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज
- आधा चम्मच से भी कम हिंग पाउडर
- 1/2 कप गुड़
- 1 चम्मच मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चम्मच काला नमक
- 1 चम्मच अदरक कटा हुआ

***कैसे बनाएं आंवला की चटनी***

- सबसे पहले आंवला को मीडियम आंच पर 10-15 मिनट भाप में पकाएं। जब आंवले नरम हो जाएं तो इसके बीज निकालकर आंवले का गूदा को अलग कर लें। अब एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल लें, उसमें 1 चम्मच मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज डालें। इसके बाद 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज और थोड़ा सा हींग पाउडर डालें। फिर आप इसमें उबले हुए आंवले डालें और 5 मिनट तक अच्छे से भून लें। अब आप इसमें आधा कप गुड़ डाल दें। इसको आप मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक गुड़ पिघल न जाए और मिक्स थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। जब यह गाढ़ा हो जाएगा तो इसे धीमी आंच पर रखें। फिर आप इसमें मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और काला नमक डालें। फिर बारीक कटा हुआ अदरक भी इसमें मिला दें। अच्छे से मिक्स के बाद आपकी आंवले की चटनी तैयार है। इसे रोटी, पराठा, चावल के साथ सर्व करें।

# बच्चों के टिफिन में रखें चुकंदर से बनी ये 2 टेस्टी और हेल्दी रेसिपी, तुरंत होगा फिनिश

हर घर में मम्मियों की चिंता रहती है रोजाना सुबह उठकर बच्चों के लांच बॉक्स में क्या रखें। इसको लेकर वह काफी कंफ्यूज रहती है कि आखिर टिफिन बच्चों क्या बनाकर रखें, जो हेल्दी और टेस्टी हो। अब चिंता को छोड़िए, आप अपने बच्चे के टिफिन में चुकंदर से बनी ये दो रेसिपी जरुर रख सकते हैं। ये डिश हेल्दी होने के साथ ही काफी टेस्टी है आपके बच्चें इससे खाकर टिफिन को साफ कर देंगे। इसे बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते है।

***चुकंदर के अप्पे***

***सामग्री***

-चुकंदर- 2 कद्दूकस किए हुए
-सूजी- 2 कप
-छाछ या खट्टा दही- आधा कप
-ईनो/बेकिंग सोडा-एक चुटकी
-नमक-स्वादानुसार
-तेल

***इसे बनाने का तरीका***

- इसके लिए आप पहले एक बाउल में सूजी, चुकंदर, नमक और खट्टा दही और छाछ लेना है।
- इन चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूद बेटर तैयार कर सकते हैं।
- इस मिश्रण को अब करीब 10-15 मिनट के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें।



- फिर आप इसमें ईनो या बेकिंग सोडा और हल्का पानी डालकर दुबारा मिक्स करें।
- अब आप इडली स्टैंड को गैस पर रखकर उसमें तेल लगाकर बेटर डालें और करीब 10 मिनट के लिए पका लें।
- और आपकी गरमा-गरम अप्पे तैयार है। इसे आप चटनी या सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं।

***बीटरुट चाट***

***सामग्री***

-काबुली चना- 1 कटोरी (उबले हुए)
-लोबिया- 1 कटोरी (उबले हुए)
-चुकंदर- 2 (उबले छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
-तेल- 1 टेबलस्पून
-राई- 1 टेबल स्पून
-नमक- स्वादानुसार
-चाट मसाला- आधा टेबल स्पून
-हल्दी- आधा टीस्पून
-प्याज- बारीक कटा हुआ
-अनार के दाने- आधा कटोरी
-हरा धनिया- बारीक कटा हुआ
-नींबू का रस- 1 टेबलस्पून

***इसे बनाने का तरीका***

- बीटरुट चाट बनाने के लिए आपको एक रात पहले काबुली चना और लोबिया को रात भर पानी में डालकर भिगो दें।
- फिर पानी को हटाकर कुकर में पानी और नमक डालकर इसे उबाल लें।
- इसके बाद एक बर्तन में चुकंदर को छीलकर उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब आप गैस पर एक पैन चढ़ाएं फिर इसमें तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें राई को डाल दें।
- फिर उबले हुए छोले और लोबिया डालें साथ ही ऊपर से नमक, चाट मसाला और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इसमें चुकंदर डालकर दो-तीन मिनट के लिए भून लें।
- गैस बंद कर दें अब ऊपर से हरा धनिया, नींबू का रस, कटा हुआ प्याज और अनार दाने डालकर फिर मिक्स करें।
- यह आपकी चुकंदर चाट तैयार है। इसे आप टिफिन बॉक्स में सर्व करके रख दें।

# जड़ी-बूटियों से बना ये घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल, असर देख आप भी रह जाएंगे हैरान

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।



***एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा***

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

***इन चीजों की होगी जरूरत***

चाय पत्ती- 2 चम्मच
मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम
खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच
मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच
सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?
नोट- मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

***ऐसे तैयार करें लेप***

एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100 ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।

अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।

यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।

***इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।***

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

***डाई भी होगी फेल***

एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

***जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी***

बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।

# टॉयलेट की भयंकर बदबू से छुटकारा दिला सकता है ये कमाल का जुगाड़, बिना क्लीन किए दूर होगी स्मेल

टॉयलेट की भयंकर बदबू से कई बार पूरा दिन खराब हो जाता है। तो वहीं कई बार बदबू इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि टॉयलेट इस्तेमाल करने का भी मन नहीं करता है। वहीं अगर कहीं घर में मेहमान आ जाएं, तो आपको शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। अक्सर बिजी शेड्यूल होने की वजह से लोगों के पास टाइम नहीं होता है, जिससे कि वह रोजाना टॉयलेट की सफाई कर सकें। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप बिना इसको क्लीन किए ही बदबू को दूर कर सकते हैं।



दरअसल, आप नींबू और मास्क की मदद से टॉयलेट से आने वाली भयंकर बदबू को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आपको मास्क और नींबू की ट्रिक को जान लेना चाहिए। वहीं आपको एक बार इस ट्रिक को आजमाना है और इससे हफ्ते भर आपको टॉयलेट की सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ फ्लश करने से न सिर्फ टॉयलेट क्लीन होगा, बल्कि बदबू भी दूर हो जाएगी। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इसके लिए आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना होगा।

***चाहिए होगा ये सामान***

नींबू
सर्जिकल मास्क
कैंची

ऐसे डालें मास्क में नींबू

कंबोड से बदबू को हटाने के लिए आप नींबू और मास्क वाली ट्रिक आजमा सकते हैं। इसके लिए नींबू को छोटे-छोटे स्लाइस में काट लें और फिर मास्क का ऊपरी हिस्सा स्ट्रिप्स के साथ कट कर दें। इससे आपको मास्क में नींबू के स्लाइस डालने की जगह मिल जाएगी। अब इसमे नींबू की स्लाइस डालने के बाद कटी हुई स्ट्रिप्स से इसको बांध लीजिए।

***जानिए कैसे काम करेगी ये ट्रिक***

बता दें कि जब आप मास्क के अंदर नींबू की स्लाइस बांधेंगे तो यह एक पैकेट की तरह लगेगा। अब इस नींबू वाले पैकेट को वन साइड स्ट्रिप्स की मदद से फ्लश टैंक के अंदर लटकाएं। इससे नींबू का एसिड फ्लश के साथ टैंक के पानी में मिल जाएगा। फिर आप जब भी इसे फ्लश करेंगे, तो नींबू का एसिड कंबोड क्लीन हो जाएगा। ठीक इसी तरह से आप बोतल वाला नुस्खा भी आजमा सकते हो।

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला। फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं।

शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा।

गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और %अमित शाह माफी मांगो% के नारे लगाए।

कितना बोलना है इसके लिए कुछ नियम बने हैं। 17वीं लोकसभा कांग्रेस को 157 घंटे 55 मिनट का समय दिया गया। जबकि उनके 52 सदस्य थे। कांग्रेस को भाजपा से 6 गुना ज्यादा समय दिया गया। जबकि भाजपा के पास 6 गुना ज्यादा सदस्य थे

18वीं लोकसभा में भी कांग्रेस को भाजपा से दो गुना समय मिला। नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। मगर बोलने का मौका आता है तो जर्मनी में होते हैं इंग्लैंड में होते हैं। फिर शिकायत करते हैं।

18वीं लोकसभा में 157 घंटे 55 मिनट कांग्रस के सदस्य बोले। मैं विपक्ष नेता से पूछना चाहता हूं कि आप तब क्यों नहीं बोले। किसने रोका था। वो तो आपका अधिकार है कि आपकी पार्टी से कौन बोलेगा।

विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते हैं तो नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते।

वक्फ संशोधन-धारा 370 जैसी चर्चाओं से राहुल गायब रहे। स्ढ्ढक्र पर चर्चा थी। विपक्ष के नेता को बोला गया कि आप बोलिए। नहीं बोले। उन्होंने सदन डिस्टर्ब किया। उनको अचानक एक आइडिया आया कि मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा हो। आपके परनाना से लेकर आपकी दादी से पिता जी तक, बड़े बड़े नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बहस नहीं हुई।

16वीं लोकसभा में राहुल गांधी ने 2014, 2015, 2017 और 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग नहीं लिया। उन्होंने 16वीं लोकसभा में केंद्रीय बजट पर किसी भी चर्चा में भी हिस्सा नहीं लिया।

उन्होंने किसी भी सरकारी विधेयक पर चर्चा में भाग नहीं लिया। 16वें, 17वें, 19वें, 20वें और 21वें सत्रों में उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया।

# नक्सलियों के डंप से सबसे बड़ी बरामदगी- 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना मिला, एके-47 समेत 101 घातक हथियार जब्त

एजेंसी



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आज नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था।

यह आत्मसमर्पण पुणे मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत हुआ। कार्यक्रम राज्य के डीजीपी अरुण देव गौतम और एडीजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में हुआ। बस्तर आईजी सुंदरराज पी सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी।

इन हथियारों में एके 47, इंसास, एलएमजी और बीजीएल शामिल थे। नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ रुपये नकद और 1.64 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद किया गया। इसे अब तक के नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी डंप बरामदगी माना जा रहा है। यह सभी सामग्री बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों से बरामद की गई थी। इनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले शामिल हैं।

बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था।

अधिकारियों का कहना है कि सरकार की पुनर्वास नीति प्रभावी साबित हो रही है। लगातार चल रहे सुरक्षा अभियानों के कारण नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### 16 मार्च से अपने तेल भंडार का इस्तेमाल शुरू करेगा जापान

**टोक्यो।** पश्चिम एशिया में संकट के कारण दुनिया के देशों के ईंधन की कमी की चिंता सताने लगी है। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने बुधवार को कहा कि देश तेल भंडार का कुछ हिस्सा 16 मार्च से इस्तेमाल करना शुरू कर देगा। ताकाइची का यहा फैसला होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल और गैस मार्ग बाधित होने के बीच आया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री ताकाइची ने बताया कि जापान निजी क्षेत्र के तेल भंडार से 15 दिन का और सरकार के तेल भंडार से एक महीने का तेल जारी करने की योजना बना रहा है। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इसके बाद दोनों ओर से एक दूसरे ड्रोन और मिसाइलों से हमले जारी है। ईरान और उसके सहयोगियों ने जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जो भी जहाज इस मार्ग से गुजरेगा, उस पर हमला किया जा सकता है। ईरान ने सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे तेल-समृद्ध खाड़ी देशों पर हमले करके होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इस जलडमरूमध्य के जरिये दुनिया के एक-पांचवें तेल का परिवहन होता। होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना 1970 के तेल संकट के बाद से सबसे बड़ा तेल और ऊर्जा की आपूर्ति में संकट है। जापान ने यह फैसला उस समय लिया है, जब सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का समूह (जी7) कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग तैयारी कर रहा है। जापान ने जी7 के नेताओं की वीडियो कॉन्फ्रेंस से पहले यह फैसला लिया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अध्यक्षता में इस कॉन्फ्रेंस में युद्ध के आर्थिक असर पर चर्चा होने वाली थी। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय उर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने मंगलवार को संकट बैठक की। उन्होंने उर्जा आपूर्ति सुरक्षा व आपातकालीन भंडार जारी करने की संभावनाओं का मूल्यांकन किया।

## जमीनी विवाद में सगे भाइयो में खूनी संघर्ष दोनों पक्षों के आठ लोग घायल

**भोपाल।** थोड़ीसी जमीन के विवाद में सगे भाइयों के बीच मे मशभरत छिड़ गया एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए खून के रिश्ते भूलकर एक दूसरे पर कुल्हाड़ी डंडो लाठियों से हमला कर दिया टौरियाटेक में जमीनी विवाद में यादव परिवार के दो सगे भाइयों के बीच कुल्हाड़ी, लाठी डंडे से एक दूसरे पर जमकर मारपीट की आठ लोगों के सिर फूटे हाथ पैर में एव शरीर में गंभीर से चोटे आई दो तीन की हालत गंभीर है सुबह 6 बजे खेत पर जा रहे रतिराम पिता जानकी यादव, पत्नी माया, लड़का नरेन्द्र , ओम प्रकाश, यादव को सकरा कुआ के रास्ते मे रोहित, प्रकाश, भोले ने कुल्हाड़ीयो से हमला बोल दिया जिससे रतिराम की हालत गंभीर है। रात्रि में घर में जानकी, रोहित भोले, प्रकाश यादव सो रहे थे लाठी डंडे से रतिराम माया, नरेश, ओम प्रकाश ने हमला कर दिया सभी लोगो के सिर हाथ पैर शरीर मे चोटे आई जिससे जानकी यादव की हालात ज्यादा गंभीर है।

## व्हाइट हाउस के पास बैरिकेड से टकराई वैन, डाउनटाउन वॉशिंगटन को सुरक्षाबलों ने घेरा, ड्राइवर गिरफ्तार

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में बुधवार सुबह एक बड़ी घटना हुई। यहां व्हाइट हाउस के पास एक वैन सुरक्षा घेरे (बैरिकेड) से टकरा गई। इस टक्कर के तुरंत बाद सुरक्षा के मद्देनजर पूरे डाउनटाउन वॉशिंगटन में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं।

यह वैन व्हाइट हाउस के ठीक उत्तर में स्थित लाफायेट स्क्वायर के एक गेट से टकराई। यह जगह आम तौर पर पर्यटकों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों से भरी रहती है। राहत की बात यह है कि इस हादसे में अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है। सीक्रेट सर्विस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। अधिकारियों ने ड्राइवर को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक ड्राइवर की पहचान या उसके बारे में कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब ईरान के साथ अमेरिका और इस्राइल के बढ़ते तनाव के कारण राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही बहुत कड़ी है। युद्ध के माहौल को देखते हुए सुरक्षा बल हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि यह महज एक हादसा था या इसके पीछे कोई साजिश थी।

# पश्चिम एशिया युद्ध से भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर भारी दबाव

एजेंसी




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को बुरी तरह बाधित कर दिया है, जिसका सीधा असर भारत के कई प्रमुख सेक्टर्स, खासकर गैस पर निर्भर उद्योगों और बंदरगाह आधारित व्यापार पर पड़ रहा है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के सीईओ और महासचिव रंजीत मेहता ने इस संकट पर चिंता जताते हुए साफ किया है कि यह युद्ध भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सीधे तौर पर प्रभावित कर रहा है। मेहता के मुताबिक, बंदरगाहों पर अफरा-तफरी का माहौल है और गैस सप्लाई पर निर्भर कई व्यवसायों को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

पश्चिम एशिया के संकट से पैदा हुई इस अनिश्चितता के बीच भारत सरकार ने सक्रिय कदम उठाते हुए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और मोजाम्बिक जैसे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से प्राकृतिक गैस की खरीद शुरू कर दी है। मेहता ने अनुमान जताया कि नए विकल्पों से आपूर्ति शुरू होने और स्थिति को स्थिर होने में लगभग दो से तीन सप्ताह का समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि अमेरिका या अन्य स्रोतों से आयातित गैस की प्रति एमएमबीटीयू (मिलियन मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट) कीमत मध्य पूर्व की तुलना में निश्चित रूप से अधिक होगी। इसके परिणामस्वरूप भारत के इंपोर्ट बिल (आयात बिल) में सीधा इजाफा होगा, लेकिन देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

इस भू-राजनीतिक संकट के कारण वैश्विक कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के बाजार में भारी उछाल आया है। मेहता ने बताया कि जो कीमतें पहले 60-65 के स्तर पर थीं, वे अब 90 डॉलर प्रति बैरल का आंकड़ा पार कर चुकी हैं और एक समय तो यह 117 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई थीं। उन्होंने चेतावनी दी कि क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर जाना भारत ही नहीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण सीधे तौर पर उत्पादन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ जाती है। इसका असर फार्मास्युटिकल व्यापार सहित व्यापक आयात-निर्यात गतिविधियों पर पड़ रहा है, जिससे शिपिंग महंगी हो रही है और अंततः अर्थव्यवस्था में महंगाई का दबाव बन रहा है।

गैस आपूर्ति में हो रही इस रुकावट ने उर्वरक उद्योग के लिए भी खतरे की घंटी बजा दी है, क्योंकि प्राकृतिक गैस इस सेक्टर का प्रमुख कच्चा माल है। मेहता ने बताया कि आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए फर्टिलाइजर के उत्पादन और उपलब्धता पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है, हालांकि उन्हें भरोसा है कि सरकार इस स्थिति को सफलतापूर्वक

## 'ये बगावत नहीं लव जिहाद है', वायरल गर्ल मोनालिसा की शादी की खबरों पर बोले निर्देशक सनोज मिश्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा एक बार फिर चर्चाओं में हैं। इस बार वो किसी फिल्म या अपनी नई तस्वीर को लेकर नहीं बल्कि अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। कथित तौर पर उन्होंने अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड के साथ शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनालिसा ने अपने परिवार के विरुद्ध जाकर शादी की है। अब उनकी शादी की खबर सामने आने के बाद उन्हें फिल्मों में लॉन्च करने की बात करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा की प्रतिक्रिया सामने आई है। सनोज मिश्रा ने फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट लिखकर मोनालिसा के इस कदम को लव जिहाद बताया है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखा है, जिसका टाइटल उन्होंने दिया है- 'ये बगावत नहीं लव जिहाद है।' इस पोस्ट में सनोज मिश्रा ने लिखा, 'मोनालिसा आज फिर चर्चा में है और मैं मानसिक अवसाद में, क्योंकि एक गरीब जंगलों में रहने वाली लड़की महाकुंभ में वायरल होने के बाद भाग कर अपने डेरा महेश्वर चली गई थी।

मुझे उसकी गंगा जैसी पवित्रता अच्छी लगी और उसका प्रकृति जैसा रूप। मैंने उसको प्रशिक्षण देकर फिल्म में अभिनेत्री बनाने की घोषणा की, देश दुनिया ने स्वागत किया। लेकिन ये बात हमारे विरोधियों में वसीम रिजवी और उसका समर्थन करने वाले लोगों को पसंद नहीं आई। उन्होंने मुझे झूठे आरोप में जेल भेज दिया। उनका उद्देश्य था योगी आदित्यनाथ के महाआयोजन महाकुंभ को असफल करना।' अपनी पोस्ट में निर्देशक ने आगे लिखा, 'मैने जेल में रहकर फिल्म की कहानी लिखी और जो कह रहे थे कि सनोज कभी फिल्म नहीं बनाएगा उनके मुंह पर मैने इतनी विष्ठा वृत्ति की कि उनको कोई आरोप नहीं समझ आया।

## आईएसआई के लिए जासूसी- वीरों की भूमि से पकड़ा गया नौसेना का जवान, गांव में सन्नाटा

एजेंसी



**आगरा।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में नौसेना के लांस नायक आदर्श कुमार उर्फ लक्की की गिरफ्तारी के बाद आगरा स्थित गांव चीतपुर में सन्नाटा पसरा हुआ है। रविवार को यूपी एटीएस ने आरोपी को उसके गांव चीतपुर से गिरफ्तार किया था। पूरे गांव में ये घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीण इस मामले में खुलकर बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

आरोपी के परिजन का कहना है कि उनके बेटे को मामले में झूठा फंसाया गया है। आरोपी आदर्श की मां चंद्रवती देवी को बेटे की गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। आंसुओं से उनकी आंखे लाल हो गई हैं। आरोपी के चाचा समुन्द्र सिंह का कहना है कि उनका भतीजा देशभक्त है और वह ऐसा काम नहीं कर सकता। उसको गलत फंसाया गया है। बेटे की गिरफ्तारी से परिवार गहरे सदमे में है।

पिता बलवीर सिंह ने कहा कि बेटे में किसी तरह की कोई बुरी आदत नहीं है। साजिश के तहत उसे फंसाया जा रहा है। पिता ने कहा कि हम किसान हैं, उसी से परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने तो बच्चा देश की रक्षा के समर्पित किया था। बेटा निर्दोष है। गांव में आरोपी के घर पर रिश्तेदारों और परिचितों का तांता लगा हुआ है।

चाहरवाटी क्षेत्र लंबे समय से वीर जवानों की धरती के रूप में पहचाना जाता रहा है। इस क्षेत्र ने देश की सेना को अनेक बहादुर जवान दिए हैं, जो सीमा पर देश की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। क्षेत्र के कई वीर जवानों ने कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मन पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिए थे। अपनी बहादुरी से देश का मान बढ़ाया था। इस क्षेत्र से सैकड़ों युवक सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर रहे हैं। ऐसे में जासूसी जैसे गंभीर आरोप में क्षेत्र के युवक की गिरफ्तारी ने पूरे इलाके को शर्मिंदा कर दिया है।

## बिना शर्त युद्धविराम के बाद भी गोलीबारी के आरोप, दोनों देशों के दावे अलग-अलग

एजेंसी

**सुरिन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पांच दिनों तक चले खूनी संघर्ष के बाद सोमवार को मलयेशिया में अमेरिकी दबाव में बिना शर्त युद्धविराम का ऐलान हुआ था। लेकिन मंगलवार सुबह तक ही इस युद्धविराम पर विवाद शुरू हो गया। थाईलैंड ने कंबोडिया पर गोलीबारी का आरोप लगाया, जबकि कंबोडिया ने दावा किया कि उसने समझौते के बाद कहीं कोई फायरिंग नहीं की। थाई सेना का कहना है कि मध्यरात्रि से युद्धविराम लागू होने के बाद भी कंबोडिया की ओर से कई मोर्चों पर गोलीबारी की गई। थाईलैंड के मेजर जनरल विथाई लाईथोम्या ने बयान जारी कर कहा कि यह युद्धविराम का जानबूझकर उल्लंघन है और भरोसे के साथ गंभीर खिलवाड़ है। थाई सेना के अनुसार, उन्होंने केवल जवाबी और रक्षात्मक कार्रवाई की। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता माली सोचेटा ने थाई आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक किसी भी मोर्चे पर कोई सशस्त्र संघर्ष नहीं हुआ है। कंबोडियाई नेतृत्व पूरी दृढ़ता से इस युद्धविराम को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के सैन्य कमांडर मंगलवार को पहली बैठक करेंगे, जो शांति बहाली की दिशा में अहम कदम होगी। सोमवार को हुए इस समझौते में मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मध्यस्थता की। उन्होंने इस युद्धविराम को तनाव कम करने और सुरक्षा बहाल करने की दिशा में अहम पहला कदम बताया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और मैं दोनों इस संघर्ष को तुरंत रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दोनों सरकारों से समझौते का पूरा पालन करने की उम्मीद करते हैं। सीमा के कुछ हिस्सों में शांति की स्थिति लौटने लगी है और जो लोग संघर्ष के चलते विस्थापित हुए थे।

## इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान में की एयरस्ट्राइक, ईरानी हमलों में 140 अमेरिकी सैनिक घायल

एजेंसी



**अमेरिका।** रोमानिया के शीर्ष रक्षा निकाय ने बुधवार को अमेरिका के उस अनुरोध को मंजूरी दे दी, जिसमें ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान में मदद के लिए इस नाटो देश के सैन्य अड्डों में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने और उनका उपयोग करने की बात कही गई थी। राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने रक्षा पर राष्ट्रीय सर्वोच्च परिषद की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक का आयोजन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए किया गया था। इस समझौते के तहत विमानों में ईंधन भरने और उपग्रह संचार एवं निगरानी उपकरणों के लिए सैनिकों की अस्थायी तैनाती की अनुमति होगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लाइरोव से फोन पर बातचीत की और उनसे पश्चिम एशिया में जारी संकट पर चर्चा की। विदेश मंत्री नेए एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि रूसी विदेश मंत्री के साथ फोन पर अच्छी बातचीत हुई। हमने पश्चिम एशिया संघर्ष और कूटनीतिक प्रयासों पर अपने आकलन साझा किए। साथ ही हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग एजेंडा की भी समीक्षा की।

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने घोषणा की है कि अब बैंक और वित्तीय संस्थान को पश्चिम एशिया में संभावित लक्ष्य के रूप में देखा जा रहा है। यह बयान हाल के सैन्य तनाव और एयरस्ट्राइक के मद्देनजर आया है।

दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच कतर ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा हालात में वह मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता।

# आप को नहीं भरोसा- केजरीवाल-सिसोदिया ने आबकारी नीति केस में जज बदलने की मांग की, एचसी के मुख्य न्यायाधीश को पत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने आबकारी नीति से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को बदलने का अनुरोध किया है। पार्टी ने स्वयं इस घटनाक्रम की जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की है।

यह मामला दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़ा हुआ है, जिस पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। केजरीवाल और सिसोदिया दोनों इस मामले में आरोपी हैं। उन्होंने अपने पत्र में मामले की निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने की बात कही है। पत्र में वर्तमान न्यायाधीश द्वारा सुनवाई जारी रखने पर कुछ आपत्तियां उठाई गई हैं। हालांकि, उन आपत्तियों का विस्तृत विवरण अभी सामने नहीं आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास ऐसे अनुरोधों पर विचार करने का अधिकार होता है। यह कदम मामले की न्यायिक प्रक्रिया में एक नया मोड़ लेकर आया है। पार्टी का कहना है कि यह न्याय की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक है।

दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। इस नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जांच शुरू की थी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। अरविंद केजरीवाल को भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। यह मामला दिल्ली की राजनीति में काफी समय से चर्चा का विषय बना हुआ है।

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसके लिए ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई। नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप लगे। वहीं, बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात कही थी। भारतीय जनता पार्टी का यही आरोप था। तीन तरह से घोटाले की बात कही गई। इसे समझने के लिए हम थोड़ा आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं। शराब ब्रिकी के लिए ठेकेदारों को लाइसेंस लेना पड़ता है। इसके लिए सरकार ने लाइसेंस शुल्क तय किया है। सरकार ने कई तरह की कैटेगिरी बनाई है। इसके तहत शराब, बीयर, विदेशी शराब आदि को बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाता है। अब उदाहरण के लिए पहले जिस लाइसेंस के लिए ठेकेदार को 25 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसी के लिए पांच करोड़ रुपये देने पड़े। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने जानबूझकर बड़े शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़ाया था।

# टेट परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करें सरकार : राममूरत

■ अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बीआरसी करंजाकला परिसर में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों की बैठक हुई। जिसमें सरकार टेट की परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की और कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन किया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राममूरत यादव ने कहा कि शिक्षक महासंघ की पाती अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के संदर्भ में टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त किया जाए और इसके संदर्भ में सरकार व केंद्रीय अधिकारियों पर दबाव बनाना है। महासंघ का यह अभियान प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों की एकजुट में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में शिक्षकों ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश नेता प्रतिपक्ष और मुख्यमंत्री को सरकार को पत्र लिखकर मांग रखी है, कि आरटीआई एक्ट 2009 लागू होने से पहले नियुक्त किए गए शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बात करना अनुचित है। निरंजन प्रसाद ने बताया कि एक शिक्षक नियुक्ति समय एनसीटीई द्वारा निर्धारित सभी योग्यताओं को पूरा कर चुके थे, ऐसे में नौकरी के 22 से 25 वर्ष सेवा करने के बाद बच्चों की उम्र के छात्रों के साथ बैठकर परीक्षा देना कठिन है और तर्कसंगत भी नहीं है। एसोसिएशन वेलफेयर संगठन के उपाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना के विपरीत नियम लागू करना और शिक्षकों को परीक्षा देने के लिए बात करना मानसिक उत्पीड़न के समान है। संघ के संरक्षक देवेंद्र सिंह ने कहा पत्र लेखन अभियान 9 मार्च से शुरू होकर 15 मार्च तक चलेगा। जिसमें शिक्षकों ने पोस्टकार्ड और ईमेल के माध्यम से अपनी मांगे सरकार तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर श्री प्रकाश पाल, अजीत कुमार, सुमन देवी, शाहिद अख्तर खान, श्रीपाल यादव, सुशीला देवी, रामसागर, राजेश गौतम, अशोक कुमार, संदीप सिंह, अजय रणजीत सिंह, विकास जायसवाल, अजय सिंह, किरण, सुनीता पाल, राजेंद्र, राकेश, सुशील, दिनेश मौजूद रहे।

# आवासीय भवनों के निर्माण हेतु दो करोड़ 28 लाख स्वीकृत

■ राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव के प्रयास से मिली सफलता

■ आवासीय परिसर के जर्जर भवनों से मिलेगा छुटकारा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** विकासखंड करंजाकला परिसर में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए शासन ने दो करोड़ 28 लाख 12 हजार की स्वीकृति दे दी है। यह उपलब्धि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीशचंद्र यादव के प्रयास से मिली है। आवासीय परिसर में अब जर्जर भवनों से रहने वालों लोगो को छुटकारा मिल जाएगा।

बता दे की करंजाकला विकासखंड के आवासीय कमरो की हालत काफी पुराना जर्जर स्थिति में आ गया था। आए दिन लोग ब्लॉक प्रमुख व राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव से इसके मरम्मत और निर्माण के लिए मांग कर रहे थे। जिसके क्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता सुनील कुमार यादव मम्मन ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीशचंद्र यादव से नये भवनो के निर्माण की मांग रखी। इस क्रम में राज्यमंत्री गिरीशचन्द्र यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से पहल किया। उनके इस प्रयास के क्रम मे शासन ने दो करोड़ 28 लाख 12 हजार की शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। पहली किस्त के रूप में 68 लाख का बजट जारी कर दिया गया। विशेष सचिव शासन रजनीश चन्द्र ने आयुक्त ग्राम विकास शासन को निर्देशित पत्र जारी कर दिया। यह जानकारी होते ही ब्लॉक परिसर में रहने वाले लोगों में खुशी का माहौल बन गया। अब उन्हें एक नया आवासीय भवन मिलेगा। इस क्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव मम्मन ने बताया कि यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन एव उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है और प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है , निश्चित ही जिले का यह एक अलग विशेष आधुनिक माडल ब्लॉक होगा। जल्दी ही आवासीय परिसर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

■ सभी किसानों को योजना से जोड़ने का अभियान तेज

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद के सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करना और उन्हें इससे जुड़ी सुविधाओं का लाभ दिलाना है।

**जिले के सभी विकास खण्डों में किसानों को किया जाएगा जागरूक-** जिलाधिकारी ने बताया कि प्रचार वाहन जिले के सभी विकासखण्डों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभों के बारे में जानकारी देगा।उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, धान और गेहूं की सरकारी खरीद, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड समेत खेती से जुड़ी अधिकांश सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही दिया जाएगा। इसलिए सभी किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है।

**जनसेवा केंद्र और मोबाइल के माध्यम से भी कर सकते हैं रजिस्ट्री-** उन्होंने बताया कि किसान जनसेवा केंद्र के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारी भी किसानों को रजिस्ट्री कराने में सहयोग कर रहे हैं। किसान चाहें तो अपने मोबाइल फोन पर फार्मर रजिस्ट्री का लिंक डाउनलोड कर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं।

**जिले में 71 प्रतिशत से अधिक किसानों का हो चुका पंजीकरण-** जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप जनपद में अब तक 71 प्रतिशत से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है।

**अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू हुआ अभियान-** इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डा.बीबी द्विवेदी, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से जल्द ही जिले के शतप्रतिशत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा सकेगा, ताकि जनपद का कोई भी पात्र किसान योजनाओं से वंचित न रह सकें।

## फाफामऊ और श्री सहायक क्लब को मिली जीत



**प्रयागराज।** फाफामऊ क्लब और श्री सहायक क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर मनीष देब डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। श्री सहायक क्लब की जीत में हृदय नारायण पांडेय का अर्धशतक (74 रन, 62 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) महत्वपूर्ण रहा तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब के आकाश सिंह का शतक (110 रन, 84 गेंद, 9 चौके, सात छक्के) व्यर्थ हो गया।

चक हरिहरगंज झूंसी मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 26.2 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन (तेजस गुप्ता 32, सूर्य प्रकाश सिंह 29, शुभम बिंद 18, शिवम मौर्य 3/19, सत्यम यादव 2/12, पार्थ वर्धन एवं ऋषभ एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 22 ओवर में एक विकेट पर 139 रन (हृदय नारायण पांडेय 74 नाबाद, मोहित यादव 42 नाबाद, शिवा मिश्रा 1/32) बना लिए। मैच में अनूप कुमार शर्मा व अजय कुमार अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

फाफामऊ क्लब ने अपने मैदान पर 37 ओवर में 276 रन (अभिनव कुमार 50, अभिजीत 46, शौर्य प्रताप सिंह 34, अमित यादव 31, अंकित मिश्रा 23, सत्यम मौर्य 19, मानस प्रवाल 4/42, लक्ष्य यादव 2/59, संस्कार सहाय व मोहम्मद अमजद एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की टीम 32.2 ओवर में 225 रन (आकाश सिंह 110, सौरभ तिवारी 29, मोहम्मद अमजद 22, केशव शुक्ला 20, शौर्य प्रताप सिंह 3/49, अंकित मिश्रा 3/15, अनीश पटेल अमित यादव व अभिजीत एक-एक विकेट) पर सिमट गई। मैच में सुधीर सोनकर व राहुल सिंह अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

# एक्पोजर विजिट विकसित भारत के लिए नींव का पत्थर अरविंद

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** पी एम श्री योजना अंतर्गत आज पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर के बच्चो को एक्पोजर विजिट एवं शैक्षिक भ्रमण हेतु खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह द्वारा प्रातः 9 बजे हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक्पोजर विजिट से बच्चों को नई जानकारी एवं सूचनाओं से लैस होने का मौका मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अगर देश को विकसित भारत का सपना पूरा करना है तो देश के नौनिहालों को नई जानकारियों से पूर्ण होना पड़ेगा अन्यथा विकसित भारत की कल्पना मात्र कल्पना रह जाएगी। इस दिशा में एक्सपोजर विजिट विकसित भारत के लिए नींव का पत्थर साबित होने जा रही है। प्रातः 9 बजे पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर के लगभग पचास छात्र, छात्राएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विद्यालय से यात्रा प्रारंभ करके कृषि एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र बक्शा पहुंचे। जहां पर उन्होंने कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए नए प्रयोग एवं नई नई जानकारियों से अपने आपको रूबरू कराया। तत्पश्चात बच्चो ने साइनाथ मंदिर, लोहिया पार्क एवं ऐतिहासिक धरोहर शाहिकिला का भ्रमण किया और नई नई जानकारियों से अपने आपको लैस किया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान जहां बच्चे अपने आपको नई नई जानकारियों से रूबरू करा रहे थे , वही बच्चो के चेहरे पर अलग प्रकार की खुशी देखने को मिल रही थी। एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ शिक्षक राममिलन, श्वेता पाल, ऋतु गौड़ एवं अभिषेक सिंह उपस्थित रहकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत कराने का कार्य कर रहे थे।

## राधेश्याम भारतीय के निधन पर कांग्रेस जनों का शोक

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं समाजवादी पार्टी, कौशांबी जनपद चायल से पूर्व विधायक लोकतंत्र सेनानी राधेश्याम भारतीय (73) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। चौक स्थित पार्टी कार्यालय में शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में भारतीय को समर्पित समाजवादी नेता बताया गया। कहा गया कि वह सर्वहारा वर्ग के जुझारू नेता होने के साथ इलाहाबाद मंडल विकास निगम के अध्यक्ष भी थे। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे,उनका निधन बुधवार अपराह्न 12 बजे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, मम्फोर्डगंज आवास पर हृदयाघात से हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, तस्लीमुद्दीन ,अनूप त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, मो.हसीन , विशाल सोनकर, शकील अहमद आदि मौजूद थे।

# लोक गीत कभी भी समाज से कटा नहीं

अवधनामा संवाददाता



जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, में सांस्कृतिक नारीवादी ग्रंथों के रूप में कुछ लोक गीतों का विश्लेषण विषय विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में आज सांस्कृतिक नारीवादी ग्रंथों के रूप में कुछ लोक गीतों का विश्लेषण विषय पर जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ, राजभाषा समिति एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रो. रतन कुमारी वर्मा, प्रभारी राजभाषा समिति ने स्वागत वक्तव्य से किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. स्मिता अग्रवाल (महिला अध्ययन केंद्र की पूर्व निदेशक, अंग्रेजी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने छात्राओं को लोक गीत के शब्दों का आधुनिक संगीत में प्रयोग को सुमधुर गायन के माध्यम उदाहरण सहित बताया। कजरी, चैता आदि लोक गीत कभी भी समाज से कटा नहीं आज भी गिरमिटिया समूह के लोक गीत समाज का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्रोताओं की जिज्ञासा को भी अपने तार्किक उत्तर से शांत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर निलीमा मिश्रा, डॉ नम्रता देव, डॉ अजिता ओझा, डॉ प्रमा द्विवेदी, डॉ माधुरी राठौर, डॉ अंजलि शिवहरे, डॉ शारदा पाठक तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्नेहा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ फातिमा नूरी, प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने किया।

इस अवसर पर मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार शुभी तिवारी, द्वितीय पुरस्कार तृप्ति सिंह तथा शांभवी शुक्ला ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही अन्तर महाविद्यालय कहानी लेखन में प्रथम पुरस्कार परी साहू (आर्य कन्या डिग्री कॉलेज), द्वितीय पुरस्कार शुभी तिवारी (जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज) और तृतीय पुरस्कार आयुषी पाठक (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# प्रोफेसर ऑफ म्यूजिक का अंतरराष्ट्रीय सम्मान औरंगाबाद में आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** गौरवशाली पूर्वांचल के इतिहास में साहित्य, संगीत और गायन के लिए औरंगाबाद, बिहार में अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के तत्वावधान में एक विदेशी सम्मान प्रोफेसर माइकल थॉमस बलोनेक (प्रोफेसर ऑफ म्यूजिक, अमेरिका (यूएसए)) को अंतरराष्ट्रीय संगीत गौरव और दो भारतीयों को आरा, बिहार से प्रसिद्ध उपन्यासकार कृष्ण कुमार को अंतरराष्ट्रीय साहित्य गौरव और औरंगाबाद के प्रसिद्ध गायक पवन बाबू को पूर्वांचल गीत गौरव सम्मान को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान आजमगढ़ के लाल का लगभग 25 वर्षो से लगातार भारतीय लोक संस्कृति एवं भोजपुरी भाषा, साहित्य, कला संस्कृति की अलख जगाने वाले गौरवशाली पूर्वांचल के प्रधान संपादक एवं अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के अंतरराष्ट्रीय संयोजक अरविंद श्रीवास्तव चित्रांश द्वारा एक विदेशी और दो भारतीयों को संस्था द्वारा चयनित सम्मान समारोह में, अंग्रेजी के प्रोफेसर और भोजपुरी भाषा के विद्वान प्रोफेसर रामनारायण तिवारी के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और बिहार के विद्वान, साहित्यकार, गायक, गायिका और लेखक उपस्थित रहे, जिसमें क्रमशः अमेरिका के प्रोफेसर माइकल थॉमस, ख्याति लब्ध उपन्यासकार कृष्ण कुमार एवं प्रसिद्ध गायक पवन बाबू के साथ बिहार के प्रसिद्ध गायिका गायत्री यादव, अक्षरा कंचन और प्रभावशाली कोरियोग्राफर और नृत्यांगना दीपशिखा, युवा दर्द के संपादक आशिकांत सिंह, गायक अंकित राजभर और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजक अरविंद चित्रांश के साथ बहुत लोग उपस्थित रहे।

# ईरान पर हमले के खिलाफ वामपंथियों द्वारा शांति मार्च निकाला गया

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** अमेरिका इजरायल गठजोड़ द्वारा ईरान पर हमले के खिलाफ राज्य व्यापी आह्वान पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी ने शहीद कुंवर सिंह उद्यान से शान्ति मार्च निकाला, लोग मार्च अमेरिका इजरायल गठजोड़ मुर्दाबाद, अमेरिकी दादागिरी नहीं चलेगी,तेल के लिए जंग बंद करो, आदि नारे लगा रहे थे मार्च पुनः कुंवर सिंह उद्यान के गेट पत्र पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अमेरिका अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए ?दुनियां के तमाम देशों पर हमला कर रहा है उसकी मंसा है कि वह दुनिया के हर मुनाफा के श्रोतों पर कब्जा करें और जो देश उसकी शर्तो को नहीं मानते हैं उनपर हमला कर रहा है जो समर्पण कर रहे हैं उन्हें आ समर्पण करने के लिए मजबूर कर रहा है वेनजुएलावेनजुएला और ईरान पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करना अमेरिका की फितरत बन चुकी है जबकि असल में अमेरिका की निगाह दुनिया के आर्थिक स्रोतों पर कब्जा करने की है वक्ताओं ने कहा कि नाटो के कुछ देश इस बात को कह रहे हैं कि अमेरिका दुनिया के नियम कानून का उलंघन करके ईरान पर हमला कर रहा है यहां तक कि अमेरिका में भी डोनाल्ड ट्रम्प के इस कृत्य की निंदा हो रही है वक्ताओं ने कहा कि अमेरिका इजरायल गठजोड़ ईरान पर हमला तत्काल बंदं करें। ईरान से से विनाशर्त माफी मांगे ।तेल के लिए युद्ध बंद किया जाए। मार्च एवं कार्यक्रम में भाकपा माले नेता एवं किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड जयप्रकाश नारायण, ,सी पी आई के नेता एवं किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज वेग , भाकपा माले के जिला प्रभारी कामरेड विनोद सिंह,सी पीआई के जिला मंत्री कामरेड जितेंद्र हरि पाण्डेय कामरेड हामिद अली ने सम्बोधित किया , मार्च में सी पी आई के खरपत्तू राजभर, रामाज्ञा यादव अशोक यादव, दुर्बली राम, राज नारायण चन्द्र मोहन, भाकपा माले के बृजेश नारायण, रामजीत प्रजापति, सुदर्शन राम, बसन्त राम , हरिश्चंद्र राजभर, शिवम् गिरी आदि शामिल रहे।

## कोर्ट नोटिस

समन बनाम कायम मुकामान कानूनी मुदअलेह मुतवफा (आर्डर 22 कायदा 4) न्यायालय मा.सिविल जज F.tc.(JD) 2nd, वाद संख्या 335 सन 1999 ललित किशोर बनाम कपूर इंजीनियरिंग आदि नोटिस बनामः- 2/1. श्रीमती अनिला कपूर पत्नी स्व0 रणबीर कपूर 2/2. ऋषी कपूर पुत्र स्व0 रणबीर कपूर 2/3- श्रीमती प्रिंसी पुत्री स्व0 रणबीर कपूर निवासीगण, कपूर इंजीनियरिंग वर्क्स, रेलवे रोड, सहारनपुर (विपक्षी) हरगाह मुद्दई ने अदालत में एक नालिश बाबत माह सन ई. बनाम मुदाअलेह के रूजू की थी, जो बाद को फौत हो गया और हरगाह मुदई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारनी है, जिसमें वह वह लिखता है कि आप मुतवफका मजकूर के कायम मुकामान कानूनी हैं और चाहता है कि आप बजाये मुदाअलेह बनाये जाये। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 13 माह 3 सन 2026 ई0 वक्त 10 बजे दिन इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर की जवाबबदेही करिये अगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 11 माह 03 सन 2026 ई0 को जारी किया गया।

**आज्ञा से..मा.न्याय0 सिविल जज (JD) ftc/2nd, सहारनपुर**

## कोर्ट नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) कोर्ट चतुर्थ अपर सिविल जज (सीडि) सहारनपुर वाद सं.577 सन 1998 , संदीप पुत्र स्व0 जनेश्वर प्रसाद नि. मौहल्ला बाजार, कस्बा चिलकाना, परगना सुलतानपुर, तहसील व जिला सहारनपुर. वादी...(बनाम)...प्रतिवादी नम्बर-6 इसरार पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला गढ़ी, कस्बा चिलकाना, परगना सुलतानपुर, तहसील व जिला सहारनपुर, हरगाह वादी ने आपके नाम, एक नालिश बाबत विवाह विच्छेद हेतू के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप बतारीख 18 माह 3 सन 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुकदमे का जवाब दे सके या कोई शख्स कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाह और दस्तावेज जो आप अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा, मेरे दस्तावेज और मुहर अदालत के आज दि.11 माह 3 सन 2026 को जारी हुआ।

**आज्ञा से..प्रबन्धक न्याया.चतुर्थ अपर सिविल जज (सीडि) सहारनपुर**

## कोर्ट नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेस्पोन्डेन्ट मुशहर इत्तिला (ऑर्डर 41 कायदा 14) न्यायालय मा.अपर जिला जज कक्ष संख्या-11 सहारनपुर। दीवानी अपील संख्या-116 सन-2024 श्रीमती प्रियंका तनेजा पुत्री श्री डी.सी.तनेजा निवासी जे.13 पैरामाउंट ट्यूलिप, दिल्ली रोड, सहारनपुर। अपीलार्थी/ वादिया.......(बनाम) श्रीमती रेणूका सहगल (प्रिंसिपल) वायुसेना स्कूल, वायुसेना स्टेशन, सरसावा, जिला सहारनपुर, यूपी 247232 अदालत मा.चतुर्थ अपर सिविल जज (सीडि)सहारनपुर मुबरिखा-15-07-2024 मुकदमा नम्बर-651 सन-2018 मुत्तिला हो कि अपील धनराशि डिकी 13-03-2026 मुकदमा मुन्दरजा वाला के ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत में तारीख 13 मार्च 2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरह अपील हाजा में जबाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आयेगा तो उसकी जमानत कोई तजवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी आज बतारीख 11 माह मार्च सन-2026 को मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत से जारी हुआ।

**आज्ञा से प्रबंधक/मुंसरिम अपर जिला जज कक्ष स.11 सहारनपुर**

# समाजवादी नेता पूर्व विधायक राधेश्याम भारतीय का निधन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** समाजवादी नेता, पूर्व विधायक, लोकतंत्र रक्षक सेनानी राधेश्याम भारतीय (70) वर्ष का आज उनके निवास स्थान इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, स्टेनली रोड, प्रयागराज में दोपहर 12 बजे निधन हो गया। विधायक जी लम्बे अरसे से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व राधेश्याम भारतीय मीसा बंदी रहे एवं वर्ष 1989 में कौशाम्बी जिले की सिराथू विधानसभा से चुने गए थे। वह शादी शुदा नहीं थे। जीवन भर समाज और राजनीति के लिए समर्पित रहे। इनके निधन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन सहित पार्टी के नेताओं ने शोक जताया है। अंतिम संस्कार बृहस्पति वार को सुबह दस बजे रसूलाबाद घाट पर होगा। शोक व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, पूर्व मंत्री एवं विधायक इंद्र जीत सरोज, एम एलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, श्रीमती गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व मंत्री अंसार अहमद,पूर्व विधायक जोखू लाल यादव, हाजी परवेज अहमद, सत्य वीर मुन्ना, रामानंद भारती, संदीप यादव, कमला यादव, खिन्नी लाल पासी, सुषमा पासी, महबूब उस्मानी, बच्चा पासी, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, मो शारिक, रमाकांत पटेल, शशांक त्रिपाठी, आर एन यादव, नाटे चौधरी, तारिक सईद अज्जू, राजेश सरोज, सऊद अहमद, सचिन श्रीवास्तव, हसीब अहमद आदि शामिल है।

# नकलविहीन परीक्षा कराने के डीएम के निर्देश

○ एसआई भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

○ 14-15 मार्च को होगी एसआई भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने उ.प्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा दि. 14, 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु तैनात स्टैटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक में कहा कि परीक्षा को बिना किसी विघ्न के नकल विहीन, शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करायें, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को मूल-भूत सुविधाएं मुहैया हों, केन्द्र व्यवस्थापक स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा अवधि में निरंतर क्रियाशील रहकर हर गतिविधि पर नजर रखें, मुख्य द्वार पर गेट पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी करायी जाये, तलाशी के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा न हो, अभ्यर्थियों का सामान जमा कराने के लिए मुख्य द्वार के पास ही क्लाक रूम बनाया जाये।

उन्होने कहा कि यह परीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे प्रदेश, जनपद की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी पूर्व में भी परीक्षाएं करा चुके है लेकिन किसी भी प्रकार के झूठे अभिमान या इस धारणा में न रहें कि सभी प्रक्रियाओं से पहले से ही पूरी तरह ज्ञात हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित जो भी दिशा-निर्देश, मानक प्रक्रिया एवं सामग्री उपलब्ध कराई गई है, उसका सभी अधिकारी गंभीरता से अध्ययन कर लें यदि किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को किसी बिंदु पर कोई शंका हो तो उसे बिना किसी संकोच के तुरंत स्पष्ट कर लें, परीक्षा के दिन तक किसी भी प्रकार की शंका होने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, अद्योहस्ताक्षरी या संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क कर मार्ग-दर्शन प्राप्त कर शंका का निदान करें। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी गंभीर परिणाम ला सकती है, वर्तमान में नकल के विरुद्ध अत्यंत कठोर कानून लागू है, जिसके तहत दोषी पाए जाने पर रू. 01 करोड़ तक का जुर्माना एवं आजीवन कारावास तक का प्राविधान है, इसलिए परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की चूक, लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि परीक्षा संचालन के लिए हर स्तर पर मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की गई है, जिसका अक्षरशः पालन परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों द्वारा किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात कक्ष निरीक्षकों को भली-भांति प्रशिक्षित करें तथा उन्हें परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाओं जैसे गोपनीय सामग्री की सीलिंग, वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं के संधारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्पष्ट जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है, ऐसे केन्द्रों के व्यवस्थापकों की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने केन्द्रों पर पर्याप्त कक्ष, कक्ष निरीक्षक तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखें और सभी संबंधित कार्मिकों को कई बार प्रशिक्षण देकर उनकी भूमिका स्पष्ट कर दें ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

# ढाई दिन में मिलेगा सिलिंडरः सरकार का दावा, एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

**नई दिल्ली।** भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और सरकारी उपायों से एलपीजी उत्पादन में 25% की भारी वृद्धि हुई है। सरकार ने बताया है कि देश में गैस आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ताओं को महज ढाई दिन में सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है, इसलिए किसी पैनिक बुकिंग की जरूरत नहीं है।

भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलिंडर मिल जा रहा है और यह डिलिवरी की सामान्य साइकिल है। मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलिंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते पैनिक बुकिंग बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की

**आपूर्ति**

**पेट्रोलियम मंत्रालय ने आम उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है**

कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है।उन्होंने कहा, ÷फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलिंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलिंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो



भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। कुछ रिफाइनरी 100त्न से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही पैनिक बुकिंग को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं। वर्तमान में घरेलू परिवारों के लिए एलपीजी सिलिंडर का सामान्य डिलीवरी चक्र मात्र ढाई दिन पर स्थिर बना हुआ है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद अधिकतम ढाई दिन में सिलिंडर मिल जा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी नीतिगत उपायों के सकारात्मक परिणामस्वरूप तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के उत्पादन में 25% वृद्धि दर्ज की गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने आम उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, इसलिए बाजार में किसी भी प्रकार की घबराहट या पैनिक बुकिंग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने बताया कि मांग को मैनेज करने के लिए अस्थायी तौर पर दो एलपीजी बुकिंग के बीच के न्यूनतम अंतर को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गैस की हेराफेरी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) सिस्टम लागू किया गया है।

घरेलू उत्पादन बढ़ाः हालांकि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60% आयात करता है (जिसका 90% होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है), लेकिन मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए घरेलू LPG उत्पादन में 25% की वृद्धि की गई है और यह पूरा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

# टी20 वर्ल्ड कप स्टार्स सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने ट्रूज़ोन सोलर में स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट किया

**लखनऊ।** सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के तहत काम करने वाली एक लीडिंग सोलर सॉल्यूशन प्रोवाइडर, ट्रूज़ोन सोलर ने भारत की आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली टीम के कैप्टन सूर्यकुमार यादव और उसी वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के मेंबर तिलक वर्मा से स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट की घोषणा की है। यह इन्वेस्टमेंट भारत के तेज़ी से बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में कंपनी की ग्रोथ को और मज़बूत करेगा।ट्रूज़ोन सोलर के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कन्फर्म किया कि दोनों प्लेयर्स ने कंपनी में इन्वेस्ट किया है, जो ऑर्गनाइज़ेशन के लॉन्ग-टर्म विज़न और भारत के क्लीन एनर्जी ट्रांज़िशन में इसके कंट्रीब्यूशन पर उनके कॉन्फिडेंस को दिखाता है। चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कहा, ÷ट्रूज़ोन सोलर ने सोलर एनर्जी इंडस्ट्री में 17 साल से ज़्यादा पूरे कर लिए हैं, और इस पूरे सफ़र में हमारा मुख्य फ़ोकस भरोसेमंद सोलर



सॉल्यूशन देने पर रहा है, साथ ही इस सेक्टर में सबसे मज़बूत आफ़्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क में से एक को बनाए रखा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा का हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करने का फ़ैसला हमारे विज़न और रिन्यूएबल एनर्जी स्पेस में हमारी बनाई गई क्रेडिबिलिटी पर उनके भरोसे को दिखाता है।÷ ट्रूज़ोन सोलर में अभी 580 से ज़्यादा प्रोफेशनल काम करते हैं, जिन्हें इसके मौजूदा पांच राज्यों के नेटवर्क में फैले 82+ चैनल पार्टनर और सर्विस सेंटर के मज़बूत इकोसिस्टम से सपोर्ट मिलता है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी पर चलने वाले आफ़्टर-सेल्स सर्विस सॉफ्टवेयर सिस्टम भी लागू किए हैं, जिससे इसके बढ़ते रेजिडेंशियल, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल क्लाइंट के लिए तेज़ सपोर्ट और बेहतर कस्टमर एक्सपीरियंस पक्का होता है।अपनी पेरेंट एंटिटी सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए, ट्रूज़ोन सोलर ने पूरे भारत में सोलर एनर्जी अपनाने की ग्रोथ में एक्टिव रूप से योगदान दिया है, और टेक्निकल एक्सपर्टीज़, क्वालिटी प्रोजेक्ट एग्जीक्यूशन और लॉन्ग-टर्म कस्टमर सपोर्ट के लिए एक मज़बूत रेप्युटेशन बनाई है।

# वी-गार्ड को 'लक्सक्यूब' वॉटर हीटर के लिए जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड 2026 में मिला वैश्विक सम्मान

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने अभिनव लक्सक्यूब वॉटर हीटर के लिए प्रतिष्ठित जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। जर्मन डिज़ाइन काउंसिल द्वारा दिया जाने वाला यह अवॉर्ड प्रोडक्ट डिज़ाइन में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। इस अवॉर्ड समारोह का आयोजन फ्रैंकफर्ट में हुआ, जिसमें 17 देशों के प्रमुख डिज़ाइनर और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए।

2026 संस्करण में 57 देशों से 3,900 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिससे यह वैश्विक स्तर पर सबसे प्रतिस्पर्धी डिज़ाइन प्लेटफॉर्म्स में से एक बन गया। ऐसे विविध और उच्च-स्तरीय प्रतिस्पर्धी माहौल में विजेता बनना वी-गार्ड की उस सोच को दर्शाता है कि सार्थक डिज़ाइन में उपयोगिता, खूबसूरती और रोज़मर्रा की जरूरतों का संतुलित मेल होना चाहिए। यह लगातार दूसरा साल है जब कंपनी को जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड मिला है। इससे पहले पिछले वर्ष इनसाइट-जी BLDC फैंस को भी यह सम्मान मिला था, जिससे कंपनी की वैश्विक डिज़ाइन पहचान और मजबूत हुई है। वी-गार्ड के पुरस्कार-विजेता लक्सक्यूब वॉटर हीटर आधुनिक घरों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसकी उन्नत इंजीनियरिंग और प्रीमियम डिज़ाइन शैली इस बात को दर्शाती है कि वी-गार्ड रोज़मर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों को भी बेहतर बनाने पर लगातार ध्यान दे रहा है। इसमें एडवांस्ड थर्मोक्लाइन टेक्नोलॉजी है, जो 38त्न अधिक गर्म पानी प्रदान करती है। साथ ही इसमें टाइटेनियम-इन्फ्यूज़्ड एनामेल कोटेड टैंक अधिक टिकाऊपन के लिए दिया गया है और इनकोलॉय 800 हीटिंग एलिमेंट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह उच्च दबाव और कठोर पानी की परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सके। 10 लीटर, 15 लीटर और 25 लीटर क्षमता में उपलब्ध यह वॉटर हीटर बीईई 5-स्टार रेटिंग के साथ आता है और कॉम्पैक्ट क्यूब-प्रेरित डिजाइन में बेहतर प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आकर्षक लुक का संतुलन पेश करता है। इस उपलब्धि पर वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मिथुन चित्तिलप्पिली ने कहा, लगातार दूसरे वर्ष जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड जीतना वी-गार्ड की वैश्विक डिज़ाइन यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह हमारी उस सोच को और मजबूत करता है कि असली नवाचार तब सामने आता है जब तकनीक, खूबसूरती और उपयोग में सरलता एक साथ काम करें। वी-गार्ड में डिज़ाइन सिर्फ़ दिखावे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों को समझना और रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाना है। यह सम्मान हमें भविष्य के लिए तैयार ऐसे घरेलू समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करता है जो उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों को पूरा करें और डिज़ाइन में नए मानक स्थापित करें। जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड 2026 की जीत एक ब्रांड के तौर पर वी-गार्ड की स्थिति को और मजबूत करती है, जो भारत के नवाचार और डिज़ाइन उत्कृष्टता को वैश्विक मंच पर ले जा रहा है। चार दशकों से अधिक की विरासत के साथ, वी-गार्ड ने भारत और विदेशों में लोगों के रोज़मर्रा के जीवन को बेहतर बनाने वाले भविष्य के लिए तैयार, सोच-समझकर तैयार किये गये समाधान बनाना जारी रखा है। जर्मन डिज़ाइन अवॉर्ड 2026 की यह उपलब्धि वी-गार्ड की उस पहचान को और मजबूत करती है, जो भारत के नवाचार और डिज़ाइन उत्कृष्टता को वैश्विक मंच तक पहुंचा रही है। चार दशकों से अधिक की विरासत के साथ, वी-गार्ड भारत और दुनिया भर के घरों के लिए ऐसे समाधान विकसित कर रहा है जो रोज़मर्रा के जीवन को आसान और बेहतर बनाते हैं।

# निप्पॉन पेंट इंडिया ने भारत में टिकाऊ मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए हंबल बी के साथ साझीदारी की



**नई दिल्ली।** निप्पी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने नवप्रवर्तन और टिकाऊ अभ्यासों के जरिए भारत के मधुमक्खी पालन पारितंत्र में परिवर्तन लाने की दिशा में काम कर रही एक उद्देश्य संचालित सामाजिक उपक्रम हंबल बी के साथ रणनीतिक साझीदारी करने की घोषणा की है।

इस गठबंधन के तहत जमीनी स्तर पर भारत के मधुमक्खी पालन ढांचे को मजबूत करने के लिए उच्च निष्पादन, पारिस्थितिकी को लेकर संवेदनशील कोटिंग्स विशेषज्ञता का उपयोग कर सटीक इंजीनियरिंग द्वारा निर्मित मधुमक्खी के छत्ते लगाए जाएंगे। इस पहल के तहत लकड़ी के छत्ते का टिकाऊपन, सुरक्षा और काम करने की अवधि बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा जिससे मधुमक्खी की कालोनियों को स्वस्थ रखने और ग्रामीण आय बढ़ाने में मदद मिल सके। निप्पॉन पेंट इंडिया के अध्यक्ष (डेकोरेटिव कोटिंग्स बिजनेस) मार्क टीटस ने कहा, मधुमक्खी के छत्ते उत्पादकता, परस्पर निर्भरता और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस पारितंत्र में टिकाऊ और पर्यावरण रूप से जिम्मेदार कोटिंग्स में हमारी विशेषज्ञता का उपयोग कर हम उत्पाद निष्पादन से परे योगदान कर रहे हैं, आजीविका में सहयोग कर रहे, जैव विविधता मजबूत कर रहे और दीर्घकालीन ग्रामीण टिकाऊपन को समर्थ बना रहे हैं। एक ग्रीनप्रो-प्रमाणित ब्रांड के तौर पर निप्पॉन पेंट इंडिया सख्त पर्यावरण मानकों का पालन करती है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि इसकी कोटिंग्स हानिकारण वीओसी से मुक्त हैं और आसपास के पारितंत्र के लिए सुरक्षित है। निम्न वीओसी फॉर्मुलेशन छत्ते के भीतर मधुमक्खी के लिए सुरक्षित वातावरण बनाए रखते हुए संरचनात्मक संरक्षण उपलब्ध कराता है। हंबल बी की वाराणसी इकाई में तैयार इसके मधुमक्खी के छत्ते भारत की पहली सटीक इंजीनियरिंग द्वारा निर्मित मधुमक्खी के छत्ते की विनिर्माण इकाई है और इन छत्तों को सतत रूप से प्राप्त सदर्न येलो पाइन का उपयोग कर बनाया जाता है। इन छत्तों पर निप्पॉन पेंट की निम्न वीओसी की परत चढ़ाई जाती है जिससे ये भारत के विविध जलवायु वाली परिस्थितियों में प्रतिकूल मौसम को भी झेलने में सक्षम हैं।

हंबल बी की सीईओ और सह संस्थापक सुश्री मोनिका शुक्ला ने कहा, ÷इन छत्तों पर हर रंग एक कहानी कहता है, एक महिला द्वारा अपनी स्वायत्तता को फिर से हासिल करने की कहानी, फलती-फूलती फसलों की कहानी और पुनर्जीवित होती जैव विविधता की कहानी।÷

आदिवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर पहली पीढ़ी की महिला किसानों के बीच उत्पादकता, लचीलापन और आजीविका बढ़ाने के लिए ये रंग बिरंगे छत्ते पेश किए जा रहे हैं। भले ही वैश्विक शहद के बाजार में मौलिक और नैतिक रूप से तैयार उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, भारत में परागण क्षमता में काफी अंतर बना हुआ है। इस साझीदारी के तहत छत्ते के स्तर पर टिकाऊ मधुमक्खी पालन का आधार मजबूत कर इन दोनों चुनौतियों से निपटने के प्रयास किया जाएगा।

# वरिष्ठ नागरिक को 20 लाख की ठगी से बचाया

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में एचडीएफसी बैंक के सतर्क कर्मचारी ने एक ग्राहक के 20 लाख सुरक्षित रखे, जिससे वह डिजिटल अरेस्ट स्कैम के ज़रिए धोखा करने वाले से ठगे जाने से बच गया। बैंक के एक बुज़ुर्ग ग्राहक, एचडीएफसी बैंक की देवरिया ब्रांच में अपने ?20 लाख के फिक्स्ड डिपॉज़िट को समय से पहले बंद करने की रिक्वेस्ट लेकर आए। क्योंकि ग्राहक परेशान लग रहा था, इसलिए ब्रांच कर्मचारी को लगा कि कुछ गड़बड़ है।

आगे पूछने पर ग्राहक ने वीडियो कॉल करने की बात कही। ब्रांच कर्मचारी को शक था कि यह साइबर धोखाधड़ी (डिजिटल अरेस्ट) का मामला है। ब्रांच कर्मचारी ने ग्राहक से बात की, उसे ऐसे धोखाधड़ी के तरीके के बारे में बताया और नंबर अवरुद्ध करने में ग्राहक की मदद की। धोखेबाजों ने पुलिस अधिकारी बनकर ग्राहक को ठगने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उनके अकाउंट का इस्तेमाल धन शोधन के लिए किया जा रहा था और मामले की आगे जांच की जा रही है। इसके बाद धोखेबाजों ने ग्राहक से पैसे ट्रांसफर करने को कहा और बताया कि अगर वह बेगुनाह साबित हुआ तो पैसे वापस कर दिए जाएंगे।

वीडियो कॉल के दौरान धोखेबाज़ों ने पुलिस अफ़सरों की वर्दी पहनी हुई थी और नकली गिरफ्तारी वारंट दिखाया।

डिजिटल अरेस्ट स्कैम में, धोखेबाज़ पुलिस या सरकारी अधिकारी बनकर लोगों या बिज़नेस को लक्षित करते हैं।

पीड़ितों को टैक्स चोरी, रेगुलेटरी नियमों के उल्लंघन या वित्तीय के लिए डिजिटल अरेस्ट वारंट की धमकी दी जाती है।

जालसाज डिजिटल अरेस्ट वारंट वापस लेने के लिए 'निपटान शुल्क' या 'जुर्माना' के रूप में भुगतान मांगते हैं। भुगतान हो जाने के बाद, धोखेबाज़ अपनी पहचान का कोई निशान छोड़े बिना गायब हो जाते हैं। धोखेबाजों के साथ व्यक्तिगत विवरण साझा करने की वजह से पीड़ितों को पैसे का नुकसान होता है और कभी-कभी पहचान की चोरी भी हो जाती है।

अगर कोई व्यक्ति किसी ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो जाता है, तो उसे तुरंत बैंक को अनऑथराइज़्ड ट्रांज़ैक्शन की रिपोर्ट करनी चाहिए ताकि पेमेंट चैनल, यानी कार्ड/PI/नेट बैंकिंग को ब्लॉक किया जा सके और भविष्य में होने वाले नुकसान से बचा जा सके। कस्टमर्स को मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स (MHA) के शुरू किए गए 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके भी शिकायत करनी चाहिए और साथ ही नेशनल साइबरक्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://www.cybercrime.gov.in पर भी शिकायत करनी चाहिए।

# वैश्विक तनाव से नहीं उबर पा रहा बाजार, सेंसेक्स 1342 अंक फिसला




**नई दिल्ली।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बाद एक दिन की राहत के बाद बुधवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग दो प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा, विदेशी निधियों की निरंतर निकासी और ब्लू-चिप बैंक शेयरों की बिकवाली ने भी बाजारों को नीचे धकेल दिया। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 92.01 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक या 1.72 प्रतिशत गिरकर 76,863.71 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,446.72 अंक या 1.84 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 76,759.26 पर पहुंचा। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 394.75 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 23,866.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। सन फार्मा और एनटीपीसी को लाभ हुआ।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि हालांकि मंगलवार को शेयर बाजारों में तकनीकी रूप से सुधार देखने को मिला, लेकिन अंतर्निहित भावना सतर्कता बनी हुई है क्योंकि पश्चिम एशिया में गहराता संकट ऊर्जा की बढ़ती कीमतों, प्रमुख शिपिंग मार्गों में व्यवधान और निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति में बदलाव के माध्यम से वैश्विक वित्तीय बाजारों को प्रभावित करना शुरू कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इक्विटी बाजार के दृष्टिकोण से, इस तरह की भू-राजनीतिक उथल-पुथल से अस्थिरता के तीव्र दौर उत्पन्न होते हैं क्योंकि वैश्विक निवेशक सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख करते हैं और जोखिम-संवेदनशील बाजारों में अपना जोखिम कम करते हैं।

लिवेलॉन्ग वेल्थ के रिसर्च एनालिस्ट और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि वैश्विक संकेत मिले-जुले बने हुए हैं क्योंकि निवेशक पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों में हो रहे तीव्र उतार-चढ़ाव पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट**

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1.43 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.40 प्रतिशत चढ़ गया। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक भी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ समाप्त हुआ। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

**तेल की कीमतों में हुआ उछाल**

भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण वैश्विक बेंचमार्क में तेजी आने से बुधवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें 460 रुपये बढ़कर 7,881 रुपये प्रति बैरल हो गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर, मार्च डिलीवरी के लिए कच्चे तेल की कीमत 460 रुपये या 6.2 प्रतिशत बढ़कर 7,881 रुपये प्रति बैरल हो गई, जिसमें 16,930 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, अप्रैल अनुबंध में भी 462 रुपये या लगभग 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 7,833 लॉट में 7,815 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 92.86 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 5.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 92.86 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# भारत के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में पहली गिरफ्तारी

## दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। आइए पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं। सीबीआई के अनुसार, वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। जांच में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके सह-संस्थापकों आयुष वार्ष्णेय, साहिल बघला और निकुंज जैन की भूमिका सामने आई है। निकुंज जैन वर्तमान में वाओमी एआई के फाउंडर और चीफ कैपिटल ऑफिसर भी हैं।

सीबीआई का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एमसीएपी नामक क्रिप्टो टोकन और उससे जुड़े ERC-20 स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन और विकसित किया था, जिसका इस्तेमाल इस कथित क्रिप्टो पोंजी स्कीम में किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि डार्विन लैब्स ने कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए थे, जिनमें GBMiners.com नामक बिटकॉइन माइनिंग पूल प्लेटफॉर्म,



बिटकॉइन पेमेंट गेटवे, कॉइन बैंक बिटकॉइन वॉलेट और गेन बिटकॉइन वेबसाइट शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों से संपर्क और निवेश कराया जाता था।

**कब और कैसे हुआ पूरा घोटाला?**

यह घोटाला वर्ष 2015 में गेन बिटकॉइन नाम से शुरू हुआ था, जिसे कथित तौर पर वेरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संचालित किया जा रहा था। जांच एजेंसी के मुताबिक इस योजना का मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज (अब मृत) और उसका भाई अजय भारद्वाज थे।

इस योजना में निवेशकों को 18 महीने तक हर महीने 10% तक बिटकॉइन रिटर्न देने का लालच दिया जाता था। लोगों को बाहरी एक्सचेंज से बिटकॉइन खरीदकर गेन बिटकॉइन में तथाकथित क्लाउड माइनिंग कॉन्ट्रैक्ट के जरिए जमा करने के लिए कहा जाता था।

सीबीआई के अनुसार यह मॉडल मल्टी-लेवल मार्केटिंग पर आधारित पोंजी स्कीम था, जिसमें पुराने निवेशकों को भुगतान नए निवेशकों से आने वाले पैसे से किया जाता था। शुरुआती दौर में बिटकॉइन में भुगतान होने से लोगों को यह योजना लाभदायक लगने लगी।

लेकिन 2017 के बाद जब नए निवेशकों का प्रवाह कम हुआ, तो कंपनी ने अचानक भुगतान बिटकॉइन के बजाय अपने ही बनाए क्रिप्टो टोकन MCAP में करना शुरू कर दिया, जिसकी कीमत बिटकॉइन से काफी कम थी। इससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

**कई एफआईआर हुए दर्ज**

इस बड़े घोटाले के चलते जम्मू-कश्मीर से महाराष्ट्र और दिल्ली से पश्चिम बंगाल तक कई एफआईआर दर्ज की गई थीं। मामले की व्यापकता और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई अब पूरे घोटाले की परतें खोलने, इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान करने और निवेशकों से हड़पे गए धन का पता लगाने के लिए जांच आगे बढ़ा रही है, जिसमें विदेशों में भेजे गए फंड का भी पता लगाया जा रहा है।

# मान पानू का 'द लास्ट लेटर' आपके फ़ीड और आपके दिल को अपने नाम कर लेगा




**मुंबई।** हर कहानी को समापन नहीं मिलता, कुछ केवल यादों में धुंधली हो जाती हैं और अपने पीछे एक खाली सा अहसास छोड़ जाती हैं। भारत के इंडी पॉप जगत में उभरते हुए सबसे होनहार नामों में से एक के तौर पर पहचाने जाने वाले सिंगर-सॉन्गराइटर मान पनु अपनी शांत लेकिन भावपूर्ण लेखन शैली और सच्ची कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं। उनका नवीनतम रिलीज़ 'द लास्ट लेटर' एक ऐसा गीत है, जो एक कन्फेशन, बीते समय के साथ की गई एक शांत बातचीत जैसा महसूस होता है। अपनी मधुर आवाज़ और भावनात्मक लिरिक्स के साथ, 'द लास्ट लेटर' दिल टूटने को नाटकीय रूप नहीं देता। इसके बजाय, मान इसे उसके बाद आने वाली खामोशी में समेट लेते हैं और उसे ऐसे संगीत में बदल देते हैं जो गहराई से व्यक्तिगत होने के साथ-साथ हर किसी से जुड़ने योग्य महसूस होता है। वह उन वाक्यों को आवाज़ देते हैं जो कभी कहे नहीं जा सके, उन बातचीतों को जो सिर्फ़ आपके मन में ही रह गईं, और उस तरह के प्रेम को जो ध्यान नहीं मांगता, लेकिन भुलाया भी नहीं जा सकता। रिलीज़ पर अपने विचार साझा करते हुए, मान पानू ने कहा, 'द लास्ट लेटर' में अंत का भार है, लेकिन साथ ही नई शुरुआत की शांत शक्ति भी है। यह जो बीत चुका है उसके साथ सुकून पाने और आगे आने वाले समय के लिए साहस जुटाने के बारे में है। कई मायनों में, यह सिर्फ़ किसी और के लिए आखिरी पत्र नहीं है, बल्कि यह मेरे लिए पहला पत्र है।

# कुशीनगर डीएम की बड़ी कार्रवाई, 17 अभियुक्तों को किया जिला बदर

- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती, बिना अनुमति जनपद में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों के 17 व्यक्तियों को गुण्डा घोषित करते हुए 06 माह की अवधि के लिए जनपद कुशीनगर की सीमा से निष्काशित कर दिया।

जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा पुलिस आख्या, उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रकरणों की विस्तृत विवेचना तथा सुनवाई के उपरांत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जारी नोटिस की पुष्टि करते हुए आदेश पारित किया गया। जिन व्यक्तियों को किया गया जनपद बदर साकीर अली पुत्र जुम्मन, निवासी नवापार, थाना अहिरौली बाजार, सत्येन्द्र पुत्र खजान्ची, निवासी जमुआन थाना कप्तानगंज, भुआल पुत्र श्याम नरायन, निवासी मुण्डेरा, थाना हनुमानगंज, गुलाब जायसवाल पुत्र स्व0 हीरा जायसवाल, निवासी डुम्मरभार, थाना रविन्द्रनगर धूस, सूरज चौधरी पुत्र प्रेमनाथ उर्फ मामा चौधरी, निवासी पिपरही, थाना अहिरौली बाजार, कल्याण सिंह उर्फ डॉक्टर पुत्र राधेश्याम, निवासी लोहझार, थाना अहिरौली बाजार, विपिन तिवारी पुत्र सुरेश तिवारी, निवासी छपिया, थाना अहिरौली बाजार, रामकृपाल यादव उर्फ धमारी पुत्र गुलाब यादव, निवासी रानीपार हरैया, थाना कप्तानगंज, निलेश चौबे पुत्र शिवशंकर चौबे, निवासी फरदहां, थाना कप्तानगंज, हिदायतुल्लाह अंसारी पुत्र बैतुल्लाह अंसारी निवासी पचार, थाना कप्तानगंज, खुर्शीद उर्फ सोनू पुत्र यासीन, निवासी पचार थाना कप्तानगंज, यासीन पुत्र रमजान, निवासी पचार कप्तानगंज, मेहताब अंसारी पुत्र कबरूद्दीन, निवासी लक्ष्मीपुर, कप्तानगंज, गिरीश सिंह पुत्र गोमती सिंह, निवासी रानीकाफ, थाना कप्तानगंज, दीपक सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह, निवासी रानीकाफ, थाना कप्तानगंज, बुन्ने सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह, निवासी वार्ड नं0 17 थरूआडीह कस्बा हाटा, थाना हाटा, किशन उर्फ कृष्णा पुत्र हरिओम मिश्रा, निवासी झुगवां, थाना कसया को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है।

### आदेश की प्रमुख शर्तें

सभी निष्काषित व्यक्ति 06 माह तक बिना न्यायालय की अनुमति जनपद कुशीनगर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे जनपद सीमा के बाहर जहां भी रात्रि विश्राम करेंगे, उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देना अनिवार्य होगा। न्यायालय में आवश्यक उपस्थिति की स्थिति में पृथक अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी। आदेश आरोपियों को तामिला की तिथि से प्रभावी माना जाएगा।जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थानाध्यक्षों को आदेशों का विधिवत तामिला सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण, दिया दिशा निर्देश

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक (उ0नि0) नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद बस्ती मुख्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का आज दिनांक 11.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त द्वारा गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं, संचार प्रणाली, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, स्टाफ की तैनाती, अभ्यर्थियों की सहायता हेतु की गई तैयारियों तथा परीक्षा के सुचारू संचालन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों/ कर्मचारियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता /गड़बड़ी न हो, इस हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कन्ट्रोल रूम को सक्रिय रखने, त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने एवं सभी हेल्पलाइन नंबरों की निगरानी बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

# दादा साहेब फालके पुरस्कार से नवाजे गए कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे

- कुशीनगर के लिए यह ऐतिहासिक पल, लोगों ने दी बधाई, सांसद ने जनता को समर्पित किया यह सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



नई दिल्ली में दादा साहेब फालके पुरस्कार से सम्मानित होते सांसद विजय दुबे

**कुशीनगर।** सांसद विजय कुमार दुबे को दादा साहेब फालके आइकॉन अवॉर्ड फिल्म ऑर्गनाइजेशन द्वारा प्रदान किए गए थर्ड मिनिस्टर एमपी/एमएलए गोल्ड 2026 से मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्य अतिथि चार राज्यों के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान को प्राप्त कर उन्होंने इसे कुशीनगर की जनता के विश्वास और स्नेह का परिणाम बताया।

सांसद श्री दूबे ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर की सम्मानित जनता के सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद से ही उन्हें जनसेवा के मार्ग पर निरंतर कार्य करने की शक्ति मिलती है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को गति मिली है और आगे भी जनहित में कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी ने सांसद विजय कुमार दूबे को सम्मानित करते हुए उनके जनसेवा के कार्यों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद श्री दूबे ने कहा कि वह जनता के आशीर्वाद और सहयोग से क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान संस्था के निदेशक कल्याण जी जाना, सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल सहित कई अन्य सांसद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अनुशासन का बोध कराता है स्काउट-गाइड : डॉ अरुण श्रीवास्तव

- एसएमबीएल पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय शिविर का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता


टोलियों का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अरुण

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बा स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन बुधवार को स्काउट-गाइडों द्वारा बनाए गए आकर्षक टोलियों का निरीक्षण के दौरान किया गया। अतिथियों ने निरीक्षण में यासमीन टोली को प्रथम, कमल को द्वितीय व शेर टोली को तृतीय स्थान घोषित किया।

शिविर समापन के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन का बोध कराता है। साथ ही उच्च नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम भी स्काउट गाईड है। कहा कि स्काउट गाइड के मध्यम से बच्चों में प्रतिज्ञा व नियमों का पालन सीखने के साथ ही देशभक्ति की भावना जागृत होती है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गाया। इसके बाद छात्राओं द्वारा वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। पांच दिवसीय शिविर में स्काउट गाइडों द्वारा टेंट निर्माण, गांठ बांधना, स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता का संदेश देते हुए रसोई, शौचालय, मकान, सड़क, इतिहास की स्वच्छता व वृहद कैंप, फायर क्रियान्वयन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त एमडी आई खान, डीओसी गाइड श्रीमती निवेदिता श्रीवास्वत, प्रशिक्षक एनपी सिंह, जेपी रावत, चंद्रशेखर, अंजुम आरा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रजनीश पांडेय, मांडवी श्रीवास्तव, माला यादव, गूंजा सिंह, रमेश यादव, सुधीर चौहान, श्रीराम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# छह माह से जमे 10 इंस्पेक्टरों व 14 सब इंस्पेक्टरों का हुआ स्थानांतरण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त व दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी केशव कुमार ने माह से एक ही जगह जमे 10 इंस्पेक्टरों व 14 सब इंस्पेक्टरों का स्थानांतरण कर दिया।

एसपी ने जिन इंस्पेक्टरों व सब इंस्पेक्टरों का स्थानांतरण किया है उसमें निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह कोतवाली पडरौना से प्रभारी निरीक्षक कुबेरस्थान, निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी थाना रविन्द्रनगर धूस से कोतवाली पडरौना, निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय खड्डा से तमकुहीराज, निरीक्षक आशुतोष सिंह प्रभारी स्वाट टीम को निरीक्षक कसया, निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह यातायात से निरीक्षक पुलिस लाइन, निरीक्षक अश्वनी कुमार राय को अपराध शाखा से निरीक्षक यातायात, निरीक्षक रवींद्रनाथ सिंह जनसुनवाई सेल से अपराध निरीक्षक कुबेरस्थान, निरीक्षक अवधेश उपाध्याय अपराध निरीक्षक खड्डा से अपराध निरीक्षक कसया, निरीक्षक जंग बहादुर यादव पुलिस लाइन से अपराध निरीक्षक पडरौना, निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस लाइन से अपराध निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया, उप निरीक्षक संदीप सिंह थाना कुबेरस्थान से थाना खड्डा, उप नि. सुनील कुमार वर्मा थाना तमकुहीराज से थाना रविन्द्रनगर धूस, उप नि. अभिनव मिश्रा थानाध्यक्ष कसया से थानाध्यक्ष जटहां बाजार, उप नि. आलोक कुमार थानाध्यक्ष जटहां बाजार से थानाध्यक्ष तुर्क पट्टी, उप नि. स्वतंत्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी से प्रभारी स्वाट टीम, उप नि. रिजवान अहमद पुलिस लाइन से हाटा, उप नि. रामलाल सिंह पुलिस लाइन से थाना रविन्द्रनगर धुस, उप नि. रामप्रवेश सिंह पुलिस लाइन से थाना पटहेरवा, उप नि. अभिषेक कुमार पुलिस लाइन से कसया, उप नि. अंकित सिंह पुलिस लाइन से थाना तुर्कपट्टी, उप नि. आकाश गिरी पुलिस लाइन से थाना कप्तानगंज के लिए स्थानांतरण किया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

- 14 व 15 मार्च को दो पालियों में होगी सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उप निरीक्षक, नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च, 2026 को दो-दो पालियों में आयोजित की जा रही है। जनपद कुशीनगर में भी यह परीक्षा निर्धारित तिथियों पर विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, पूर्णतः निष्पक्ष, नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 11 मार्च, 2026 को विकास भवन सभागार, कुशीनगर में जिलाधिकारी, कुशीनगर श्री महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर श्री केशव कुमार द्वारा संयुक्त रुप से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**दिए गए निर्देश :** सभी परीक्षा केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। केन्द्रों पर सीसीटीवी निगरानी, फ्रिस्किंग, मेटल डिटेक्टर एवं अन्य एंटी-चीटिंग व्यवस्थाओं को सख्ती से लागू किया जाएगा। नकल एवं अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने हेतु फ्लाइंग स्क्वायड, स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों का समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय से पूर्व केन्द्र पहुँचने, केवल एडमिट कार्ड एवं आवश्यक पहचान पत्र साथ लाने तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/सामग्री न लाने के संबंध में जागरूक किया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वर्दी का घमंड टूटा : रिश्वत मांगने वाले दरोगा पर मुकदमा

- नकद लाओ, चार्जशीट लगवा दो...ऑडियो वायरल होते ही दरोगा पर मुकदमा

अवधनामा ब्यूरो

### कप्तान की सख्ती, पहले निलंबन फिर मुकदमा

ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर दरोगा को तत्काल निलंबित कर दिया गया। इसके बाद जब विस्तृत जांच में भी आरोप सही पाए गए तो मंगलवार को संबंधित थाने में दरोगा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी गई।

**कुशीनगर।** कानून का डंडा जब निष्पक्ष और ईमानदार हाथों में होता है तो वर्दी का रुतबा भी किसी को बचा नहीं पाता। कुशीनगर में यह नजारा उस समय देखने को मिला जब जिले के पुलिस कप्तान केशव कुमार ने चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले दरोगा आलोक कुमार सिंह के खिलाफ उसी थाने में मुकदमा दर्ज कराकर यह साबित कर दिया कि अगर अधिकारी ईमानदार हो तो वर्दी की आड़ में भ्रष्टाचार करने वालों की जगह सीधे कानून के कठघरे में होती है।

मामला तरयासुजान थाने से जुड़ा है, जहां तैनात रहे दरोगा आलोक कुमार सिंह पर आरोप है कि उन्होंने मारपीट के एक मुकदमे में आरोपी पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए पैसों की मांग की। भगवानपुर निवासी दीपक गिरी ने सोमवार को दरोगा के साथ हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

ऑडियो में दरोगा कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि 'कुछ नगद लेकर आओ, फाइल में चार्जशीट लगाकर न्यायालय में दाखिल कर देंगे। जल्दी चार्जशीट लग जाएगी तो किसी को पता नहीं चलेगा।' बातचीत के दौरान वह यह भी कहते हैं कि इसके लिए फाइल सीओ तमकुहीराज कार्यालय से मंगानी पड़ेगी और ज्यादा रुपए नहीं चाहिए, जो सुलह के लिए दे रहे थे वही दे देना। इतना ही नहीं, बातचीत में पीड़ित पक्ष के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग भी सुनाई दे रहा है।

**महकमे में हड़कंप, जिले में संदेश :** दरोगा आलोक कुमार सिंह पर उसी थाने मे मुकदमा दर्ज किए जाने की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आम तौर पर ऐसे मामलों में विभागीय कार्रवाई तक ही सीमित रहने वाली प्रक्रिया यहां सीधे कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गई, जिससे यह मामला पूरे जिले में न सिर्फ चर्चा का विषय बन गया है बल्कि यह संदेश भी है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के राज मे पुलिस वालो की मनमानी नही चलेगी।

**जनता के बीच बढ़ा भरोसा :** पुलिस अधीक्षक की इस सख्त कार्रवाई को लोग प्रशासन की पारदर्शिता और ईमानदारी की मिसाल मान रहे हैं। आम लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई होती रही तो पुलिस और जनता के बीच विश्वास और मजबूत होगा। लोगों का कहना है कि तेज-तर्रार एसपी केशव कुमार के कार्यकाल मे अब कानून का डंडा सिर्फ अपराधियों पर ही नहीं, बल्कि कानून की रक्षा करने वाले गलत करेंगे तो वह भी बच नही पाएंगे।

# एसआई भर्ती परीक्षा : डीएम-एसपी ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** आगामी 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को नकलविहीन पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की नकल गड़बड़ी या अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय और सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्र के भीतर घड़ी सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोकॉपी की दुकानों को परीक्षा अवधि में बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर उनके सामान रखने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह संबंधित क्षेत्राधिकारी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा ड्यूटी में तैनात अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फाजिलनगर में आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 2.46 करोड़ धन अवमुक्त

**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड फाजिलनगर मे आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 46 लाख अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सम्बन्ध मे आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी कर दिया गया है।

जनपद कुशीनगर के अन्तर्गत विकास खण्ड फाजिल नगर के परिसर मे आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु आंकलित लागत रू 275.95 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति करते हुए प्रथम किस्त के रूप मे रू 92.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई है। इसी विकास खण्ड मे अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु रू 462.20 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू 154.00 लाख की धनराशि प्रथम किस्त के रूप मे अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## राहुल गांधी कल अमेठी में

**अमेठी।** राहुल गांधी जिनका हमेशा आगमन होता रहता था वह एक लम्बे समय के अन्तराल के बाद 13 मार्च को अमेठी आ रहे हैं। जहां वे कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्र की तेरहवीं में शामिल होंगे और क्षेत्र के अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे।उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अमेठी-रायबरेली संसदीय क्षेत्र का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी 12 मार्च को फुरसतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे रायबरेली जाकर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में शामिल होंगे।उनका रात्रि विश्राम भूएमऊ में निर्धारित है। दौरे के दूसरे दिन 13 मार्च को सुबह राहुल गांधी जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद वे अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित बहादुरपुर में नैना रिजॉर्ट पहुंचकर अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक में संगठन की मजबूती आगामी रणनीति तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में राहुल गांधी अमेठी के गौरीगंज क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय योगेंद्र मिश्रा के निवास पर आयोजित उनकी तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे। इस दौरान अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा की विशेष उपस्थिति रहेगी।

## नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने किया निर्माणाधीन परियोजनाओ का निरीक्षण



**बस्ती।** नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बुधवार को क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अटल नगर वार्ड स्थित निर्माणधीन नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इन्होंने इसे मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। इसे इको फ्रेंडली बनाने का सुझाव दिया। श्रीमती राना इसके बाद राजा उदय प्रताप नगर वार्ड में बन रहे अंतरिक्ष प्रयोगशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने का निर्देश दिया जिससे विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाए। इसे वाई फाई और सोलर सिस्टम से जोड़ने निर्देश भी दिया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने भगत सिंह नगर वार्ड में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क और गुरु प्रसाद नगर वार्ड में बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। इन दोनों परियोजनाओं में ठेकेदार ने बताया कि शासन द्वारा दूसरी किस्त नहीं मिलने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 308 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी 13 विकासखंडों व चारों निकायों से आए कुल 308 जोड़ों का विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण-पत्र उपहार सामग्री प्रदान कर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना है। कार्यक्रम में वर-वधू को दी जाने वाली सभी सामग्रियां गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इससे भी अधिक संख्या में पात्र जोड़ों का विवाह इस योजना के अंतर्गत कराया जाएगा। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ समय पर पहुंचे। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानजनक तरीके से विवाह कराया जा रहा है।

उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को उज्ज्वल भविष्य और सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 13 विकासखंडों से कुल 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया सभी विवाह संबंधित धर्मों की परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रति युगल कुल एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं जबकि 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री जैसे पांच साड़ियां ब्राइडल लहंगा चांदी की पायल और बिछिया डिनर सेट कुकर ट्रॉली बैग सीलिंग फैन आयरन गद्दा-तकिया आदि वर-वधू को दिए जाते हैं। इसके अलावा 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह सुनिश्चित करना है। योजना का लाभ विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को भी दिया जाता है। साथ ही निराश्रित कन्याओं विधवा की पुत्रियों दिव्यांग अभिभावकों की पुत्रियों तथा स्वयं दिव्यांग कन्याओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

# छह मार्च तक रामकोला चीनी मिली ने गन्ना मूल्य का भुगतान किया

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 28 फरवरी से 06 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 13 करोड़ 64 लाख रुपए की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# स्मोकिंग स्वास्थ्य के लिए तो खतरनाक लत, परिवार में आ सकता है संकट : डॉ. संजय

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व धूम्रपान निषेध दिवस जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर धूम्रपान उत्पादों से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु कार्यशाला/गोष्ठी के साथ साथ हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ0 संजय कुमार की अगुवाई में हुई। गोष्ठी का संचालन डॉ0 पारितोष तिवारी ने किया। उन्होंने धूम्रपान उत्पादों का सेवन न करने और तम्बाकू सेवन छोड़ने की शपथ भी दिलाई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ0 संजय कुमार ने धूम्रपान से हो

**■ जनजागरूकता के साथ मनाया गया धूम्रपान निषेध दिवस, तम्बाकू छोड़ने की दिलायी शपथ**

रहे रोगों, रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी समस्यायें जन्म लेती है। उन्होंने तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने के उपाए एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे मे जानकारी दी साथ ही तम्बाकू उत्पाद छोड़ने हेतु टोल फ्रीनबर 1800112356 पर बात कर सकते है। उन्होंने कहा कि स्मोकिंग स्वास्थ्य के लिए तो खतरनाक है ही इसकी लत परिवार को भी संकट में डाल देती है। ऐसे उत्पादों पर चेतावनी भी लिखी होती है लेकिन फिर भी लोग धूम्रपान कर रहे हैं।




स्मोकिंग की लत लोगों के फेफड़ों पर भारी पड़ रही है। इससे लंग कैंसर, क्रोनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप मिश्रा ने कहा कि तम्बाकू की लत व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। तम्बाकू के सेवन से कई तरह की बीमारियां फैलती है, जो स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए घातक है। समाज में विशेषकर युवा समुदाय जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारी से ग्रसित हो रहे है। लोगों को बीमारियों से बचाना उन्हें जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का कर्तव्य है। कैंसर डे केयर सेंटर देख रहे डॉ0 परितोष तिवारी ने कहा कि स्मोकिंग की लत लड़कों के साथ साथ लड़कियों में भी तेजी से बढ़ी है। पहले हाई रिच सोसायटी की गर्ल्स में शुरु हुई उसके बाद में अब आम लड़कियां तेजी से सिगरेट पीना पसंद कर रही हैं। स्मोकिंग को नेक्स्ट लेवल तक एंजॉय कर रही हैं। जिनमें वीड, केनेबिस और निकोटीन गम्स का सेवन बढ़ा है। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया गया है। धारा 6 के अन्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में, नाबालिगों द्वारा तम्बाकू के क्रय तथा विक्रय पर प्रतिबंध है। इसके साथ ही अचल प्रशिक्षण केन्द्र में फोकस्ड ग्रुप डिस्कशन के बाद आशा बहुओं, एएनएम और सीएचओ के माध्यम से एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर एनसीडी फिजिशियन डॉ0 अंशुमान सिंह श्रीनेत्र, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजित जायसवाल, डॉ0 रियाजुल हक़, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून, शरद श्रीवास्तव, सन्तोष सिंह, बृज प्रकाश, स्वाती श्रीवास्तव, मुकेश हंस, हरीश कुमार, सीमा कुमारी, अजय प्रताप, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# उ.प्र. महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष ने वन स्टाप सेन्टर का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर), उ.प्र. महिला कल्याण निगम श्रीमती कमलावती सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के साथ वन स्टाप सेन्टर का भ्रमण कर मौजूद पीड़ितों से वार्ता कर सेन्टर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेन्टर के निरीक्षण के दौरान श्रीमती सिंह ने कक्ष-कक्षों व रसोई घर का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा अभिलेखों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद व सेन्टर प्रबन्धक रागनी विश्वकर्मा से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्रीमती सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि निर्वासित पीड़ितों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। इस अवसर पर काउन्सलर सुरभि अकांक्षा, पैरा मेडिकल स्टाफ शालनी यादव, केस वर्कर संगीता बाजपेई, प्रमिला यादव, आया हेल्पर अनूप, प्रियंका व बृजेन्द्र मौजूद रहे। वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के उपरान्त श्रीमती सिंह ने एम.एल.सी. डॉ. त्रिपाठी, पाटी पदाधिकारी हेमा निगम, उर्मिला शुक्ला, स्वाती तिवारी, सोनी श्रीवास्तव, ज्योति सिंह इत्यादि के साथ सेन्टर परिसर में पौधरोपण भी किया।

# दो माह बाद एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के आदेश पर 2 महीने बाद थाना रोजा में ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है ई-रिक्शा चालक का 8 जनवरी 2026 को अटसलिया रेलवे ओवरब्रिज के नीचे शव पड़ा मिला था जो खून से लथपथ था आशंका जताई जा रही थी कि यह व्यक्ति ओवर ब्रिज से नीचे गिरा और इसकी मौत हो गई सब की पहचान न होने पर पुलिस ने पहचान के लिए शव मर्चरी में रखवाया था और 9 फरवरी को मृतक के परिजनों ने पहचान की थी जिसके बाद उसका ई-रिक्शा 5 किलोमीटर दूर कोतवाली क्षेत्र में मिला था जिसकी पहचान फरमान निवासी मोहल्ला बंगस थाना कोतवाली के रूप में हुई थी परिजन

**■ रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे पड़ा मिला था ई-रिक्शा चालक का शव**

तभी से लगातार एक व्यक्ति पर आरोप लगाकर हत्या का मुकदमा दर्ज करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी इसके बाद मृतक की मां अमर जहां ने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र दिया और पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बंगस मोहल्ले के ही रहने वाले शाने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि फरमान शाने का रिक्शा चलाता था जिसको लेकर कई बार मारपीट और झगड़ा फसाद हुआ शाने ने उसके साथ मारपीट की और पुल के नीचे फेंक दिया फिलहाल इस मामले में थाना रोजा में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू हो गई है।

## परिषदीय विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण में मजदूर बना मासूम

**सुलतानपुर।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में इंसानियत और कानून को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के काशीराम का पुरवा, मौजा डोभियारा स्थित एक विद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण के दौरान मासूम बच्चों से ईंट और मसाला ढुलवाने का काम कराया गया। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। फिलहाल वायरल वीडियो की पुष्टि समाचार पत्र नही करता है वीडियो में एक जिम्मेदार का बयान न सिर्फहैरान करने वाला है, बल्कि बाल अधिकारों और कानून की खुली अवहेलना भी माना जा रहा है। जिन नन्हें हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए, जिम्मे दारो द्वारा नाबालिग बच्चो से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एनएसएस स्वास्थ्य जागरूकता रैली छात्रों ने निकाली



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर टूंडला फिरोजाबाद की ओर से ओपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल नगला मुरली में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ दिन एनएसएस स्वयंसेवक सेविकाओं ने स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक सेविकाओं ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, रक्तचाप, मधु मेह, कैंसर, एनीमिया के बीमारियों के लक्षण तथा इससे बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीपी सिंह ने स्वयंसेवक-सेविकाओं को स्वच्छ जीवन के बारे में विस्तार से समझाया और बताया कि स्वच्छ जीवन ही जीवन का मूल्यावन धन है। कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर डीपी सिंह ने स्वयंसेवक सेविकाओं को बताया कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है तथा बताया कि आरोग्य ही जीवन की सच्ची संपत्ति है।बौद्धिक सत्र मे कॉलेज की प्रो. रौनक धाकरे ने स्वयंसेवक सेविकाओं को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया और संतुलित जीवनशैली स्वास्थ्य शरीर की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुभाष चंद्र द्वारा किया गया।

## राजू मोबाइल शोरूम पर दबंग की दबंगई

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में राजू मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के अंदर घुसकर तोड़फोड़ गाली गलौज व तांडव करने का कैमरे में कैद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़ित राजू मोबाइल शोरूम के मालिक सुशील कुमार कटियार द्वारा थाना रोजा में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि थाना रोजा क्षेत्र के कैलाश नगर कॉलोनी मोहम्मदी रोड पर पीड़ित का राजू मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है सुशील कुमार ने बताया कि शोरूम से 100 मीटर दूरी पर रहने वाले मोनू उर्फ रजनीश पुत्र महेंद्र उसके शोरूम पर गया और फ्री रिचार्ज करने के लिए कहा और जब उसने मना कर दिया तो मा ने अपनी मां व पिता महेंद्र व बहन को शोरूम पर बुला लिया जो हाथ में डंडे लेकर आए और मारपीट गाली गलौज करने लगे शोरूम में तोड़फोड़ की और उसका मोबाइल छीन ले गए शोरूम मालिक सुशील कुमार ने बताया कि इस दौरान उन लोगों ने पचासों हजार का उसका नुकसान कर दिया उसने बताया इस दौरान उसके शोरूम पर काम करने वाले लड़के वीडियो बनाने लगे वीडियो में भी उपरोक्त लोग तोड़फोड़ मारपीट करते दिख रहे हैं शोरूम मालिक ने थाना रोजा पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# पीस मीटिंग में सकुशल अलविदा जुमा की नमाज पर किया विचार



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जनपद फिरोजाबाद में आगामी अलविदा जुम्मा की नमाज व पवित्र माह रमजान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सभी धर्मो के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। मीटिंग में उपस्थित धर्मगुरुओं से त्योहारों को आपसी सहयोग, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई तथा किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान न देने और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या अफ़वाह की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए कहा गया। त्योहारों के दौरान जनपद में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे सभी लोग अपने त्योहारों को सुरक्षित व शांतिपूर्ण माहौल में मना सकें। मीटिंग में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# आगामी 14 व 15 को पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** आगामी 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई, इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी मौजूद रहे, बैठक में जानकारी दी गई कि इस परीक्षा के लिए कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, परीक्षा दो दिनों में कुल चार पालियों में आयोजित की जाएगी, प्रत्येक पाली में 1920 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि चार केंद्रो पर प्रति पाली 240 छात्र, जबकि एम0जी0 बालिका इंटर कॉलेज और एम0जी0 बालिका पी0जी0 कॉलेज में प्रति पाली 480-480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, निर्धारित परीक्षा केंद्रों के नाम एम0जी0 बालिका इंटर कॉलेज, एम0जी0 बालिका पी0जी0 कॉलेज, सी0एल0 जैन डिग्री कॉलेज, एस0आर0के0 डिग्री कॉलेज, दाऊ दयाल डिग्री कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जिलाधिकारी ने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निम्नलिखित कई निर्देश जारी किए हैं, परीक्षार्थी की पहचान सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी मुन्ना भाई या फर्जी अभ्यर्थी किसी दूसरे के स्थान पर परीक्षा न दे सके, परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले मुख्य गेट अनिवार्य रूप से बंद कर दिया जाए, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक क्लासरूम में दीवार घड़ी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, साथ ही साथ परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक सेन्टर पर क्लॉर्क रूम अवश्य होना चाहिए, परीक्षा कक्ष में मोबाइल स्मार्ट वॉच या किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा, पानी पिलाने या अन्य सहायक स्टाफ की संख्या सीमित रखी जाए, प्रत्येक केंद्र पर आपातकालीन स्थिति के लिए डॉ0 की टीम तैनात कर दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है की सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें, ड्यूटी में किसी प्रकार की शीथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी, अंत में जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है, सभी केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करलें की किसी भी परीक्षार्थी को अनावश्यक रूप से परेशानी न हो परंतु नियमों का पालन सख्ती से कराया जाएगा।

## इन्टरनेशनल डे ऑफ वूमेन जजेस पर महिला न्यायाधीशों को किया सम्मानित

**फिरोजाबाद।** International Day of Women Judges के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर, फिरोजाबाद में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश फिरोजाबाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की सचिव द्वारा किया गया, जिसमें जनपद के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की महत्वपूर्ण भूमिका एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया तथा उनके कार्यो की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान महिला न्यायिक अधिकारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। साथ ही इस अवसर पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14.03.2026 के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा जनसामान्य से अधिक से अधिक संख्या में अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने की अपील की गई। इस संबंध में न्यायिक अधिकारियों द्वारा लोक अदालत के लाभों एवं इसकी उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./ Lot no. | Ctg-lko-bsb-4-2 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 09.03.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 25.03.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 25.03.2026 at 12:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| S N | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-199-26-1 | LKO/PF-6&7/27 | 25.03.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC |
| 2 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-201-26-1 | LKO/PF-2&3/6 | 25.03.2026 at 11:40 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |
| 3 | Varanasi | Catg-LKO-BSB-SMU-109-25-1 | BSB/PF-10&11/214 | 25.03.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC (Women) |
| 4 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-200-26-1 | LKO/PF-6&7/26 | 25.03.2026 at 12:00 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |

No. C-285-E-Tender/SMU/D.E.F/2022/JSM Date:- 11.03.2026 814/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## स्कूल का वार्षिक महोत्सव मनाया गया

**सुलतानपुर।** विवेक नगर स्थित दिल्ली मॉन्टेसरी स्कूल का वार्षिक महोत्सव मनाया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा-8 तक के बच्चों ने कई मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अमिता विद्यार्थी एवम मैनेजर सुधीश विद्यार्थी ने दीप जला कर किया और सरस्वती वंदना के उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें वे डॉक्टर, सैनिक, कानून, पुलिस, योगी, इंदिरा गाँधी सुपर मॉम आदि बनकर आए थे और उन्होंने सबको अचंभित कर दिया। जिसमें अभित्या, गौरवी, शाश्वत, भाव्या, हर्ष, नित्या, कुश, रुद्रांश, मो. बिलाल, रुवादिश अंसारी, अनय मिश्रा आदि बच्चों ने मनभावन प्रस्तुति पेश किया। कक्षा-1 से 8 तक के बच्चों में वेदांशी राय, शुभांगी शुक्ला, कलश, कर्निका पाण्डेय, आयु, आकांक्षा आदि बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# 21 रमजान को मौला अली की शहादत पर निकला जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के चक्कारीभीट गांव में 21 रमजान के पवित्र अवसर पर हजरत मौला अली (अ.स.) की शहादत की याद में पारंपरिक जुलूस और मजलिस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े गमगीनऔर श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

चक्कारीभीट के बड़े इमामबाड़े में सबसे पहले मौला अली (अ.स.) की शहादत पर एक भावपूर्ण मजलिस आयोजित की गई। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत (ताबूत) निकाला गया, जो पुराने निर्धारित रास्ते से होते हुए गांव के कर्बला पहुंचा। वहां ताबूत को सिपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में शामिल अजादारों ने मौला अली की शहादत पर नौहे पढ़े, मातम किया और सीना-जनी करते हुए 'या अली' के सदाओं के साथ। जुलूस के दौरान मस्जिद में नमाजी मारा गया वावेला नौहा पढ़ा और मातम करते हुए। पूरा जुलूस शोकाकुल माहौल में अदब और सम्मान के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर अंजुमन-ए-करवाने-अजा के सदस्यों सहित दर्जनों अजादार मौजूद रहे, जिनमें अंसार हुसैन, शाहिद हुसैन, सफ़्दर जाफ़री, मोहम्मद वसीम, सोहेल अब्बास, इसरार हुसैन, फ़रहान अली, मोहम्मद रेहान, जफ़र अब्बास, कैफ मिर्जा, औन मोहम्मद, अमीर हैदर, बाज़िल अब्बास, अरमान, मीज़ान, चमन मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा चौकी प्रभारी रामराज, सिपाही अमित कुमार, दीवान के के यादव सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। यह आयोजन शिया समुदाय की गहरी आस्था और मौला अली (अ.स.) के प्रति प्रेम को दर्शाता है, जो प्रतिवर्ष चक्कारीभीट में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राधिका उम्र 35 वर्ष पुत्री जमील अहमद पत्नी अमित यादव निवासिनी- अनोरा कलां लखनऊ पूर्ण रूप से स्वस्थ व बालिग हूं, मैंने दिनांक 09-07-2020 को अपनी स्वेच्छा से हिन्दू धर्म को अपना लिया है और अपना नाम राधिका अंगीकार कर लिया है। धर्म परिवर्तन पूर्व मेरा धर्म मुस्लिम एवं नाम फरहत जमील था। अतः अब मुझे राधिका नाम से ही पढ़ा, जाना व पहचाना जाये।


यू.पी. स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि., सिद्धार्थनगर।

(पूर्ववर्ती नामः - उ.प्र. समाज कल्याण निर्माण निगम )

(उ.प्र. शासन का प्रतिष्ठान) आई.एस.ओ. 9001:2000 प्रमाणित

कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, काषीराम आवास, जगदीष हास्पिटल के पीछे, प्रमीला भवन, जगदीषपुर, सिद्धार्थनगर। | पंजीकृत कार्यालय, टी0सी0-46 V, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010 (उ.प्र.)।

पत्रांक : 1799/अधि0अभि0/सिद्धार्थनगर/2025-26 | दिनाँक :- 11/03/2026

निविदा आमंत्रण नोटिस

विधायक निधि (डुमरियागंज) योजना वर्ष 2025 - 26 (श्रीमती सैयदा खातून, मा0 विधायक, विधान सभा क्षेत्र-डुमरियागंज) जनपद - सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत विवरणानुसार निर्माण कार्यो को खुली निविदा के आधार पर कराये जाने हेतु निगम में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 12.03.2026 से 20.03.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय से निर्धारित निविदा शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं तथा प्राप्त निविदा प्रपत्रों को दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित समय तक कार्यालय में जमा/प्राप्त निविदा प्रपत्रों को दिनांक 20.03.2026 को ही सायं काल 3:00 बजे निर्धारित विभागीय समिति के समक्ष निर्माण इकाई कार्यालय, सिद्धार्थनगर में खोला जायेगा। निविदा प्रपत्रों के साथ धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 (किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जो अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेन्ट कारपोरेशन लि0, सिद्धार्थनगर के नाम से निर्गत/बंधक हो संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा प्रपत्रों पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। टेण्डर फीस के रूप में वांछित धनराशि ड्राफ्ट, आर0टी0जी0एस0 अथवा नगद के रूप में स्वीकार किया जायेगा। बिल ऑफ क्वांटिटी की लागत में प्राप्त न्यूनतम निविदत दर को कम करने के उपरान्त बिल का भुगतान किया जायेगा। निविदा निरस्त करने एवं स्वीकृति/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित है।

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना प्राक्कलन की कुल धनराशि (लाख रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | डुमरियागंज, डुमरियागंज चन्द्रदीप मार्ग घाट के पास स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रघुराज उपाध्याय स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |
| 2 | डुमरियागंज पिरैला मार्ग काजी जलील अब्बासी कन्या इण्टर कालेज बयारा के सामने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी काजी जलील अब्बासी स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |
| 3 | भड़रिया बढ़नीचाफा मार्ग पर सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |
| 4 | बांसी डुमरियागंज मार्ग मिठवल चौरसिया इण्टर कालेज के सामने मुख्य मार्ग पर राम मिलन चौरसिया स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |
| 5 | बिथरिया भरवठिया मार्ग पुल के नीच वीर अब्दुल हमीद स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |
| 6 | डुमरियागंज रूधौली मार्ग पर बढ़नी कोल्ड स्टोरेज पुल के बाद महारानी लक्ष्मीबाई स्मृति द्वार का निर्माण कार्य। | 9.30 |

अधिशासी अभियन्ता
यू.पी. सिडको, सिद्धार्थनगर।


# जिले को मिली सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम से अलग एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जाएगा। इसमें गार्डासिल नाम की क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है। यही वायरस सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण माने जाते हैं। इसके अलावा यह टीका टाइप 6 और 11 से भी बचाव करता है। विशेषज्ञों के अनुसार 14 वर्ष की आयु में एक डोज लगाने से लंबे समय तक मजबूत सुरक्षा मिलती है। भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष लगभग 80 हजार नए मामले सामने आते हैं, जबकि 42 हजार से अधिक महिलाओं की मौत इस बीमारी से हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वैक्सीन 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी मानी जाती है और इसका सुरक्षा रिकॉर्ड भी काफी अच्छा है। वर्ष 2006 से अब तक दुनियाभर में 60 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं। कई देशों में इस टीकाकरण के बाद एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त और स्वैच्छिक होगा, ताकि सभी वर्गों की किशोरियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। अभियान का शुभारंभ 14 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर में किया जाएगा। यहां प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को अभिभावकों की सहमति के बाद एचपीवी टीका लगाया जाएगा।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। एडमिन यूनिट/जोन : लखनऊ–पू.उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे., नीलामी सूची सं./लॉट सं. : Catg-LJND-04-26, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि : 09.03.2026 समय 18:11 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) : 24.03.2026 समय 10:00 बजे, नीलामी बंद करने की तिथि व समय : 24.03.2026 समय 12:30 बजे, नीलामी का प्रकार : Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-281 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# इटावा सफारी पार्क में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारिक सदस्यों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विष्वविद्यालय, सैफ़ई के कुलपति प्रो0(डा0)अजय सिंह के विषेष सहयोग से उनके संस्थान के विषेषज्ञों/चिकित्सकों के द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में जनरल बॉडी चेकअप, रक्त जाँच, डेंटल, ईएनटी, स्त्री रोग, आँख एवं रेस्पिरेटरी रोगों से संबंधित डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ सहित 50 चिकित्सक उपस्थित रहे। चिकित्सकों की टीम का नेतृत्व प्रो.(डॉ) एस0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं डॉ.एन0पी0 सिंह, प्रोफेसर व चीफ कॉर्डिनेटर आउटरीच प्रोग्राम के द्वारा किया। शिविर का शुभारंभ इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ.अनिल कुमार पटेल द्वारा किया गया तथा सर्वप्रथम उन्होने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही सफारी पार्क प्रबन्धन की ओर से सफारी पार्क में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को फर्स्ट ऐड किट का वितरण भी किया गया। इस शिविर के आयोजन में उप निदेशक डॉ.विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री रुपेश श्रीवास्तव, मनन्जय यादव एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सफारी स्टाफ एवं वन्यजीवों के स्वास्थ्य को उत्तम रखने हेतु यह आयोजन किया गया।

## महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की सुनवाई 13 मार्च को

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग मा0 अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर प्राप्त) डॉ0 बबिता सिंह चैहान जी का जनपद में सर्किट हाउस चुर्क में 12 मार्च को रात्रि में आगमन होगा,



अध्यक्ष 13 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मवोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 09:30 बजे प्रतिभाग करेगी, इसके पश्चात सर्किट हाउस में जनपद में महिलाओं की उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई करेंगीं, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस सभागार में महिलाओं का सम्मान गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में प्रतिभग करेगी इसके पश्चात वैष्णों माता मंन्दिर डाला में मा0 अध्यक्ष दर्शन व पूजन करेगीं इसके पश्चात जिला करागार महिला बन्दीगृह का निरीक्षण करेगी तद्द पश्चात अपने गनतब्य को प्रस्थान करेगी।

# महिला दिवस व होली मिलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जे एस के जी कॉलेज नमिता तिवारी के सौजन्य से उनके यहां जाइंट्स ग्रुप ऑफ नवोदिता और नव वनिता की सदस्याओं ने मिलकर पहले महिला दिवस मनाया, जिसमें 6 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

नवोदिता की तरफ से नमिता तिवारी, सुमन तिवारी और पारोमिता विश्वास को पटका उठाकर तथा माला पहनाकर गिफ्ट प्रदान किए गए। इसी तरह से नव वनिता की तरफ से श्यामला पांडेय, नीतू भदोरिया एवं प्रीति यादव को सम्मानित किया गया, तत्पश्चात जाइंट्स ग्रुप की सभी सदस्याओं ने मिलकर सिंगल डांस, ग्रुपडांस, सिंगल सॉन्ग, ग्रुप सॉन्ग, एक्टिंग, मिमिक्री करते हुए बहुत ही आनंदित पल बिताए। इस अवसर पर नवोदिता ग्रुप से ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, वीणा शर्मा, आशा अवस्थी, श्रुति पोरवाल, रेखा अग्रवाल, सुनीता बाथम, सिद्धि यादव मौजूद रहे। नव वनिता की ओर से नमिता तिवारी, ग्रुप की अध्यक्ष सुमन तिवारी, रिंशू दीक्षित, पारोमिता विश्वास, नेहा पोरवाल, शालू, मीनू मिश्रा, ममता चौधरी, नीतू भदोरिया, प्रीति यादव, मणि, मनीषा शुक्ला, अंजू वर्मा, नीतू यादव, मंजू बिघोलिया इत्यादि मौजूद रहे। सुमन तिवारी ने अपने वक्तव्य में लोगों को एक साथ रहने अच्छी सोच रखने के बहुत सारे टिप्स भी बताएं सभी ने अपनी तरफ से कुछ ना कुछ एंटरटेनमेंट किया और कराया। नाचते, गाते हुए अबीर उड़ाते हुए स्वल्पाहार का आनंद भी उठाया।

# शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया: डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए, जिससे इस वित्तीय वर्ष का पैसा लेप्स न है। पति की मृत्योपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ दिया जाए और अपात्र लोगों को हटाया जाए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 4656 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 3184 आवेदन स्वीकृत किए गए एवं शेष 802 आवेदन अस्वीकृत किए गए साथ ही उन्होंने बताया कि इसमें 25000 हजार रुपए 6 बार में बालिका को दिए जाते है। उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत बताया कि 2025-2026 में स्वीकृत आवेदन की संख्या 718 है एवं फरवरी माह में नवीन 78 लाभार्थियों का अनुमोदन किया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि प्रवरकर्ता कार्यक्रम योजना योजनान्तर्गत 2025-2026 में कुल आवेदन की संख्या 268 है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तहत पात्रों के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विवाह अनुदान योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नवरात्र में अधिक से अधिक गरीब लड़कियों की शादी कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग शादी अनुदान और अनुसूचित जाति शादी अनुदान योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिया जाए साथ ही अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण योजना के तहत पीड़ितों को समय से सहायता प्रदान करने पर भी जोर दिया जाए। शिक्षा और कौशल विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना तथा युवाओं के लिए 'O' लेवल एवं CCC कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के सफल संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण को कोर्स के साथ कराया जाए, जिससे युवाओं को अधिक लाभ होगा एवं रोजगार मिलेगा। उक्त बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)प्रिया शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 13 मार्च को हमीरपुर में करेंगी जनसुनवाई

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता गुप्ता आगामी 13 मार्च 2026 को जनपद हमीरपुर के दौरे पर रहेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक विशेष जागरूकता शिविर और जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जाएगी और पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। जनपद की पीड़ित महिलाएं इस शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं।

## पत्नी के मायके जाने से दुखी युवक ने की खुदकुशी



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के ग्राम पत्योरा (मजरा शिवरामपुर डेरा) में एक 26 वर्षीय युवक अमित निषाद ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि अमित की पत्नी जूली नाराज होकर मायके चली गई थी, जिससे वह काफी क्षुब्ध था। सूना घर पाकर उसने बिजली की केबिल से पंखे के कुंडे में फंदा लगा लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और डेढ़ वर्ष की मासूम बेटी को छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सुमेरपुर में जहर उगल रहा पानी का अवैध कारोबार



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे में गर्मी की आहट के साथ ही दूषित पानी का काला कारोबार जोरों पर शुरू हो गया है। मानकों को ताक पर रखकर नई बस्ती और दुग्ध डेयरी मार्ग में बिना लाइसेंस के पानी के पाउच और बोतलें तैयार की जा रही हैं। ताज्जुब की बात यह है कि खाद्य विभाग इस जानलेवा धंधे से अनजान बना हुआ है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामसूरत यादव ने बताया कि एक कारखाने का नमूना फेल होने पर लाइसेंस निलंबित किया गया था, लेकिन वर्तमान में कितने लाइसेंस धारक सक्रिय हैं, इसकी पुख्ता जानकारी विभाग के पास भी नहीं है।

## गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान, एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे की इकलौती गैस एजेंसी में सिलेंडर खत्म होने से हाहाकार मच गया है। बुधवार को सुबह केवल 50 सिलेंडर ही बांटे जा सके, जिसके बाद स्टॉक खत्म होने की बात कहकर ग्राहकों को लौटा दिया गया। दूर-दराज से आए लोग दिनभर एजेंसी के चक्कर काटते रहे। एजेंसी संचालक मनोज कुमार पालीवाल ने बताया कि उन्नाव डिपो से गाड़ी न आने के कारण किल्लत हुई है। गुरुवार को आपूर्ति बहाल होने की संभावना है, जिसके बाद ओटीपी के माध्यम से वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## नगर में मंगलवार को गाजे-बाजे और झांकियों के साथ महावीरी झंडा शोभायात्रा निकाली गई




**अनपरा/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** नगर क्षेत्र मे बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में हिंदुत्व के महाकुंभ आयोजन कर महावीरी शोभायात्रा कि झांकियां निकाली गई। यात्रा की शुरुआत अनपरा बजार के परासी मे सोनारी गली स्थित दुर्गा मंदिर पर हनुमान की विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद फूलों से सजे रथ पर हनुमान जी को विराजमान कर अन्य क्षेत्र की झांकियों के साथ जयकारे लगाते हुए यात्रा की शुरुआत की गई। श्री महावीर शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने बताया कि हजारो से अधिक लोग श्री राम नाम का जयघोष करते हुए अबीर गुलाल उड़ाते और हनुमानजी के जयकारे लगाते राम रथ और झांकियों के साथ जयकारे लगाते हुए यात्रा की शुरुआत किया गया। यात्रा में अनपरा गांव, गरबंधा, रेणुसागर, कोलगेट, बजरंगनगर, डिबुलगंज, बैरपान, औड़ीमोड़ की झांकियां शामिल हुई। भक्ति गीतों पर नाचते झूमते लोग महावीर चौक पहुंचे, यहां से मुख्य झांकी परासी के डीह बाबा होते हुए महावीर चौक पहुंची, यहां अन्य झांकियों के साथ शोभायात्रा निकली, जो अनपरा कॉलोनी, काशीमोड़ होते हुए औड़ीमोड़ पहुंची। सीता रसोई से बने महाप्रसाद लोगो ने ग्रहण किया। इसके बाद अनपरा मोड़, रेणुसागर मोड़, कोलगेट, बिड़ला मार्केट, वैंकटमोड़ होते हुए अनपरा बाजार के राम-जानकी मंदिर में ध्वज की स्थापना की गई। इस दौरान गोपाल गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, राजीव शाह, रवि शाह, सुमित मित्तल, मनीष श्रीवास्तव, नवीन पांडेय, सहित हजारों लोग शोभायात्रा में शामिल रहे।

# विधायक भूपेश चौबे ने अखिलेश को ही दे डाला ऑफर

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में ब्राह्मण विधायकों को लेकर उठे सवालों पर रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र) के भाजपा विधायक भूपेश चौबे ने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 56 ब्राह्मण विधायक हैं और सभी भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं। अखिलेश यादव द्वारा 100 विधायकों को लेकर दिए गए ऑफर को उन्होंने बचकाना और लोकतंत्र का मजाक बताया। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण विधायकों को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, वह पूरी तरह राजनीतिक बयानबाजी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को उनकी योग्यता और क्षमता के आधार पर अवसर मिलता है। विधायक भूपेश ने कहा कि पार्टी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य समेत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेता मार्गदर्शन कर रहे हैं और सभी विधायक पार्टी के साथ मजबूती से जुड़े हुए हैं। ऑफर देकर मुख्यमंत्री नहीं बनते, लोकतंत्र में फैसला जनता करती है अखिलेश यादव के 100 विधायकों के ऑफर वाले बयान पर पलटवार करते हुए विधायक चौबे ने कहा कि अगर किसी को भाजपा में आना है तो समाजवादी पार्टी समेत



अखिलेश यादव भी भाजपा में आ सकते हैं और राष्ट्रवाद के साथ जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री जनता बनाती है, कोई नेता ऑफर देकर यह तय नहीं कर सकता कि कौन क्या बनेगा। इस तरह की बातें लोकतंत्र का मजाक उड़ाने जैसी हैं। ब्राह्मण विधायकों की बैठकों को लेकर उठे सवालों पर विधायक भूपेश ने कहा कि समाज में परिवार, रिश्तेदारी और सामाजिक संवाद की परंपरा रही है। छोटे-छोटे समूहों में बैठकर सकारात्मक चर्चा करना कोई गलत बात नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी जाति और वर्ग के लोग मिलकर काम करते हैं और प्रदेश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

# आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को साफ रखें : सीडीओ



- अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें : सान्या
- निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिला पोषण समिति के तहत जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं कुपोषित बच्चों के कार्यो सम्बन्धी समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। उन्होने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें और नियमित आंगनबाड़ी केन्दों का निरीक्षण करें और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यो की समीक्षा करें तथा कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में लक्ष्य के अनुरूप ब्लाक कोथावा, कछौना, हरपालपुर, टड़ियावा व भरखनी की सीडीपीओ द्वारा अति कुपोषित बच्चों भर्ती न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें और लक्ष्य के तहत अधिक से अधिक बच्चों को ग्रीन श्रेणी में लाये तथा निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सीडीपीओ आदि उपस्थित रहे।

## एसएमजीआई के बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष में सीता यादव टॉपर




**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने जनवरी 2026 की परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता को लगातार कायम रखा है। डायरेक्टर डॉ उमाशंकर शर्मा ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी पूर्व की तरह ही संस्थान का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है जो हमारे संस्थान के विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन की ही देन है। छठवें सेमेस्टर में छात्रा सीता यादव ने सर्वाधिक (85 प्रतिशत)अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया वहीं नैन्सी कुमारी ने(79.45 प्रतिशत) के साथ द्वितीय, सचिन कुमार ने (79.27 प्रतिशत) के साथ तृतीय, अलका यादव ने (77 प्रतिशत) के साथ चतुर्थ, ईशा ने (76 प्रतिशत)क` साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने निदेशक सहित समस्त स्टाफ और सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए संस्थान की उत्कृष्टता को इसी प्रकार बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कई थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी बदले

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** अशोक कुमार मीणा (पुलिस अधीक्षक हरदोई) ने जिले की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। एसपी ने कई थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस तबादला सूची जारी होते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कुछ अधिकारियों को हटाकर नई जगह तैनाती दी गई है, जबकि कई चौकी प्रभारियों को भी बदल दिया गया है। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार यह फेरबदल कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा कार्यप्रणाली में सुधार के उद्देश्य से किया गया है। एसपी द्वारा किए गए इस बड़े बदलाव के बाद सभी स्थानांतरित अधिकारियों को जल्द से जल्द अपनी नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई को जिले में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मौला अली को सजदे में शहीद किया गया : मौलाना हसन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इमाम हज़रत अली शेरे खुदा की शहादत पर घटिया अज़मत अली स्थित अली मेहदी के मकान पर राहत हुसैन रिज़वी की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया, मजलिस में मौला अली के ताबूत की जियारत बरामद हुई, ताबूत मातमी नोहाख्वानी के साथ इमाम बारगाह पहुंचा। मजलिस में तक़रीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मौला अली अल्लाह के घर काबे में पैदा हुए और अल्लाह के घर मस्जिद में सजदे में शहीद हुए। अल्लाह कुरान में फरमाता है कि जो इंसान किसी मोमिन को जानबूझकर कत्ल कर दे वह हमेशा के लिए जहन्नुम में रहेगा, ऐसे इंसान पर अल्लाह भी लानत करता है। रसूल अल्लाह सल्ल.ने फरमाया अल्लाह ने अली के चेहरे को देखना और अली के जिक्र को इबादत करार दिया है। मौला अली को मस्जिद कूफ़ा में नमाज के दौरान सजदे की हालत में शहीद कर दिया गया। मौला अली पर जहर से बुझी तलवार से हमला किया गया जिससे वह जख्मी हो गये और तीसरे दिन उनकी शहादत हो गई। मौला अली के ताबूत को अल्हाज़ क़मर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील, राहत हुसैन रिज़वी, शावेज़ नक़वी, समर अब्बास व मौला अब्बास के अलम को तालिब रिज़वी लेकर इमाम बारगाह पहुंचे जहां महिलाओं ने भी ताबूत की जियारत की। मजलिस में तसलीम रज़ा व ज़हूर नकबी ने नोहा ख्वानी की, अली मेहदी, ज़ैन लखनऊ, सलमान रिज़वी, अर्श अब्बास ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन, ज़ैन, राहिल सग़ीर, जीशान हैदर, दबीरुल हसन ने नोहा ख्वानी की।

# दिव्यांगजनों के हितार्थ एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** दिव्यांगजनों के हितार्थ एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन , संस्था जन कल्याण ग्रामोद्योग सेवा आश्रम, सोनभद्र द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से ग्राम बहुअरा में किया गया। जिसमें 65 दिव्यांग जन उपस्थि रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी जी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या देवी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित दिव्यांगजन रिंकू जी ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्या जी द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जैसे दिव्यांग पेंशन योजना, साइकिल/ट्राई साइकिल योजना, इलेक्ट्रिक साइकिल योजना आदि प्रमुख रूप से शामिल थीं।

प्रदर्शनी में उपस्थित दिव्यांगजनों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया गया। इसमें रिंकू जी द्वारा कपड़ा सिलाई कार्य, रमेश जी एवं सुरेंद्र जी द्वारा हाथ से बनाए गए कागज के थैले व शिवकुमार जी द्वारा निर्मित मोमबत्ती के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्या देवी जी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक सुझाव दिए तथा बताया कि किस प्रकार वे अपने कार्य को आगे बढ़ाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जुड़ने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा सभी उपस्थित दिव्यांगजनों को उपहार वितरित विद्या जी द्वारा किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता रोहित विश्वकर्मा, कुतुबुद्दीन, अनीश मौर्या, शालिनी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उपनिरीक्षक परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बुधवार को अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कुरारा क्षेत्र के श्री राजाराम इंटर कॉलेज कुरारा स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति का अवलोकन किया। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने केंद्र प्रभारी से संवाद कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली और निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से कराई जाए। इस दौरान थाना कुरारा के प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## गौवंशों की मौत पर प्रशासन सख्त, कुनेहटा ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** ब्लॉक क्षेत्र के कुनेहटा गांव की गौशाला में बदहाली और गौवंशों की मौत के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर मृत गौवंशों और सड़े हुए भूसे का वीडियो वायरल होने के बाद खंड विकास अधिकारी (BDO) राघवेंद्र सिंह ने जांच की, जिसमें भारी अनियमितताएं पाई गई। पंचायत सचिव की तहरीर पर ग्राम प्रधान रामराज के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के दौरान प्रधान पर अधिकारियों के साथ अभद्रता करने का भी आरोप है।

# नसीएल सीएसआर मद से ट्रॉमा सेंटर सिंगरौली को उपलब्ध कराएगी अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थिति अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) अपनी सीएसआर पहल के तहत सिंगरौली जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल की उपस्थिति में महाप्रबंधक (सीएसआर), एनसीएल तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिंगरौली के बीच जिला अस्पताल सह ट्रॉमा सेंटर, बैढन में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमयओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस सीएसआर परियोजना हेतु प्रस्ताव माननीय सांसद, सीधी-सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा अनुशंसित एवं जिला कलेक्टर, सिंगरौली द्वारा एनसीएल को प्रेषित था। इस परियोजना के अंतर्गत एनसीएल अपने सीएसआर मद से जिला अस्पताल सह ट्रॉमा सेंटर को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराएगी। इन उपकरणों में कार्डियोलॉजी, सर्जरी एवं ऑपरेशन थिएटर, ऑर्थोपेडिक्स, दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा तथा आपात एवं ट्रॉमा सेवाओं से संबंधित उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों के आने के बाद जिला अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर कलेक्टर सिंगरौली ने एनसीएल द्वारा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह पहल जिले के नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) राजीव रंजन ने कहा कि कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

